राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-245
लखनऊ, गुरुवार 25 अप्रैल, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





आरक्षण का धार्मिक आधार पर बंटवारा करना चाहती है कांग्रेस : सीएम योगी 03

मोदी को पीएम बनाएंगे तो भारत होगा तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था : नड्डा 12


## सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम-वीवीपैट पर चुनाव आयोग से मांगा स्पष्टीकरण

एजेंसी



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट (वीवीपैट) की पर्चियों की गिनती 100 फीसदी तक बढ़ाने की याचिका पर बुधवार को चुनाव आयोग से कई स्पष्टीकरण देने के साथ ही यह भी बताने को कहा कि क्या माइक्रो कंट्रोलर एक बार प्रोग्राम करने योग्य है?

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस वी एन भट्टी की पीठ ने चुनाव आयोग से दो बजे से पहले ईवीएम-वीवीपैट से संबंधित कई तथ्य स्पष्ट करने को कहा। पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी और अन्य वकील से कहा, हम बस कुछ स्पष्टीकरण चाहते थे। शीर्ष अदालत ने यह जानना चाहा कि क्या कंट्रोल यूनिट या वीवीपैट में माइक्रो कंट्रोलर स्थापित है।

## कक्षा तीन की किताब में हरिवंश राय बच्चन की जगह महादेवी वर्मा की कविता शामिल

### एनसीईआरटी की कक्षा तीन की किताब में संशोधन, बदलेगा नाम

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एनसीईआरटी की कक्षा तीन की नई किताब से हरिवंश राय बच्चन की रचना हटाकर महादेवी वर्मा की कविता शामिल कर ली गई है। कई कवियों और लेखकों की रचनाओं को स्थान दिया गया है। नई किताब का नाम परिवर्तित किया गया है।

अगले महीने तक यह किताबें बाजार में आ सकती हैं। कक्षा छह की नई किताब के लिए अभी और इंतजार करना होगा। कक्षा तीन की हिंदी की किताब का नाम रिमझिम था। अब इसका नाम वीणा कर दिया गया है। पहले की तुलना में चार अध्याय बढ़ाकर 16 की जगह 18 कर दिए गए हैं। हरिवंशराय बच्चन की कहानी बंदरबांट को हटाकर महादेवी वर्मा की कविता बया हमारी चिड़िया रानी को शामिल किया गया है।

इसके अलावा कन्हैया लाल मत्त की कविता रस्साकसी, सोहनलाल द्विवेदी की कविता भारत, द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी की कविता हम अनेक किंतु एक को शामिल किया गया है। पिछली किताब की अपेक्षा इसमें कविताएं ज्यादा हैं। इसके अलावा पेड़ों की अम्मा थिमक्का का भी एक अध्याय है। इससे बच्चों को पेड़ बचाने की प्रेरणा मिलेगी। बीरबल की खिचड़ी, प्रकृति पर्व फूलदेई, किसान की होशियारी और पंचतंत्र की कहानी बोलने वाली मांद को शामिल किया गया है। वहीं चंद्रयान, मित्र को पत्र और भारत अध्याय शामिल किए गए हैं। अंग्रेजी की किताब का नाम मैरीगोल्ड से बदलकर संतूर कर दिया गया है।

### आने वाले दिनों में अन्य किताबें भी होंगी जारी

नई किताब से पुराने अध्याय हटाकर उसे वेबसाइट पर जारी किया गया है। अब तक चार विषयों की किताबें वेबसाइट पर पीडीएफमें उपलब्ध हैं। आने वाले दिनों में अन्य किताबें भी जारी की जाएंगी।

### अब तक चार किताबें ही वेबसाइट पर मौजूद

सभी अध्याय बदले गए हैं। इसमें चंद्रयान पर भी एक अध्याय है। गणित की किताब का नाम मैथ मैजिक से बदलकर मैथ मेला कर दिया गया है। इस किताब में गणित को व्यावहारिक तरीके से सिखाने का प्रयास किया गया है। इसके अलावा उर्दू की किताब भी जारी की गई है। अब तक चार किताबें ही वेबसाइट पर है। कक्षा तीन में इनवायरमेंट साइंस ईवीएस पढ़ाई जाती है, लेकिन अब तक किताब नहीं आई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पाठ्यक्रम में बदलाव किया गया है।

## तुलसियानी ग्रुप के ठिकानों पर छापा

### रियल एस्टेट का कारोबार करने वाली कंपनी के 10 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

▸ बैंक व निवेशकों की करोड़ों रुपए की रकम हड़पने का आरोप

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** रियल एस्टेट का कारोबार करने वाली कंपनी तुलसियानी ग्रुप पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने लखनऊ, प्रयागराज, नोएडा, दिल्ली और गुरुग्राम समेत 10 ठिकानों पर छापेमारी की है। दरअसल, कंपनी पर बैंक और निवेशकों की करोड़ों रुपये की रकम हड़पने का आरोप है।

राजधानी लखनऊ में गौरी खान और तुलसियानी समूह के मुख्य प्रबंध निदेशक समेत दो अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आप को बता दें कि लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाने में गत 25 फरवरी 2023 को गौरी के साथ-साथ निर्माण कंपनी तुलसियानी कंस्ट्रक्शंस एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य प्रबंध निदेशक अनिल कुमार तुलसियानी और निदेशक महेश तुलसियानी के खिलाफ मुंबई के एक कारोबारी किरीट जसवंत ने मामला दर्ज कराया था। आरोप है कि गौरी खान तुलसियानी समूह की ब्रांड एंबेस्डर और उनके द्वारा किए गए विज्ञापन पर विश्वास करके कारोबारी किरीट जसवंत वर्ष 2015 में लखनऊ में तुलसियानी समूह की एक परियोजना में फ्लैट बुक कराया था जसवंत के मुताबिक, फ्लैट की बुकिंग के लिए उन्होंने तुलसियानी समूह को 85 लाख 46 हजार रुपये का भुगतान किया था, बावजूद इसके कंपनी ने उन्हें फ्लैट पर कब्जा नहीं दिया। पंजाब नेशनल बैंक की कर्ज की रकम हड़पने और तमाम निवेशकों द्वारा दर्ज कराए गये मुकदमों के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की। कंपनी ने कूटरचित दस्तावेज जमा कर पीएनबी से 4.63 करोड़ रुपये कर्ज लिया था। जब बैंक ने कर्ज वसूली के लिए पत्राचार किया तो बिल्डर ने कोई जवाब नहीं दिया। तत्पश्चात बैंक मैनेजर की शिकायत पर तुलसियानी ग्रुप के निदेशक महेश तुलसियानी, अनिल कुमार तुलसियानी और पूर्व निदेशकों पर हजरतगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

### भाजपा विधायक के लखनऊ कार्यालय पर ईडी का छापा

**बस्ती, समृद्धि न्यूज।** हरैया से भाजपा विधायक अजय सिंह के लखनऊ कार्यालय पर बुधवार ईडी ने छापेमारी की और उनके कार्यालय की तलाशी ली। हालांकि विधायक लखनऊ में मौजूद नहीं थे, वह अपनी भतीजी के तिलक समारोह में गए हुए हैं। भाजपा विधायक के यहां ईडी की रेड की सूचना पर राजनीतिक गलियारे में हलचल मच गई और लोग तरह-तरह की बातें करने लगे। ईडी की छापेमारी के बाद विधायक अजय सिंह ने एक वीडियो जारी किया है। जिसमें उन्होंने कहा कि सुबह जानकारी हुई कि हमारे लखनऊ के गोमतीनगर में जो हमारा कार्यालय है, वहां पर ईडी के लोग आए हुए हैं। आज बुधवार है और कार्यालय बंद है, बुधवार को कार्यालय बंद रहता है। कहा कि हमारी भतीजी का तिलक समारोह था, हम लोग तिलक चढ़ाने गए थे, ईडी के लोग मौजूद हैं ऐसी सूचना है। अजय सिंह ने कहा कि मैं किसी भी जांच के लिए तैयार हूं। तीन साल पहले मेरे यहां इनकम टैक्स का रेड पड़ा था फिर ईडी की रेड है। मैं दावे के साथ कहता हूं कि समय आने पर मैं दूध का दूध पानी का पानी कर दूंगा। कोई फर्क नहीं पड़ता, न तो मैं डरा हूं और न ही सहमा हूं। मैं भारतीय जनता पार्टी का एक सिपाही हूं और अपनी पार्टी को जिताने के लिए मैं सौ प्रतिशत दे रहा हूं। जहां तक रही जांच एजेंसियों की बात है, उनका अपना काम है। लोग कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फविपक्षियों पर छापे डालती है। मैं तो भाजपा का विधायक हूं मेरे यहां भी छापा पड़ा हुआ है। मैं जवाब दूंगा और पूरा जवाब दूंगा। मैं इनकम टैक्स की रेड भी झेल चुका हूं, ईडी का रेड है। ये तो सौभाग्य है हमारा कि भारतीय जनता पार्टी का विधायक होने के बाद भी हमारे यहां रेड पड़ रही है। विपक्षियों की जुबान इस पर बंद हो जाएगी।

## कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी : मोदी

एजेंसी

**अम्बिकापुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडिया ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। कांग्रेस का पंजा वो भी आपसे लूट लेगा। कांग्रेस का मंत्र है- कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की छाप दिखाई दे रही है। कांग्रेस की नजर आपके मकान, दुकान और खेत पर है जो आपकी संपत्ति पर नजर जमाए हुए है और लूटना चाहते हैं।

श्री पित्रोदा ने संपत्ति वितरण को लेकर एक विवादति बयान दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा था अमेरिका में विरासत कर (टैक्स) लगता है। अगर किसी के पास 10 करोड डॉलर की संपत्ति है और जब वह मर जाता है तो वह केवल 45 फीसदी अपने बच्चों को ट्रांसफर कर सकता है। कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ और जिंदगी के बाद भी रहेगी। प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ के जम्हूरी मैदान में महारैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सरगुजा लोकसभा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज, मंत्री रामविचार नेताम, लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक रेणुका सिंह समेत भाजपा के कई बड़े नेता शामिल हैं।

### मोदी ने अमीरों का कर्ज माफ कर गरीबों का हक मारा : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि उन्होंने उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज़ माफ कर गरीबों का हक़ छीना है। प्रधानमंत्री ने देश के करोड़ों गरीबों के हक़ को छीनने का काम किया है। उन्होंने कहा इतने पैसों से 16 करोड़ युवाओं को एक लाख रुपये साल की नौकरी मिल सकती थी और 16 करोड़ महिलाओं को एक लाख रुपये साल देकर उनके परिवारों की जिंदगी बदली जा सकती थी

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक भर्ती घोटाला : सुप्रीम कोर्ट पहुंची बंगाल सरकार

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची। राज्य सरकार ने कलकत्ता हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है जिसमें 2016 में की गई शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की लगभग 24 हजार नियुक्तियों को रद्द कर दिया था। राज्य सरकार ने याचिका में हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगाने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि हाई कोर्ट के इस फैसले से राज्य के स्कूलों में पढ़ाई ठप हो जाएगी। याचिका में राज्य सरकार ने आरोप लगाया है कि हाई कोर्ट ने रिकॉर्ड पर बिना किसी भी हलफनामे और मौखिक दलील के आधार पर ही मनमाने ढंग से नियुक्तियां रद्द कर दीं। दरअसल, हाई कोर्ट ने 22 अप्रैल को शिक्षकों की भर्ती को अवैध ठहराते हुए 24 हजार उम्मीदवारों की नियुक्ति को अवैध करार देते हुए भर्ती के बाद प्राप्त वेतन वापस करने का आदेश दिया था।

### ईडी ने प्रवीण राऊत की 73.62 करोड़ की संपत्ति जब्त की

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पत्राचाल घोटाला मामले में शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राऊत के करीबी प्रवीण राऊत की 73 करोड़ 62 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है। इनमें पालघर और बोईसर जिले की जमीन भी है। गोरेगांव में पत्राचाल घोटाले की छानबीन ईडी की टीम कर रही है। इसी मामले में ईडी ने राज्यसभा सदस्य संजय राऊत को भी गिरफ्तार किया था, जो इस समय जमानत पर हैं। इस घोटाले में प्रवीण राऊत के बैंक खाते से संजय राऊत के बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर हुए थे। हालांकि, संजय राऊत ने कहा था कि यह पैसे उन्होंने प्रवीण से बतौर कर्ज लिए थे। ईडी ने यह कार्रवाई पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत की है।

### अभियान : 18 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान लोन वार्राटू के तहत भैरमगढ़ एवं मलांगेर एरिया कमेटी के सक्रिय 18 नक्सलियों ने पुलिस उप महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ दंतेवाड़ा रेंज विकास कठेरिया, दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय के समक्ष डीआरजी कार्यालय दंतेवाड़ा में आज बुधवार को आत्मसमर्पण कर दिया है। आात्मसमर्पित सभी 18 नक्सली बंद के दौरान रोड़ खोदना, पेड़ काटना एवं नक्सली बैनर पोस्टर लगाने की घटनाओं में थे शामिल। आत्मसमर्पण कराने में डीआरजी दंतेवाड़ा, आरएफटी रेंज (आसूचना शाखा) दंतेवाड़ा एवं सीआरपीएफ 111वीं वाहिनी का विशेष योगदान रहा।

### नेपाल में उपचुनाव व भारत में मतदान के मद्देनजर सीमा सील

**काठमांडू।** नेपाल और भारत के सीमावर्ती शहरों के पुलिस और प्रशासन की संयुक्त बैठक में अन्तरराष्ट्रीय सीमा को सील किए जाने का निर्णय किया गया है। नेपाल के पूर्वी शहर इलाम में होने वाले उपचुनाव और भारत में होने वाले दूसरे चरण के मतदान को लेकर पूर्वी सीमा को बुधवार की मध्यरात्रि से सील किया जा रहा है। नेपाल के गृहसचिव एकनारायण अर्याल ने 26 अप्रैल को भारत में होने वाले दूसरे चरण के मतदान और 27 अप्रैल को इलाम में होने वाले संसदीय उपचुनाव के मद्देनजर सुरक्षा संवेदनशीलता को ध्यान में रख कर सीमा सील करने का निर्णय किया गया है।

## सीबीआई ने रिश्वत लेते हरियाणा पुलिस के इंस्पेक्टर सहित तीन को पकड़ा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने मंगलवार देर शाम हरियाणा पुलिस के एक इंस्पेक्टर व उसके दो साथी सहित तीन को पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। लिखित शिकायत के बाद सीबीआई द्वारा आरोपित को पकड़ने के लिए ट्रैप लगाया गया था। सीबीआई के मुताबिक आरोपित इंस्पेक्टर अपने साथियों के साथ रिश्वत की पहली किस्त के 5 लाख रुपये लेने के लिए मंगलवार देर शाम चंडीगढ़ सेक्टर 23 स्थित ज्वेलरी शॉप के पास पहुंचा था। वहां पैसे लेते ही सीबीआई ने हरपाल सिंह, जैनेन्द्र सिंह सहित इंसपेक्टर बलवंत सिंह को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीबीआई के मुताबिक हरियाणा पुलिस के इंस्पेक्टर बलवंत सिंह साइबर क्राइम में तैनात है।

## दुःखद : हाथरस से भाजपा सांसद राजवीर दिलेर की हार्ट अटैक से मौत

समृद्धि न्यूज



**हाथरस।** उत्तर प्रदेश की हाथरस लोकसभा सीट से बीजेपी सांसद राजवीर दिलेर की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। बीजेपी सासंद की अलीगढ़ के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई है। बीजेपी ने इस बार 2024 के चुनाव में सांसद राजवीर दिलेर का टिकट काटकर हाथरस सीट अनूप वाल्मिकी को प्रत्याशी बनाया है।

राजवीर दिलेर ने साल 2019 के लोकसभा चुनाव में हाथरस सीट से जीत दर्ज की थी। राजवीर दिलेर के पिता भी हाथरस सीट से सांसद रह चुके थे, राजवीर दिलेर की मौत के बाद लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। बीजेपी सांसद राजवीर सिंह दिलेर पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। अलीगढ़ के निजी अस्पताल में बीजेपी सांसद राजवीर दिलेर ने अंतिम सांस ली है। लोकसभा हाथरस से प्रबल दावेदारों में नाम होने के बावजूद भी टिकट कटने से वह चिंतित थे। बीजेपी सांसद राजवीर दिलेर की मौत के बाद परिजन अलीगढ़ आवास पर उनका शव लेकर पहुंचे। वहीं राजवीर दिलेर की मौत के बाद भारतीय जनता पार्टी में हड़कंप मच गया है। बीजेपी सांसद राजवीर दिलेर अलीगढ़ के थाना बन्ना देवी क्षेत्र के बृज विहार, एडीए कॉलोनी में रहते थे। राजवीर सिंह दिलेर के पिता किशन लाल दिलेर हाथरस सीट से लगातार चार बार सांसद रहे थे। उन्होंने साल 1996 से साल 2004 तक हाथरस सीट पर जीत दर्ज की थी। फिर साल 2019 में राजवीर दिलेर ने इस सीट पर बीजेपी को जीत दिलाई थी।

## जवानों ने नक्सली कैंप किया ध्वस्त, विस्फोटक व नक्सल सामग्री बरामद

**नारायणपुर।** जिले के थाना ओरछा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि अबूझमाड़ के बड़ेरायनार के जंगल और पहाड़ में नक्सलियों की मौजूदगी है। सूचना पर जिला पुलिस बल, डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और सीआरपीएफ की 16वीं बटालियन का संयुक्त बल सर्चिंग करते हुए मौके की ओर बढ़ रहे थे, इसी दौरान जवानों को आता देख नक्सलियों के संतरी ने इसकी सूचना दे दी, जिसके बाद सारे नक्सली कैंप छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने घेराबंदी कर नक्सलियों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें इसमें नाकामी हाथ लगी। जवानों ने नक्सलियों के कैंप को ध्वस्त कर मौके से बम बनाने का सामान, प्रेशर कुकर, बैटरी, बिजली वायर, नक्सली बैनर-पोस्टर और दैनिक उपयोग का सामान बरामद कर बुधवार को सुरक्षित वापस कैंप लौट आये हैं।

## लोकसभा चुनाव : दूसरे चरण का प्रचार थमा

▸ 13 राज्यों की 89 सीटों पर कल होगा मतदान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम चुनाव 2024 के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 89 लोकसभा सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा। दूसरे चरण में 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 1206 उम्मीदवारों के साथ-साथ बाहरी मणिपुर लोकसभा सीट से 4 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। मणिपुर बाहरी सीट पर पिछले चरण में भी मतदान हुआ था और इस चरण में सीट के एक हिस्से में मतदान होगा।

इस चरण में वायनाड से कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनके खिलाफ सीपीआई की एनी राजा चुनाव मैदान में है। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्र भी उनके खिलाफ लड़ रहे हैं। इसी चरण में केरल में तिरुअनंतपुरम सीट पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर के बीच मुकाबला है। इस चरण में मथुरा और मेरठ में भी मतदान होगा जिसमें फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी और रामायण में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल भाजपा के उम्मीदवार हैं। बिहार की पूर्णिया सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला नजर आ रहा है यहां भाजपा और राष्ट्रीय जनता दल के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पप्पू यादव मैदान में है। छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव सीट से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। केरल की अलपुझा सीट से कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, पश्चिम बंगाल की बालुरघाट सीट से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांता मजूमदार, उदयपुर सीट से ताराचंद मीना (कांग्रेस), भीलवाड़ा से कांग्रेस नेता सीपी जोशी, जालौर से पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे वैभव गहलोत, कोटा से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, जोधपुर राजस्थान से केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कर्नाटक की तुमकुर सीट से वी सोमन्ना, मांड्या से जेडीएस नेता एचडी कुमार स्वामी, बेंगलुरु दक्षिण से भाजपा के युवा नेता तेजस्वी सूर्या और अमरावती से हाल ही में भाजपा में शामिल हुई नवनीत राणा चुनाव मैदान में है।

### यूपी में आठ सीटों पर 91 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर बुधवार की शाम प्रचार का शोर थम गया। दूसरे चरण में आठ लोकसभा सीटों पर कुल 1,67,77,198 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण में कुल 91 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होना है। जिसमें गौतमबुद्ध नगर में 15 प्रत्याशी, मथुरा सीट में 15 प्रत्याशी, बुलंदशहर में 6 प्रत्याशी, अमरोहा में 12 प्रत्याशी, मेरठ में 8 प्रत्याशी, बागपत में 7 प्रत्याशी, गाजियाबाद में 14 प्रत्याशी और अलीगढ़ में 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इन लोकसभा सीटों पर 26 अप्रैल की सुबह से बूथों पर मतदान होना है।

## सिसोदिया को नहीं मिली राहत, कोर्ट ने सात मई तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले को लेकर मनीष सिसोदिया को राउज ऐवन्यू कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने सीबीआई मामले में सिसोदिया की न्यायिक हिरासत को 7 मई तक बढ़ा दिया है। इससे पहले कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और के कविता की न्यायिक हिरासत को सात मई तक बढ़ा दिया है।

बता दें कि, बुधवार को सीबीआई मामले में चार्ज फ्रेम करने पर अभी शुरू नहीं करने की मांग वाली याचिका पर राउज ऐवन्यू कोर्ट ने सीबीआई से जवाब मांगा और उसके बाद राउज ऐवन्यू कोर्ट ने सीबीआई मामले में मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है। सिसोदिया के वकील ने जज से कहा कि हमको कोर्ट रूम से वॉक आउट नहीं किया गया था, हम उसके लिए माफी भी मांगते है। इस पर जज ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हमने पहले बार इस तरह का बर्ताव देखा है।

### बीआरएस नेता के. कविता की याचिका पर फैसला छह को

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बीआरएस नेता के. कविता की नियमित जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने 6 मई को फैसला सुनाने का आदेश दिया। कोर्ट ने 8 अप्रैल को कविता की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि मनी लांड्रिंग के मामले में कविता को महिला होने की वजह से जमानत देने में किसी तरह की रियायत नहीं दी जा सकती है।

लोकसभा चुनाव

### भाजपा ने प्रत्याशी सुब्रत पाठक को जिताने के लिए बनानी शुरू की रणनीति

## आज कन्नौज से नामांकन करेंगे अखिलेश यादव

### कार्यकर्ताओं की मांग पर सपा अध्यक्ष ने बदला प्रत्याशी

समृद्धि न्यूज

**कन्नौज।** कन्नौज की सियासी सरगर्मियों के बीच सपा ने कन्नौज से प्रत्याशी बदल दिया है। अब पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव स्वयं यहां से चुनाव लड़ेंगे। दो दिन पहले सोमवार को सपा प्रत्याशी के रूप में तेज प्रताप का नाम घोषित करने के बाद स्थानीय नेताओं में में निराशा और नाराजगी दिखने लगी थी। कार्यकर्ताओं की मांग पर दोपहर में संकेत देने के बाद शाम को अखिलेश यादव का नाम घोषित कर दिया गया है। सपा के गढ़ की महत्वपूर्ण लोकसभा सीट कन्नौज से लगातार अखिलेश यादव के चुनाव लड़ने की स्थानीय सपा नेता मांग कर रहे थे।

लंबे समय से यहां के नेताओं और कार्यकर्ताओं को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लड़ने का आश्वासन भी देते आ रहे थे। इस बीच सोमवार को सपा ने कन्नौज से अखिलेश के यादव के भतीजे और मैनपुरी के पूर्व सांसद तेज प्रताप सिंह को टिकट दे दिया था। इसके बाद से भाजपा ने जहां राहत की सांस ली थी, वहीं सपा नेताओं में नाराजगी और निराशा नजर आने लगी थी। वह लगातार सपा मुखिया से संपर्क करके उनसे लड़ने की मांग पर ही अड़े हुए थे। इसे लेकर जब इटावा में जनसभा करने आए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से पत्रकारों ने सवाल पूछा था तो उन्होंने ऐतिहासिक जीत होने का दावा करते हुए खुद लड़ने का संकेत दिया था। सपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने भी अखिलेश के कन्नौज से चुनाव लड़ने की पुष्टि कर दी थी। इसके बाद देर शाम पौने सात बजे समाजवादी पार्टी के एक्स पर बने ऑफीशियल एकाउंट से भी अखिलेश यादव के लड़ने और 12 बजे नामांकन करने का ऐलान कर दिया गया था। इसे अब कन्नौज की सियासत गर्मा गई है। भाजपा ने अपने प्रत्याशी सुब्रत पाठक को जिताने के लिए भी रणनीति बनाना शुरू कर दी है।

### लालू प्रसाद यादव के दामाद हैं तेज प्रताप सिंह यादव

तेज प्रताप सिंह यादव, जो दिवंगत मुलायम सिंह यादव के पोते और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता लालू प्रसाद यादव के दामाद हैं, ने 2014-19 तक मैनपुरी लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया। 2014 के चुनाव में स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने आज़मगढ़ और मैनपुरी से चुनाव लड़ा और दोनों में जीत हासिल की। बाद में उन्होंने मैनपुरी सीट छोड़ दी जहां समाजवादी पार्टी ने तेज प्रताप सिंह यादव को मैदान में उतारा। तेज प्रताप सिंह यादव को 2019 में टिकट नहीं दिया गया और नेता जी ने मैनपुरी सीट से चुनाव लड़ा। मुलायम सिंह यादव के निधन के कारण जरूरी हुए मैनपुरी लोकसभा सीट पर उपचुनाव में डिंपल यादव ने जीत हासिल की।



# प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों ने जब्त की भारी मात्रा में अवैध शराब, नकदी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है।

आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 23 अप्रैल तक 32056.68 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी जब्त की गई। इसमें 3186.42 लाख रुपये नकद, 4335.11 लाख की शराब, 21217.18 लाख की ड्रग, 2161.59 लाख की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.38 लाख की अन्य सामग्री जब्त की। आबकारी, आयकर पुलिस, नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 23 अप्रैल को 119.51 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 23.83 लाख रुपये नकद धनराशि, 56.02 लाख की 21204.08 लीटर शराब, 39.66 लाख की 30024.50 ग्राम ड्रग जब्त की गयी। 23 अप्रैल को प्रमुख जब्ती में बाराबंकी की दरियाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 13.50 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 270 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान नहीं सहेंगे हम

**लखनऊ।** संविधान संरक्षण मंच के राष्ट्रीय संयोजक गौतम राणे सागर ने प्रेस वार्ता में अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुवे कहा कि हम बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति पूरी तरह से श्रद्धा वान है। लेकिन अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि बसपा का प्रत्याशी सरवर मलिक कहता है कि मैं किसी अंबेडकर फम्बेडकर को नहीं जानता टिकट मुझे अंबेडकर के नाम पर नहीं मिलता है मैं बसपा का टिकट खरीदता हूँ मेरी हैसियत यह है कि मैं बसपा का टिकट ही नहीं पूरी पार्टी ही खरीद सकता हूँ हम ने सभी दलितों को खरीद लिया है। उन्हें हमें वोट देना ही पड़ेगा।

# सुविधा : गर्मी में रेल यात्रियों को राहत देंगी समर स्पेशल ट्रेनें

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** गर्मी और ट्रेनों में लंबी वेटिंग को देखते हुये रेलवे प्रशासन ने रेल यात्रियों की बेहतर सुविधा के लिए समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन करने का निर्णय लिया है।

समर स्पेशल ट्रेनें दिल्ली, कानपुर, प्रयागराज, भागलपुर, पटना के लिए चलाई जायेंगी। ट्रेन संख्या 04078 आनंद विहार टर्मिनल से 29 अप्रैल 24 जून तक हर सोमवार को रात 1155 बजे चलेगी जो सुबह 9.55 बजे प्रयागराज जंक्शन पहुंचेगी और शाम को 4.45 बजे पटना पहुंचेगी। 04079 पटना से 30 अप्रैल से 25 जून तक हर मंगलवार को रात आठ बजे चलेगी जो रात 20.5 बजे प्रयागराज जंक्शन और बुधवार दोपहर दो बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। पटना से ट्रेन संख्या 04035 बुधवार रात 930 बजे चलेगी जो गुरुवार 25 अप्रैल को सुबह 5.30 बजे प्रयागराज जंक्शन और दोपहर तीन बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। 04109 सूबेदारगंज से 25 अप्रैल से 27 जून तक हर गुरुवार को रात 930 बजे चलेगी जो शुक्रवार सुबह आठ बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। 04110 आनंद विहार टर्मिनल 26 अप्रैल से 28 जून तक हर शुक्रवार को सुबह 11.30 बजे चलेगी, रात 10 बजे सूबेदारगंज स्टेशन पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 09016 भागलपुर से 24 अप्रैल गुरुवार को सुबह आठ बजे चलेगी जो रात 12.20 बजे प्रयागराज और शुक्रवार दोपहर 1.50 बजे पालधी पहुंचेगी। 09062 भागलपुर से 25 अप्रैल को दोपहर 12 बजे चलेगी और रात 215 बजे प्रयागराज और सुबह 8.20 बजे झांसी स्टेशन पहुंचेगी।

09128 आसनसोल से 26 अप्रैल को सुबह आठ बजे चलकर रात 11.10 बजे प्रयागराज और सुबह 8.10 बजे ललितपुर पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 04112 कानपुर सेंट्रल से 24 अप्रैल से 26 जून तक हर बुधवार रात आठ बजे चलेगी जो 10.30 बजे प्रयागराज और गुरुवार सुबह आठ बजे पटना पहुंचेगी। 04111 पटना से 25 अप्रैल से 27 जून तक हर गुरुवार सुबह 10.15 बजे चलेगी जो शाम 5.30 बजे प्रयागराज और रात 1015 बजे कानपुर सेंट्रल पहुंचेगी। 03109 सियालदह से 30 अप्रैल से 18 जून तक हर मंगलवार को सुबह 7.30 बजे चलेगी जो रात 11 बजे प्रयागराज और बुधवार रात आठ बजे बड़ौदा पहुंचेगी। 03110 बड़ौदा से 25 अप्रैल से 27 जून तक हर गुरुवार शाम 4.45 बजे चलेगी जो शुक्रवार सुबह 10.50 बजे प्रयागराज और रात 1.30 बजे सियालदह पहुंचेगी

## खबरें एक नजर में

### अभी और बढ़ेगी गर्मी, कई जगह लू चलने की सम्भावना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। मौसम वैज्ञानिको के अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी का सितम और बढ़ेगा। प्रदेश के कई हिस्सों में तीन से चार दिनों में तेज लू चलने की सम्भावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले तीन-चार दिनों तक 36 से अधिक जिलों में दिन व रात के तापमान में तीन-चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होगी। राज्य के अधिकतर हिस्सों में लू की भी चेतावनी जारी की गई है। अभी बारिश के कोई आसार नहीं दिख रहे हैं। लेकिन कई जगह पर आंधी के साथ हल्की बौछार पड़ने की सम्भावना है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चार-पांच दिनों से यूपी के ज्यादातर इलाकों में दिन का पारा 40 से अधिक बना हुआ है। रात के तापमान में भी बढ़ोत्तरी देखी गई है।

### भारतीय सभ्यता पार्टी ने कांग्रेस को दिया समर्थन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय सभ्यता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कुमार लोधी ने लोकसभा चुनाव में प्रदेश कांग्रेस को समर्थन दिया है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने इसकी घोषणा की। अजय कुमार लोधी के साथ पार्टी के संयोजक वीरेंद्र कुमार धानुक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मेंद्र राय, डॉ आरडी चंद्रा, अखिलेश कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय महासचिव राधेश्याम वर्मा, राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश अध्यक्ष नसीम अली, विमल शर्मा, विवेक पाल सहित कई पार्टी के पदाधिकारियों ने कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन दिया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ आरपी त्रिपाठी, शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी आदि मौजूद रहे।

### बीमारी से परेशान बुजुर्ग ने खुद को मारी गोली, जांच

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के ठाकुरगंज इलाके में एक बुजुर्ग ने सुसाइड कर लिया। बताया जा रहा है कि उसने अपने लाइसेंसी रिवाल्वर से कनपटी पर गोली मार ली। फिलहाल पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है,जबकि घटना की तफ्तीश की जा रही है। ठाकुरगंज इलाके के बाबा हजारा बाग मोहल्ले में बुधवार को ये घटना घटी। यहां रहने वाले 70 वर्षीय अब्दुल खालिक अक्सर बीमार रहते थे। इसके चलते वो डिप्रेशन का शिकार बन गए थे। माना जा रहा है कि इसको लेकर ही उन्होंने खुद को गोली मारकर अपनी जान दे दी। मौके पर पुलिस के आलाधिकारी और एसएचओ ठाकुरगंज मौजूद हैं और जांच पड़ताल की जा रही है।

### अलीगंज आईटीआई में लगी आग, कई गाड़ियां जलकर राख

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। बुधवार को राजधानी के अलीगंज आईटीआई परिसर में भीषण आग लग गई। अचानक उठी लपटों ने वहां खड़ी कई गाड़ियों को अपने चपेट में ले लिया। कई बाइक के पेट्रोल टैंक तक पहुँची आग में सिलसिलेवार कई गाड़ियां जलकर खाक हो गईं। आग लगने के दौरान सड़क पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने बड़ी मुश्किल से कुछ गाड़ियों को कतार से हटाकर उन्हें जलने से बचाया। पास ही में स्थित अलीगंज हनुमान मंदिर से भीषण लपटें उठती देखी जा सकती थीं। मौके पर पहुंचे फायर फाइटर्स ने आग पर काबू पाया। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### कांटे की टक्कर के बाद आरव व निखार संयुक्त विजेता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आरव गर्ग और निखार सक्सेना ने अवध आईटीआई ओपन शतरंज टूर्नामेंट में कांटे की टक्कर के बाद सर्वाधिक स्कोर के साथ संयुक्त रुप से विजेता ट्रॉफी जीत ली। चेस क्लब ब्लैक एंड व्हाइट (सीसीबीडब्ल्यू-लखनऊ) द्वारा शहर के एक निजी होटल में आयोजित इस टूर्नामेंट में आरव व निखार ने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ शानदार जीत के साथ एक-दूसरे के खिलाफड्रा खेला। सातवें व अंतिम राउंड के बाद दोनों ने ही 6.5-6.5 अंक हासिल किए। इसके बाद दोनों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। महिला वर्ग में वर्तिका और वेटरन में मोहम्मद इरफान पहले स्थान पर रहे। वेटरन (60 वर्ष से अधिक) वर्ग में मोहम्मद इरफान ने 5.5 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया और आरपी गुप्ता 4 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। राजेंद्र महाना और अजीत कुमार श्रीवास्तव को 3-3 अंकों के साथ संयुक्त तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। महिला वर्ग में वर्तिका आर वर्मा 5 अंकों के साथ पहले स्थान पर रही। उनसे एक अंक से पिछड़ी तूलिका कुमारी गौतम 4 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। दीपांजलि मेहरोत्रा और आंचल मौर्य ने 3.5 अंकों के साथ संयुक्त तीसरा स्थान साझा किया। टीम श्रेणी में लखनऊ शतरंज सेंटर ने कोच लखनऊ के वरिष्ठ खिलाड़ी सईद अहमद की अगुवाई में 28 अंकों के मुकाबले में सर्वाधिक 19.5 अंकों के साथ ट्रॉफी अपने नाम की।

### वंदे भारत ट्रेनों में मिलेगा आधा लीटर पानी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गर्मी के दौरान वंदे भारत ट्रेन से सफ़र करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी व राहत वाली खबर है। रेलवे प्रशासन ने भीषण गर्मी और यात्रियों को पानी की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 500 मिली लीटर पानी देने का निर्णय लिया है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि रेलवे सभी वंदे भारत ट्रेनों में प्रत्येक यात्री को आधी लीटर की एक रेल नीर पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर बोतल सीट पर उपलब्ध करायेगा। 500 मिलीलीटर की एक और रेल नीर पीडीडब्ल्यू बोतल यात्रियों की मांग पर बिना कोई अतिरिक्त शुल्क लिए दी जाएगी।

### बसपा ने तीन प्रत्याशियों का किया ऐलान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बसपा ने लोकसभा प्रत्याशियों की 7वीं लिस्ट जारी कर दी। इसमें 3 नाम हैं। सलेमपुर से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को टिकट दिया है। भदोही से इरफान अहमद और हमीरपुर से निर्दोष कुमार दीक्षित को उतारा है। बसपा अब तक 57 प्रत्याशियों का ऐलान कर चुकी है। शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा में उपचुनाव के लिए बसपा ने सर्वेश चंद्र मिश्रा (धांधू) को टिकट दिया है।

# आरक्षण का धार्मिक आधार पर बंटवारा करना चाहती है कांग्रेस : सीएम योगी

▸ प्रधानमंत्री मोदी ने हर मोर्चे पर सर्वांगीण विकास के किए कार्य

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस व उसके सहयोगी दल दलितों और पिछड़ों को मिलने वाले आरक्षण को कमकर उनका हक मुसलमानों को देना चाहते है। वो आरक्षण का धार्मिक आधार पर बंटवारा करना चाहते हैं। सीएम योगी ने आज बुधवार को लखनऊ में मीडिया से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस का एक ही मकसद है कि किसी भी तरह से सत्ता में आएं और अपना तालिबानी एजेंडा लागू करें।

कांग्रेस ने पहले भी आरक्षण को छीनने का प्रयास किया था लेकिन व्यापक विरोध होने के कारण उन्हें सफलता नहीं मिली। रंगनाथ मिश्र कमेटी और सच्चर कमेटी के जरिए एससी-एसटी का आरक्षण मुस्लिमों को देना चाहती थी। कांग्रेस जातीय जनगणना इसीलिए करा रही है जिससे समाज का ताना बाना छिन्न भिन्न कर वर्ग विशेष को लाभ दे सके। कांग्रेस देश की कीमत पर सत्ता चाहती है। कांग्रेस तालिबानी कानून लागू करना चाहती है। कांग्रेस का मकसद देश में तीन तलाक और शरिया कानून लागू करना है। यह आधी आबादी का अपमान है। यह उनके खतरनाक मंसूबे को दिखाता है। कांग्रेस अपने उस पुराने डीएनए को दिखा रही है जिससे 1947 में देश का बंटवारा हुआ था। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा के समाज के हर तबके का वोट मिल रहा है। दूसरे चरण में 89 सीटों पर मतदान है। 18 चुनावों में पहली बार देश परिणाम को लेकर आश्वस्त है क्योंकि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर मोर्चे पर सर्वांगीण विकास के कार्य किए हैं जिसका लाभ सभी को मिला है। वैश्विक मंच से लेकर आम जनता की अपेक्षाओं तक पर काम हुआ है। बिना भेदभाव के पहली बार सभी को योजनाओं का लाभ मिला है।

देश के 80 करोड़ लोगों को राशन और 50 करोड़ लोगों को हेल्थ बीमा पहली बार मिला है। पहले चरण के चुनाव के पहले संकल्प पत्र जनता के सामने रखा था। कांग्रेस और सहयोगियों के घोषणा पत्र में खतरनाक इरादे नजर आते हैं। कांग्रेस का गरीबी हटाओ का नारा नारा ही रह गया। उनकी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। उन्होंने जनता से समझदारी से वोट का इस्तेमाल करने की बात कहते हुए भाजपा को वोट देने की अपील की है।

### जनता ने लिया सपा-बसपा मुक्त उत्तर प्रदेश का संकल्प



**लखनऊ/एटा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को अमांपुर कासगंज में एटा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित किया। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2014 में नरेन्द्र मोदी की हवा थी। 2019 में आंधी थी और अब 2024 में तूफान चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रोकने के लिए भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हुए लोगों ने गठबंधन बनाया है। जनता इनके गठबंधन की गांठ खोलने वाली है। देश की जनता ने सपा-बसपा मुक्त उत्तर प्रदेश, कांग्रेस मुक्त भारत देश का संकल्प लिया है। समाजवादी पार्टी को समाप्तवादी पार्टी बनाना है। उन्होंने नारा लगाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के अन्दर नरेन्द्र मोदी का बज रहा है डंका और सपा, बसपा, कांग्रेस की जल रही लंका। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस के लोगों का भ्रष्टाचारी व आपराधिक इतिहास किसी से छुपा नहीं है। सपा की गुंडागर्दी, अपराध, दंगाई और माफियाराज से मुक्ति के लिए जनता ने भाजपा को 2017 में आशीर्वाद दिया था। इससे डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश को माफिया, गुण्डों व भ्रष्टाचारियों से मुक्त करके भयमुक्त वातावरण दिया। उन्होंने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा-कांग्रेस सभी एक हो गए थे।

# चार जून को 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार : ब्रजेश पाठक

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/लखीमपुर खीरी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखीमपुर खीरी में धौरहरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रेखा वर्मा के समर्थन में आयोजित नामांकन सभा को सम्बोधित कर भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक विजय दिलाने की जनता से अपील की। श्री पाठक ने कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस की पिछली सरकारें आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई थी। परिवारवाद चरम पर था।

आज देश में विकास का पहिया तेजी से घुम रहा है। देश हर मोर्चे पर तरक्की कर रहा है। यह मोदी की गारंटी है कि हम विकसित भारत के सपने को साकार होते हुए देख रहे है। उन्होंने जयघोष किया 4 जून को 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र जनविरोधी है, कांग्रेस के घोषणा पत्र में हर नागरिक की संपत्ति की जांच कराने की भी बात है। कांग्रेस की मंशा जनता की संपत्ति को जब्त करके उन लोगों को देने की है, जो देश में घुसपैठिये हैं व देश में दंगा फैलाने का काम करते है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा हैं कि यादि इंडी गठबंधन की सरकार बनती है तो भारत मे अमेरिका जैसा कानून लाया जाएगा। जिसमे देश की जनता की पैतृक संपत्ति को जब्त किया जाएगा और जनता से जब्त की गई संपत्ति देश की संस्कृति पर हमला करने वालों में बांट दी जाएगी। श्री पाठक ने कहा कि आपने भाजपा को आशीर्वाद दिया तो उत्तर प्रदेश दंगाइयों, माफिआओं, अपराधियों तथा गुण्डों से मुक्त हुआ। देश आर्थिक शक्ति के रूप में विकसित हुआ। गरीब, किसान, युवा तथा महिला की खुशहाली के लिए मोदी व योगी सरकार की योजनाएं समर्पित रही। भारत की धमक को विश्व ने स्वीकार किया। मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। विपक्षी दल गरीबों को मिलने वाले आवास, राशन, सहित किसान, नौजवानों के लिए समर्पित योजनाओं में धांधली करके गरीबों का हक खाने का सपना देख रहा है।

# मेनहोल दुर्घटना में अधिशासी अभियंता सहित तीन लोगों पर हुई कार्रवाई

समृद्धि न्यूज

▸ एस.के. कस्ट्रक्शन ब्लैक लिस्टेड

**लखनऊ।** जानकीपुरम विस्तार में सीवर मैनहोल का कवर खुला होने से एक बच्चे की गिरने के कारण हुई दुखद दुर्घटना का नगर आयुक्त लखनऊ द्वारा अत्यंत कड़ा संज्ञान लिया गया। इस मामले अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता एवं सुपरवाइजर पर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। यही नही उक्त क्षेत्र में काम देख रही एस.के. कस्ट्रेक्शन ब्लेक लिस्टेड कर दिया गया है। नगर आयुक्त के सख्त फरमान के बाद आज शहर के 72 सीवर मैनहोल को ठीक और बदला गया है।

नगर आयुक्त द्वारा समस्त विभागों को अत्यंत कड़े दिशा निर्देश जारी करते हुए सुपरवाइजर से लेकर महाप्रबंधक की जिम्मेदारी सुनिश्चित की है। जलकल विभाग को प्रत्येक दिन जोनवार निरीक्षण कर समस्त सीवर लाइन के टूटे या खुले मैनहोल को उसी दिन कवर करने के निर्देश दिए तथा तीन दिन में इस आशय का प्रमाण पत्र मांगा गया है कि किसी भी जोन में कोई भी मैनहोल वर्तमान स्थिति में बिना कवर या टूटा फूटा नहीं है, व नियमित रूप से सुपरवाइजर व अवर अभियंता एक रजिस्टर बनवाकर दर्ज करेंगे व यथोचित कार्रवाई करेंगे। भविष्य की किसी भी घटना के लिए कार्यदाई संस्था व विभाग के सुपरवाइजर अवर अभियंता व नगर अभियंता महाप्रबंधक की जिम्मेदारी होगी। समस्त अभियंत्रण विभाग स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी समस्त सड़कों गलियों का निरीक्षण कर प्रत्येक दिन रिपोर्ट देंगे व रजिस्टर में दर्ज करेंगे, यदि कहीं खुला मैनहोल पाया जाता है तो तत्काल जलकल विभाग उस पर कार्रवाई करेगा। मार्ग प्रकाश विभाग द्वारा अगले 7 दिनों में समस्त क्षेत्र के मार्ग प्रकाश के खम्बो पर खुले जंक्शन बॉक्स को कवर करने व टेपिंग करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं व प्रतिदिन उनके द्वारा जंक्शन बॉक्स सही करने व अर्थिंग सही करने की भी समीक्षा की जाएगी। मार्ग प्रकाश के खम्बो पर विद्युत करंट के कारण किसी भी दुर्घटना के लिए कार्यदाई संस्था व विभाग के अवर अभियंता, सहायक अभियंता व मुख्य अभियंता भी जिम्मेदार ठहराए जाएंगे।

## सहायक नगर आयुक्त व सहायक लेखाधिकारी की जिम्मेदारी बढ़ी

**लखनऊ।** कर्मचारी भविष्य निधि को लेकर एक बार फिर निगम प्रशासन ने सहायक लेखाधिकारी को जिम्मेदारी सौपी है। नगर निगम कार्मिकों की भविष्य निधि समय से जमाकरने, पासबुकों और इनके रखरखाव के साथ इनकी जांच की जिम्मेदारी सहायक लेखाधिकारी अयोध्या प्रसाद तिवारी को वर्तमान दायित्वों के साथ अतिरिक्त दायित्व दिया गया है। सहायक लेखाधिकारी को जारी आदेश में भविष्य निधि पासबुक से सम्बंधित बैको को भेजी जाने वाली धनराशि का मिलान, विभाग में उपलब्ध अभिलेखों की जॉच, भविष्य निधि से जुड़ी पत्रावलियों की जांच, फण्ड विभगा के दायित्वों का निवर्हन करते हुए उक्त पत्रावलियो को मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यम से अपर नगर आयुक्त पंकज कुमार श्रीवास्तव तक भेजे जाने की जिम्मेदारी दी गई है। सहायक नगर आयुक्त शिल्पी कुमार को शहर की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने लिए चौराहों के चिन्हिकरण, वेण्डिग जोन और नो वेण्डिग जोन, पार्किग, यातायात को बाधित करने वाले रिक्शा, आटो और ईरिक्शा पर कार्रवई आदि के कार्यो के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# कानून व्यवस्था के साथ समझौता नहीं : रिणवा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

सघन जांच के लिए 480 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1836 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 23 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4553 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 25,32,068 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 20,61,166 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा 7650 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 7753 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 411 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3153 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 148 केन्द्रों को सीज किया गया। 23 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 249 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 36978 लोगों को पाबन्द किया गया। 105 बिना लाइसेंसी शस्त्र व 171 कारतूस बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 96 केन्द्रों पर रेड डाली गयी।

### हटाए गए पोस्टर, बैनर-प्रचार सामग्री, 94 एफआईआर

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन में सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,17,51,475 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से 71,57,735 तथा निजी स्थानों से 45,93,740 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग 7,81,420, पोस्टर 33,19,983, बैनर 20,19,431 एवं अन्य 10,36,901 मामलों में कार्यवाही की गयी। निजी स्थानों में वालराइटिंग 6,19,589, पोस्टर 21,09,873 बैनर 11,32,312 एवं अन्य 7,31,966 मामलों में कार्यवाही की गयी।

### मतदान कल, आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के द्वितीय चरण की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान को सकुशल, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने के लिए 25 अप्रैल को मतदेय स्थलों पोलिंग बूथों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। द्वितीय चरण के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को समय से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के निर्देश दिये गये हैं। द्वितीय चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से सम्बन्धित सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केन्द्रों एवं मतदेय स्थलों पोलिंग बूथ पर मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैय्या कराने के निर्देश दिये गये है। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पहले सभी मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक से बचने और स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल किट उपलब्ध करायी जायेगी, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उपयोग की जा सके।



मुख्यमंत्री ने लखनऊ में बीजेपी के मीडिया वॉर रूम का किया उद्घाटन।

निर्देश | प्रदेश में गर्मी और लू से बचाव के लिए उप्र राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण ने जारी किए निर्देश

# स्टेट हीटवेव प्लान के तहत लू से बचाव की गाइडलाइन जारी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** जलवायु परिवर्तन के कारण पूरे देश में गर्मी की तीव्रता बढ़ी है। प्रदेश में गर्मी दस्तक दे चुकी है। मार्च के अन्तिम सप्ताह में पिछले वर्ष के सापेक्ष 02 से 03 डिग्री तापमान अधिक रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार माह अप्रैल से जून के मध्य सामान्य से अधिक तापमान रहने की आशंका है। देश में सात चरणों में हो रहे आम चुनाव के दौरान गर्मी का प्रकोप रहेगा। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ले0 जनरल योगेन्द्र डिमरी, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम( (से.नि.) ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा माह मार्च में ही उप्र स्टेट हीटवेव एक्शन प्लान-2024 तैयार कर समस्त विभागों एवं जनपदों को उपलब्ध करा दिया गया है, जिसमें लू से बचाव हेतु विभागवार जिम्मेदारियाँ निर्धारित की गई हैं।

प्रदेश के समस्त जनपदों के द्वारा भी जिला हीटवेव एक्शन प्लान तैयार कर लिया गया है और जनपद स्तर पर हीटवेव से बचाव हेतु निरंतर एडवाइजरी जारी की जा रही है। उन्होने बताया कि प्राधिकरण द्वारा हीटवेव से बचाव हेतु विभिन्न प्रकार के पोस्टर मण्डल, तहसील, ब्लाक एवं ग्राम पंचायत स्तर तक वितरण हेतु उपलब्ध कराये गये है।

उपाध्यक्ष डिमरी ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि कड़ी धूप में, विशेषकर 12 बजे से 03 बजे तक, अनावश्यक बाहर न निकलें, प्यास न लगने पर भी बार-बार पानी पियें, हल्के रंग के ढीले सूती कपडे पहनें, धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा का इस्तेमाल करें। यात्रा के दौरान साथ में पानी अवश्य रखें।

### बढ़ते तापमान व लू के दृष्टिगत मतदाताओं से अपील

वृद्ध, शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्ति एवं गर्भवती महिलाएँ प्रात: काल में मतदान करें। हल्के रंग और पूरे आस्तीन के सूती वस्त्र धारण करें। तरल पेय पदार्थो का सेवन करते रहें। मतदान स्थल तक जाने हेतु छाते और सर ढ़कने के लिये गमछा,दुपट्टा,टोपी का प्रयोग करें । छोटे बच्चों को मतदान स्थल पर न लेकर जायें। कतार में खड़े वृद्ध,शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्तियों एवं गर्भवती महिलाओं को मतदान करने में प्राथमिकता दें। मतदान स्थल पर यदि कोई लू व डायरिया आदि से प्रभावित होता है तो तत्काल बीएलओ से ओआरएस प्राप्त कर प्रभावित व्यक्ति को दें। यदि आवश्यक हो तो 108 नम्बर पर सम्पर्क कर एम्बुलेंस की सहायता प्राप्त करें। प्रत्येक मतदाता, राष्ट्र निर्माता-स्वयं का और अन्य का ध्यान रखें। लू से जन-हानि भी हो सकती है।

### मौत की रोकथाम के लिए प्रदेशवासी सावधानियों बरतें

कड़ी धूप में बाहर न निकलें, खासकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक के बीच में। जितनी बार हो सके पानी पियें, प्यास न लगे तो भी पानी पियें। हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें। यात्रा करते समय अपने साथ पानी रखें। अगर आपका काम बाहर का है तो, टोपी, गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें और गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर और गर्दन पर रखें। अगर आपकी तबियत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें।

## चिकित्सा सुविधाओं के कवच का अभाव

भारत जैसे देश में जहां सेवानिवृत्त लोगों व बुजुर्गों के लिये पश्चिमी देशों की तरह चिकित्सा सुविधाओं का कवच नहीं है, वहां लोगों की अंतिम उम्मीद खुद खरीदी गई बीमा पॉलिसियों पर टिक जाती है। लेकिन बीमा कंपनियों के निरंकुश व्यवहार और उपचार के बाद बिलों के भुगतान में किंतु-परंतु के चलते वृद्धों को यह भरोसा नहीं होता कि बीमा कंपनियां उनके उपचार का पूरा पैसा उपलब्ध करा देंगी। बहरहाल, स्वास्थ्य सेवा तंत्र को अधिक समावेशी और सर्वसुलभ बनाने की दिशा में भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण यानी आईआरडीएआई ने स्वास्थ्य बीमा खरीदने वाले व्यक्तियों के लिये 65 वर्ष की आयु सीमा को हटा दिया है। हाल ही में एक अधिसूचना में बीमा नियामक ने बीमाकर्ताओं को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि वे सभी आयु समूहों के लिये उपयोगी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी पेश करें। अक्सर देखा गया है कि बीमा कंपनियां व एजेंट अधिक उम्र वाले लोगों को तब जीवन रक्षक पॉलिसी देने से मना कर देते हैं जब उनको इसकी जरूरत होती है। इतनी ही नहीं कंपनी के हित में बनायी गई पुरानी नीतियों के आधार पर कई दावों को खारिज कर दिया जाता है। बीमा नियामक द्वारा बीमा कंपनियों को पहले से निर्धारित स्थितियों के आधार पर दावों को खारिज करने से रोका गया है। बीमा नियामक ने कहा है कि बीमाकर्ता अब कैंसर, हृदय रोग व गुर्दे के काम न करने पर, एड्स जैसी गंभीर चिकित्सा स्थितियों वाले व्यक्तियों को पॉलिसी जारी करने से इनकार नहीं कर सकते। निश्चित रूप से यह तार्किक स्थिति है कि सेवानिवृत्ति के बाद आय के साधन सिमटने, शरीर द्वारा साथ न देने व अपनों का साथ छूटने से लाचार व्यक्ति को उपचार के लिये अब चिकित्सा बीमा कवच मिल सकेगा। निस्संदेह, इस तरह के कई गंभीर रोगों से ग्रस्त लोग चिकित्सा बीमा न मिल पाने की स्थिति में गरीबी की दलदल में फंस जाते हैं। कोरोना संकट के दौरान कई परिवारों के गरीबी के दुश्चक्र में फंसने के मामले सामने आए हैं। निश्चित रूप से बीमा नियामक की यह पहल वक्त की जरूरत के हिसाब से एक कल्याणकारी व्यवस्था की तरफ बढ़ा कदम है। यदि बुजुर्गों को बीमा सुविधा मिलने लगेगी तो वे अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों के झटकों को झेलने के लिये पहले से ही बेहतर तैयारी कर सकते हैं। निश्चित रूप से यह सुविधा उस देश के लिये बदलावकारी हो सकती है जहां कि युवा आबादी बुजुर्ग आबादी की दिशा में बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के अनुसार वर्ष 2050 तक वरिष्ठ नागरिकों की संख्या देश की कुल आबादी की बीस प्रतिशत से अधिक होने का अनुमान है। ऐसे में बेहतर जीवन प्रत्याशा हेतु और महिलाओं की सेहत हेतु स्वास्थ्य बीमा का खासा प्रभाव हो सकता है। लेकिन इस बात में दो राय नहीं कि बीमा उत्पादों को उपभोक्ता-अनुकूल बनाने की सख्त जरूरत है। दरअसल, आम उपभोक्ता शब्दजाल और बीमा पॉलिसियों की जटिलताओं के कारण बीमा उत्पादों को खरीदने से संकोच करते हैं। कई अस्पष्टताएं व किंतु-परंतु पॉलिसीधारक के मन में संदेह और अनिश्चितता उत्पन्न करते हैं। वहीं दूसरी तरफ लाभों व जोखिमों के बारे में गलत सूचना या अपर्याप्त जानकारी उपभोक्ताओं के शोषण व परेशानी का सबब बनती है

# सड़कों पर कैसे थमे अराजकता व दुर्घटनाएं

आर.के. सिन्हा




**इस साल 15 अप्रैल तक, पुलिस ने बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने या बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने पर 20,822 चालकों पर जुर्माना किया है। 2023 में, हेलमेट नहीं पहनने पर 572,866 लोगों पर जुर्माना किया गया, जो पिछले वर्ष 212,440 की तुलना में 250 फीसद अधिक है। याद रख लें कि हेलमेट पहनने का तरीका भी महत्वपूर्ण। अध्ययनों से पता चला है कि दिल्ली में हेलमेट पहनने वालों में से बहुत कम लोग इसे ठीक से बांधते हैं, जिससे दुर्घटना की स्थिति में सिर की गंभीर चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। क्या यह देश भूल गया है कि सड़क हादसों में ही केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट, दिल्ली के मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा, केन्द्रीय मंत्री गोपीनाथ मुंडे और मशहूर एक्टर जसपाल भट्टी को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था? इन हादसों में कितने लोग जीवन भर के लिए विकलांग हो जाते हैं, इसका तो कहीं से कभी कोई आंकड़ा मिल ही नहीं सकता।**

यकीन मानिए कि किसी देश और वहां के लोगों को जानने के लिए आपको कोई बहुत घुमक्कड़ी करने की जरूरत नहीं है। आप जिस देश के समाज को जानना चाहते हैं, उसके एयरपोर्ट से उतरने के बाद वहां की सड़कों में चल रहे यातायात को देख भर लें। आपको सब कुछ पता चल जाएगा कि वहां का समाज कितना अनुशासन प्रिय है या अराजकता में कितना यकीन करता है। राजधानी दिल्ली की सड़कों से गुजरते हुए यहां पहली बार आने वाले शख्स को इतना तो पता ही चल जाता होगा कि इधर की सड़कों पर यातायात नियमों को मानना भी लोग अपनी शान के खिलाफ समझते हैं।

बेशक, राजधानी दिल्ली की सड़कों का नजारा देखकर डर लगता है। दो पहिया चलाने वाले न जाने कितने ड्राइवर दिखाई देते हैं, जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना होता है। बात यहीं खत्म नहीं होती। वे बेखौफ ड्राइवर भी भरपूर मात्रा में मिल जाते हैं जो अपनी मोटरसाइकिल या स्कूटी चलाते हुए लगातार मोबाइल पर बात भी कर रहे होते हैं या म्यूजिक सुन रहे होते हैं । यह बहुत साफ है कि ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने से दुर्घटना का खतरा भयंकर रूप से बढ़ जाता है। जिस इंसान को अपनी जान की ही चिंता नहीं होगी, वह यातायात के नियमों को क्यों मानेगा। दिल्ली पुलिस की साल 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी में सड़क दुर्घटनाओं में पैदल चलने वालों के बाद दोपहिया वाहन चालक दूसरे सबसे अधिक पीड़ित हैं। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि 2022 में 539 दोपहिया वाहन चालकों की मृत्यु हुई, जो 2021 में 459 थी। ज्यादातर मामलों में, यह दोपहिया वाहन भारी वाहनों की चपेट में आए, उसके बाद चार पहिया वाहन आए। दिल्ली में पंजीकृत दोपहिया वाहनों की भारी संख्या को देखते हुए, इन सवारों की भलाई के लिए एक सुरक्षित डिजाइन प्रणाली सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण हो जाता है।

दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक है हेलमेट का उपयोग न करना। हालांकि हेलमेट पहनना दिल्ली में वाहन चालकों और पीछे बैठने वालों के लिए भी अनिवार्य है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने के मामले हर साल बढ़ ही रहे हैं। इस साल 15 अप्रैल तक, पुलिस ने बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने या बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने पर 20,822 चालकों पर जुर्माना किया है। 2023 में, हेलमेट नहीं पहनने पर 572,866 लोगों पर जुर्माना किया गया, जो पिछले वर्ष 212,440 की तुलना में 250 फीसद अधिक है। याद रख लें कि हेलमेट पहनने का तरीका भी महत्वपूर्ण। अध्ययनों से पता चला है कि दिल्ली में हेलमेट पहनने वालों में से बहुत कम लोग इसे ठीक से बांधते हैं, जिससे दुर्घटना की स्थिति में सिर की गंभीर चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। कहने की जरूरत नहीं है कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है। वे ऐसे लापरवाह लोग हैं जो अपनी जान के साथ-साथ दूसरों की जान से भी खिलवाड़ करते हैं, उन पुलिस वालों पर भी कठोर एक्शन लेना ही होगा जो यातायात नियमों को तोड़ने वालों से घूस लेते हैं और छोड़ देते हैं। अब कोई यह न कहे कि पुलिस महकमे में घूसखोर नहीं बैठे हैं। वहां घूसखोरों की कोई कमी नहीं है। क्या यह देश भूल गया है कि सड़क हादसों में ही केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट, दिल्ली के मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा, केन्द्रीय मंत्री गोपीनाथ मुंडे और मशहूर एक्टर जसपाल भट्टी को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था? इन हादसों में कितने लोग जीवन भर के लिए विकलांग हो जाते हैं, इसका तो कहीं से कभी कोई आंकड़ा मिल ही नहीं सकता। बहरहाल, लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए जाने चाहिए। गुणवत्तापूर्ण हेलमेट और सीट बेल्ट की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी जरूरी है। लोगों को मानक हेलमेट और सीट बेल्ट खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही सड़कों की खराब स्थिति, अपर्याप्त साइनेज और पैदल चलने वालों के लिए सुविधाओं की भारी कमी जैसे मुद्दों को दूर करने की आवश्यकता है। देखिए दिल्ली का तो यहां उदाहरण दे दिया गया। यातायात नियमों की तो सारे देश में अनदेखी हो रही है। यह अफसोसजनक स्थिति है। एक बात और कहने का मन कर रहा है। जब बात सड़कों के चौड़ीकरण, सौंदर्यकरण और इनके विस्तार पर होती है तो पैदलयात्री के बारे में कोई नहीं सोचता। उसकी एक वजह यह भी है कि वह समाज का सबसे बेबस व्यक्ति है। वह गरीब है। उसकी आर्थिक-सामाजिक हैसियत कमजोर है। तो क्या इसलिए वो सड़क पर तड़प-तड़प कर मरने के लिए अभिशप्त है। क्या अमीरजादे सड़कों पर पैदलयात्रियों को कुचलते रहेंगे? पैदलयात्रियों का सड़कों पर कुचला जाना और यातायात के नियमों अनदेखी का सीधा संबंध है।

कारों और दूसरे वाहनों की बिक्री को तो रोका नहीं जा सकता। लेकिन, सरकार कड़े उपाय करके पैदलयात्रिओं को राहत तो दे ही सकती है। फुटपाथों को फिर से कायम तो किया ही जा सकता है। सड़कों के किनारे जहां स्कूल, अस्पताल, मंदिर, मस्जिद आदि सार्वजनिक स्थान हों वहां तो अंडरपास या फुट ओवरब्रिज बनाए ही जा सकते हैं । कम से कम स्कूल की छुट्टी के समय एक ट्रैफिक का सिपाही तो तैनात हो ही सकता है। आज तो फुटपाथों की स्थिति यह हो गई है कि वहां पुलिस हफ्ते वसूल कर बाजार लगवा रही है। यह हर फुटपाथ पर आप देख सकते हैं। जरा सोचिए कि सड़क हादसों में मरने वालों में 50 फीसद 14-35 साल की उम्र के होते हैं। इनमें से बहुत सारे अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य होते हैं।

यूं तो सड़क हादसों के तमाम कारण गिनाए जा सकते हैं। पर 66 फीसद हादसों का कारण तेज रफ्तार से और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना है। तो इस पर हर हाल में नियत्रंण करना होगा। इसके लिए तेज वाहन चलाने वालों पर कठोर दंड लगाया जाना बिल्कुल सही माना जा सकता है। इस सवाल पर कोई बहस हो ही नहीं सकती। सड़क हादसों को रोकने के लिए नागरिकों और पुलिस को समान रूप से अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। सबका सहयोग नहीं रहेगा तो मौजूदा हालात में बदलाव संभव नहीं है।

## विचार

# दुनिया को समझना होगा माता भूमि, पुत्रोहं पृथिव्या का निहितार्थ

कुल भूषण उपमन्यु

**आधुनिक दैनिक प्रयोग की तमाम वस्तुएं प्लास्टिक में ही पैक हो कर आ रही हैं। प्लास्टिक के पुन- चक्रीकरण के लिए यह जरूरी है कि प्लास्टिक और अन्य सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र किया जाए। और कबाड़ी को दिया जाए। जो बच जाए उसे निबटाने के दुसरे सुरक्षित तकनीकी उपायों की सरकारें व्यवस्था करें। एक विचार यह भी जोर पकड़ रहा है कि जो पैदा करे वही कचरे के प्रबंधन का जिम्मेदार ठहराया जाए ताकि ये पैकिंग करके सामान बेचने वाली कंपनियां पैकिंग सामग्री एकत्रित करवा कर वापस लें, और रीसाइक्लिंग की व्यवस्था करें। किन्तु केवल प्लास्टिक ही जलवायु परिवर्तन का कारक नहीं है।**

आज प्लास्टिक, मिट्टी, पानी, और वायु का प्रदूषक बनता जा रहा है। जमीन पर पड़े हुए प्लास्टिक से धूप के कारण अपर्दन से टूटकर सूक्ष्म कण मिट्टी में मिल जाते हैं और मिट्टी के उपजाऊपन को नष्ट करने का काम करते हैं। पानी में मिल कर मछलियों के शरीर में पहुंच कर खाद्य श्रृंखला का भाग बन कर मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बन जाते हैं। जलाए जाने पर वायु में अनेक विषैली गैसें वायु मंडल में छोड़ते हैं जिससे वैश्विक तापमान वृद्धि के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे पैदा हो रहे हैं।

प्लास्टिक दैनिक जीवन का ऐसा भाग बन गया है कि इससे बचना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। प्लास्टिक का प्रयोग कम करना, पुनर्चक्रीकरण, और जो बच जाए उसको उत्तम धुआं रहित प्रज्ज्वलन तकनीक से ताप विद्युत बनाने में प्रयोग किया जा सकता है। हालांकि इससे भी थोड़ा गैस उत्सर्जन तो होता है किन्तु जिस तरह शहरी कचरा डंपिंग स्थलों में लगातार लगने वाली आग और गांव में खुले में जलाया जा रहा प्लास्टिक धुआं फैलता जा रहा है उससे तो यह हजार गुणा बेहतर है। स्वीडन ने तो यूरोप के अनेक देशों से सूखा कचरा आयात करके उससे बिजली बनाने का व्यवसाय ही बना लिया है। उसके पास जो तकनीक है, उसमें केवल



दशमलव दो (।2) प्रतिशत ही गैस उत्सर्जन होता है। प्लास्टिक के विकल्प के रूप में पैकिंग सामग्री तैयार करना नवाचार की दूसरी चुनौती है। गांव में भी अब तो प्लास्टिक कचरे के अंबार लगते जा रहे हैं।

आधुनिक दैनिक प्रयोग की तमाम वस्तुएं प्लास्टिक में ही पैक हो कर आ रही हैं। प्लास्टिक के पुन- चक्रीकरण के लिए यह जरूरी है कि प्लास्टिक और अन्य सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र किया जाए। और कबाड़ी को दिया जाए। जो बच जाए उसे निबटाने के दुसरे सुरक्षित तकनीकी उपायों की सरकारें व्यवस्था करें। एक विचार यह भी जोर पकड़ रहा है कि जो पैदा करे वही कचरे के प्रबंधन का जिम्मेदार ठहराया जाए ताकि ये पैकिंग करके सामान बेचने वाली कंपनियां पैकिंग सामग्री एकत्रित करवा कर वापस लें, और रीसाइक्लिंग की व्यवस्था करें। किन्तु केवल प्लास्टिक ही जलवायु परिवर्तन का कारक नहीं है। रासायनिक कृषि के कारण भी भूमि की जैविक पदार्थ धारण करने की क्षमता समाप्त हो जाति है जिससे कार्बन पदार्थ का भूमि में संचय नहीं होता दूसरा भूमि की उपजाऊ शक्ति भी कम हो जाति है। जैविक कृषि को प्रोत्साहित करके और वैज्ञानिक आधार पर विकसित करके इस समस्या से निपटा जा सकता है। भारत में इस दिशा में कुछ काम होना शुरू भी हुआ है किन्तु इसे अभी तक मुख्यधारा बनाने में सफलता नहीं मिली है। इसके लिए अधिक वैज्ञानिक शोध की जरूरत है ताकि रासायनिक विधि के बराबर ही उत्पादन करके दिखाया जाए और अन्न सुरक्षा की चुनौती पर कोई खतरा आने की चिंता न रहे।

जलवायु परिवर्तन में मुख्य भूमिका ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र की है। हमारे देश में कुल विद्युत उत्पादन 428 गीगा वाट है। जिसमें से 71 प्रतिशत कोयले और जीवाश्म ईंधन से हो रहा है। स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन 168।96 गीगा वाट है। जिसमें से 42 गीगा वाट जल विद्युत का उत्पादन है। किन्तु जल विद्युत भी जब बड़े बांधों के माध्यम से बनाई जाती है तो जलाशयों में बाढ़ से संचित जैव पदार्थ आक्सीजन रहित सड़न द्वारा मीथेन गैस का उत्सर्जन करते हैं। मीथेन कार्बन डाई आक्साइड से छह गुणा ज्यादा वैश्विक तापमान वृद्धि का कारक है। इसलिए एक सीमा से ज्यादा जल विद्युत का प्रसार भी ठीक नहीं। सौर ऊर्जा एक बेहतर विकल्प के रूप में उभर रही है।

भारत वर्ष में पिछले कुछ सालों में सौर ऊर्जा उत्पादन में अच्छा काम हुआ है। भारत वर्ष में 2030 तक 500 गीगा वाट स्वच्छ उर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। आशा है इसे हम प्राप्त कर सकेंगे। किन्तु बड़े ऊर्जा पार्क बना कर स्थानीय संसाधनों पर कुछ जगहों पर ज्यादा दबाव पड़ जाता है जिससे कई समुदायों की रोजी-रोटी के संसाधन छिन जाते हैं जिसके विरुद्ध कई आवाजें उठती रहती हैं, और संघर्ष खड़े हो जाते हैं। इन जायज संघर्षों को अकसर शासन और प्रशासन स्थानीय समुदायों की कठिनाई को समझ कर समाधान करने के बजाए उनसे टकराव का रास्ता चुनती हैं और उन्हें देशविरोधी, विकास विरोधी ठहराने के अवास्तविक और अनावश्यक प्रयास करते हैं। जिससे बेगुनाह लोग अत्याचार और शोषण का शिकार हो जाते हैं और समाज में असंतोष बढ़ता है। हमें याद रखना चाहिए कि विकास का मतलब समावेशी विकास होता है। राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक ही विकास का मुख्य लाभ पहुंचने से आय का न्यायपूर्ण बंटवारा नहीं हो सकता। अत- उत्पादन का यथा संभव विकेन्द्रित तरीका ही अपनाया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए भारत में 6 लाख के लगभग गांव हैं। यदि हर गांव में एक मैगा वाट सौर उर्जा उत्पादन घर की छतों पर और बेकार जगहों पर किया जाए तो बिना किसी एक जगह संसाधनों पर बड़ा दबाव बनाए 6 लाख मेगा वाट बिजली का उत्पादन हो सकता है।उत्पादन के इस तरीके से लाखों लोगों को रोजगार और स्व रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। अतः जरूरत टकराव की नहीं बल्कि विचार आदान-प्रदान की है। कौन विचार कितना करणीय है यह अपने देश की स्थितियों के अनुरूप तकनीकों के नवाचारों को प्रोत्साहित करके देखा जा सकता है। जलवायु परिवर्तन के कारण जिस तरह की अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, ग्लेशियर पिघलने की, रेगिस्तानों में अभूतपूर्व बारिश की, समुद्री जल स्तर बढने की जो घटनाएं हो रही हैं ये दुनिया भर के लिए चेतावनी हैं।

# निर्वाचन आयोग का निराशाजनक रवैया

भारतीय राजनीति का यह सर्वाधिक दुखद पहलू है कि जिस व्यक्ति पर सार्वजनिक जीवन में अनुशासन, नैतिकता एवं मूल्यों के संरक्षण की प्रमुख जिम्मेदारी है, वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही उनकी धज्जियां उड़ा रहे हैं। भविष्य में जब भी इस कालखंड का उल्लेख होगा तब एक ऐसे निर्वाचन आयोग की भी बात होगी जिसमें कहा जायेगा कि देश की जनता ने अब तक इससे अधिक कमजोर व लाचार निर्वाचन आयोग नहीं देखा था।

राजीव कुमार के नेतृत्व में कार्यरत केन्द्रीय निर्वाचन आयोग ने जो पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया है, उसने राष्ट्र निर्माताओं के उन सपनों को बिखेर दिया है जिन्होंने स्वतंत्र संवैधानिक संस्थाएं बनाई थीं ताकि सरकारों की मनमानी न चले और लोगों के अधिकारों की रक्षा हो। मौजूदा निर्वाचन आयोग को देखते हुए कोई इस बात की कल्पना भी नहीं कर सकता कि ऐसा भी समय देश ने देखा है कि (कुछ अपवादों को छोड़कर) कई मजबूत प्रधानमंत्रियों एवं उनकी सरकारों को निर्वाचन आयोग सिर नहीं उठाने देते थे। सारी शासकीय मशीनरी को अपने अधीन रखते थे और मातहतों को निष्पक्षता, स्वतंत्रता तथा दबंगई के साथ काम करने की प्रेरणा देते थे। इस मामले में वह किस्सा जरूर सामने रखा जाना चाहिये जब मुम्बई के विले पार्ले विधानसभा के उपचुनाव में शिवसेना के उम्मीदवार डॉ. रमेश प्रभू ने कांग्रेस के प्रभाकर कुंटे को हरा दिया था। बात 1987 की है। चुनाव हारने पर कुंटे ने बाम्बे हाईकोर्ट में जनप्रतिनिधित्व कानून के अंतर्गत याचिका लगाई कि डॉ. प्रभू की सभाओं में शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे ने धर्म के नाम पर वोट मांगा था। यह सच भी था। ठाकरे अपनी सभाओं में कहते थे कि शिवसेना हिन्दुओं की रक्षा के लिये चुनावी मैदान में है और वह मुस्लिम वोटों की चिंता नहीं करती।

हाईकोर्ट ने आरोपों को सही ठहराते हुए प्रभू का चुनाव रद्द कर दिया। डॉ. प्रभू ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाई पर शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के आरोपों को सही मानते हुए 1990 में दिये अपने फैसले में सजा बरकरार रखी। कुंटे को निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव आयोग के समक्ष यह सवाल आया कि डॉ. प्रभू को तो उनके किये की सजा मिल गई परन्तु ठाकरे को क्या सजा मिले क्योंकि वे किसी सदन के सदस्य या पद पर तो थे नहीं। इसी भारतीय निर्वाचन आयोग ने ठाकरे को 6 वर्षों के लिये मताधिकार से वंचित कर दिया। हिन्दू हृदय सम्राट कहलाने वाले ठाकरे, जिनकी मुम्बई ही नहीं पूरे महाराष्ट्र में तूती बोलती थी, पूरे छह वर्ष तक अपनी ऊंगली पर मतदान के बाद लगने वाली स्याही को देखने के लिये तरस गये। अगर कोई सोचे कि ऐसा कड़ा निर्णय टीएन शेषन ने लिया होगा, तो ऐसा नहीं है। उनका पदार्पण तो बाद में हुआ और उन्होंने अपनी और भी दबंग अधिकारी के रूप में छवि बनाई जिनका लोकप्रिय तकिया कलाम था- मैं नाश्ते में राजनीतिज्ञों को खाता हूं। बहरहाल, भारतीय लोकतंत्र को जिन लोगों ने सर्वाधिक कमजोर किया है और कई अन्य संस्थाओं के साथ सरकार के सामने घुटने टेके हैं, उनमें निर्वाचन अयुक्त प्रमुख हैं। वे देश की प्रशासकीय प्रणाली को ध्वस्त करने में उतने ही जिम्मेदार हैं जितनी कि केन्द्रीय जांच एजेंसिया या कुछ और संस्थाएं। निर्वाचन आयोग पर जिम्मेदारी सर्वाधिक होती है क्योंकि यह लोकतांत्रिक प्रणाली की मूलभूत प्रक्रिया को संचालित करता है। मताधिकार तो प्रजातांत्रिक व्यवस्था का आधार है और उसे ही आयोग ने ध्वस्त कर दिया। मौजूदा आयोग पर इतने आरोप लगे हैं कि उसके सामने सबसे बड़ा संकट उसकी विश्वसनीयता का है। भाजपा के खिलाफकिसी भी तरह की बात सुनने के लिये आयोग मानो तैयार ही नहीं होता, सुनवाई या फैसले की कौन कहे? शुरुआत यहां से की जाये कि आयोग पर आरोप लगता रहा कि वह विधानसभा हो या लोकसभा के चुनाव, उसके कार्यक्रम पीएम मोदी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आदि के प्रचार अभियानों की सहूलियतों के अनुसार बनते हैं। ईवीएम को लेकर विपक्षी दल लगातार उनसे मिलने की मांग करता रहा परन्तु आयोग के पास इसके लिये वक्त ही न निकला।



# राशिफल

**मेष:-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**बृषभ :-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

**मिथुन :-** भावनाओं पर नियंतण्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**कर्क :-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**सिंह :-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी।

**कन्या:-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा।

**तुला:-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**वृश्चिक:-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी।

**धनु:-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**मकर:-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभ:-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मीन:-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

# सूरत बता रहा गुजरात के राजनैतिक मॉडल का सूरत-ए-हाल

डॉ. दीपक पाचपोर

**सूरत लोकसभा सीट पर 7 मई को मतदान होना था, परन्तु भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को इसके बहुत पहले सोमवार को निर्वाचित होने का सर्टिफिकेट दे दिया गया। कारण है उनका निर्विरोध निर्वाचन। कहने को तो उनके खिलाफकांग्रेस के निलेश कुंभानी, बहुजन समाज पार्टी के प्यारेलाल भारती आदि समेत 11 लोग चुनावी मैदान में थे। इनमें से कुछ स्थानीय छोटे दलों से थे तो कुछ निर्दलीय प्रत्याशी थे। यहां तक कि कांग्रेस ने वैकल्पिक उम्मीदवार सुरेश पडसाला को भी खड़ा किया था, पर दोनों के नामांकन खारिज कर दिये गये और 8 उम्मीदवारों ने एक के बाद एक निर्वाचन अधिकारी से यह कहकर अपने नामांकन वापस ले लिये कि उनके नामांकन प्रपत्रों पर जो हस्ताक्षर हैं, वे उनके नहीं हैं। गुजरात विकास के मॉडल की बात तो काफी पहले से सुनते आये हैं लेकिन राजनीति का गुजरात मॉडल भी लोगों के सामने आ गया है जो सबकी आंखें खोलने के लिये पर्याप्त होना चाहिये। मुकेश दलाल ने अपने पहले संदेश में कहा है- पहला कमल नरेन्द्र मोदी के चरणों में समर्पित है। मोदी के 400 के लक्ष्य को पाने के लिये मेरी जीत पहला कदम है।**

एक ओर तो तमाम सर्वे बतला रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी ने खुद के बल पर 370 और अपने गठबन्धन नेशनल डेमोक्रेटिक एलाएंस (एनडीए) के साथ 400 सीटें जीतने का जो लक्ष्य रखा है वह हासिल करने योग्य बिलकुल नहीं है, वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत भाजपा के सारे नेता और स्टार प्रचारक जिस प्रकार से कांग्रेस व इंडिया गठबन्धन पर हमलावर हैं- वह भी कमर के नीचे वार करते हुए- उससे भी साफ है कि स्वयं भाजपा जान चुकी है कि यह लक्ष्य पाना नामुमकिन है, लेकिन गुजरात के सूरत में जो हुआ है अगर भाजपा उसी तरीके से चुनाव लड़ने जा रही है तो कहा जा सकता है कि वह 400 तो क्या 4000 सीटें भी पा सकती है, जैसा कि जुबान फिसलने के कारण जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष व बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार मोदी की मौजूदगी में ही एक सभा में बोल पड़े थे।

वैसे सूरत लोकसभा सीट पर जो सियासी तमाशा हुआ है वह देश के संसदीय इतिहास का अभूतपूर्व मामला है। यह इस बात का भी संकेत है कि भारत की राजनीति किस ओर जा रही है और आने वाले दिनों में देश का सूरत-ए-हाल क्या होगा। चेतावनी की घंटी इसी को कहते हैं। इस घटना से यह पता चलता है कि भाजपा 400 पार जाने के लिये कितनी उतावली है और उससे यह भी समझा जा सकता है कि उसे रोका जाना क्यों आवश्यक है। सूरत लोकसभा सीट पर 7 मई को मतदान होना था, परन्तु भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को इसके बहुत पहले सोमवार को निर्वाचित होने का सर्टिफिकेट दे दिया गया। कारण है उनका निर्विरोध निर्वाचन। कहने को तो उनके खिलाफकांग्रेस के निलेश कुंभानी, बहुजन समाज पार्टी के प्यारेलाल भारती आदि समेत 11 लोग चुनावी मैदान में थे। इनमें से कुछ स्थानीय छोटे दलों से थे तो कुछ निर्दलीय प्रत्याशी थे। यहां तक कि कांग्रेस ने वैकल्पिक उम्मीदवार सुरेश पडसाला को भी खड़ा किया था, पर दोनों के नामांकन खारिज कर दिये गये और 8 उम्मीदवारों ने एक के बाद एक निर्वाचन अधिकारी से यह कहकर अपने नामांकन वापस ले लिये कि उनके नामांकन प्रपत्रों पर जो हस्ताक्षर हैं, वे उनके नहीं हैं। अब ये सारे प्रत्याशी लापता हैं। सोमवार ही नामांकन वापसी की अंतिम तारीख थी। इस सियासी किस्से में कई लोचे हैं। सवाल तो यह है कि जब नामांकन पत्र पर निर्वाचन अधिकारी यानी डीएम के ही समक्ष दस्तखत होते हैं और प्रस्तावकों की भी भौतिक उपस्थिति में दस्तखत करने होते हैं तो उनके नकली होने का सवाल ही कहां पैदा होता है। आनन-फानन में सर्टिफिकेट देने का मतलब है कि मामले की फाइल अब बन्द हो गई है। जिसे जाना है वह कोर्ट जाये। मजेदार बात तो यह है कि कुंभानी के प्रस्तावकों के हस्ताक्षर फर्जी होने का भी आरोप भाजपा उम्मीदवार की ओर से लगाया गया था।

इन प्रस्तावकों में कुंभानी के बहनोई, भतीजा एवं कारोबारी पार्टनर शामिल थे। वैसे यह भी कहा जा रहा है कि रिश्तेदारों को प्रस्तावक इसीलिये बनाया गया था ताकि परचा ही खारिज हो जाये। कुंभानी द्वारा भाजपा से हाथ मिला लिये जाने की भी बात कही जा रही है और यह भी बताया जा रहा है कि इसकी योजना सूरत के एक बड़े होटल में बनाई गई। गुजरात विकास के मॉडल की बात तो काफी पहले से सुनते आये हैं लेकिन राजनीति का गुजरात मॉडल भी लोगों के सामने आ गया है जो सबकी आंखें खोलने के लिये पर्याप्त होना चाहिये। मुकेश दलाल ने अपने पहले संदेश में कहा है- पहला कमल नरेन्द्र मोदी के चरणों में समर्पित है। मोदी के 400 के लक्ष्य को पाने के लिये मेरी जीत पहला कदम है। वे यह भी कहते हैं कि कांग्रेस के नामांकन पत्र रद्द हुए और शेष उम्मीदवारों ने मोदी के विकसित भारत की कल्पना को साथ देने के लिये अपने नामांकन वापस लिये हैं। बस, इतनी सी बात है! वैसे गुजरात के राजनैतिक मॉडल की बानगी कुछ दिनों पहले चंडीगढ़ मेयर के चुनाव में देखने को मिल गई थी जहां कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी का गठबन्धन था। यहां उनके संयुक्त प्रत्याशी का जीतना तय था लेकिन रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह ने 8 कांग्रेस प्रत्याशियों के वोट खुद ही खराब कर खारिज करा दिये। मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया जहां अदालत ने इसे लोकतंत्र की हत्या कहते हुए दोषी अधिकारी को सजा देने की जरूरत बतलाई। शीर्ष न्यायालय के आदेश पर भाजपा उम्मीदवार मनोज सोनकर के निर्वाचन को अवैध घोषित करते हुए आप के कुलदीप कुमार को मेयर घोषित किया गया। यह भी भारत में पहली बार होता देखा गया है कि मेयर की घोषणा देश के सबसे बड़े न्यायालय की ओर से की गई। हालांकि मसीह को अब तक सजा नहीं सुनाई गई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अवधारणा के अनुरूप भाजपा ने सामाजिक व आर्थिक ताकतों पर पूरा एकाधिकार करने का जो कार्यक्रम बनाया है, उसके तहत राजनैतिक शक्ति को पूरी तरह से अपनी मुठ्ठी में लेना उसके लिये परम आवश्यक है। इसलिये भाजपा हर चुनाव को येन केन प्रकारेण जीतने पर आमादा है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक जितेन्द्र सिंह*
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# भाजपा ने इलेक्ट्रोरल बांड के नाम पर चंदा नहीं सिर्फ वसूली की : अखिलेश



इटावा, समृद्धि न्यूज।

भाजपा ने वसूली की है। मैनपुरी से भाजपा प्रत्याशी पर तंज कसते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि मंत्री में ज्यादा चीनी है, सांसदी लड़कर तो सिर्फ हाजिरी दे रहे हैं। पश्चिम से चली हवा इस चुनाव में भाजपा का पूरी तरह से सफाया कर देगी।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने ताखा के एसएस मैमोरियल इंटर कॉलेज में जनसभा को संबोधित कर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने इलेक्ट्रोरल बांड के नाम पर चंदा नहीं सिर्फ वसूली की गई है। दोपहर लगभग एक बजे पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि ये चुनाव गर्मियों में होने जा रहा। चुनाव की सरगर्मी बढ़ने के साथ गर्मी बढ़ने लगी है। कहा कि अभी तो हर दिन शाम को आंधी आएगी। जो पश्चिम से हवा चली है, वह भाजपा का सफाया करेगी। विपक्षियों पर तंज कसते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन को इंडिया कहने से भी बचते हैं। वह उसे इंडी कहकर बुला रहे हैं। कहा कि पहले चरण ने रुझान दे दिया है। किसान, नौजवान इस बार सपा के पक्ष में वोट कर रहा है।

इलेक्टोरल बांड का जिक्र करते हुए कहा कि चंदा पांच रुपये, एक हजार, एक लाख, दो लाख दिया जाता। वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से भी चंदा वसूल लिया। कोई भी चंदा छह सौ करोड़, एक हजार करोड़ नहीं देता है। इलेक्ट्रॉल बांड के नाम पर भाजपा ने वसूली की है। ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स के सहारे सब रुपये वसूला गया है। कहा कि वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से भी चंदा वसूल लिया। आगे कहा कि बीमारी को भगवाने के लिए, भाजपा ने ताली और थाली बजवाई। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, अध्यक्ष जिला पंचायत अंशुल यादव, विधायक प्रदीप यादव, राघवेंद्र गौतम, सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, अशोक यादव, सर्वेश शाक्य, जिला महासचिव वीरू भदोरिया, सचिन यादव, विधायक प्रतिनिधि ध्रुव यादव चीनी आदि मौजूद रहे।

## साक्षी ने बेहतर अंक प्रतिशत के साथ पास की इंटरमीडिएट परीक्षा

पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज। कस्बा पनवाड़ी के स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज की इंटरमीडिएट की छात्रा ने विद्यालय में अच्छे अंक प्राप्त कर माता-पिता एवं गुरुजनों का नाम रोशन किया।


SAKSHI

बताते चलें कि कस्बा पनवाड़ी के सुभाष नगर निवासी राकेश कुमार दीक्षित की पुत्री साक्षी जो कि विवेकानंद इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की छात्रा है साक्षी ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 85.4 प्रतिशत अंक लाकर अपने माता-पिता और गुरुजनों का नाम रोशन किया साक्षी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पारिवारिक जनों माता-पिता व गुरुजनों को दिया वहीं साक्षी की इस कामयाबी पर चार दिन से बराबर बधाई देने वालों मुहल्लेवासी, रिश्तेदारों आदि का तांता लगा हुआ है।

# कृषि फार्म में लगी आग ने लिया भयावह रूप

चरखारी( महोबा), समृद्धि न्यूज।



**सटरिंग स्टोर रखा सामान हुआ स्वाहा**

चरखारी सूपा रोड पर स्थित महोबा सदर विधायक राकेश गोस्वामी के कृषि फार्म में अचानक लगी आग पर काबू पाया जाता कि इससे पूर्व ही सड़क के दूसरे ओर स्थित सटरिंग डम्प पर आग की चिंगारी के पहुंचने से भड़की आग ने भयावह रूप ले लिया, तथा 5 घंटे की भारी मशक्कत के बाद ही आग पर काबू पाया जा सका।

कृषि फार्म से ही लगे हुए, पैट्रोल पम्प कर्मचारियों की सूझ बूझ के कारण एक बड़ा हादसा होने से बच गया, अग्निशमन की छोटी गाड़ी के कर्मी भी लापरवाही से अपने वाहन और खेत में पड़े भूसे में आराम करते देखे गए।

बता दें कि चरखारी सूपा रोड पर स्थित मौर्या फिलिंग स्टेशन से सटे हुए महोबा विधायक राकेश गोस्वामी के कृषि फार्म में पड़ी पराली में अचानक आग लग जाने से आस पास के खेत में अफरा तफरी पैदा हो गयी एवं कृषि फार्म के खेत के ही बगल में मौर्या फिलिंग स्टेशन मोजूद है जहां से आग की लपटें देख कर्मचारियों ने पैट्रोल पम्प के चारों ओर पानी का छिड़काव करते हुए पैट्रोल पम्प तक आग को पहुंचने से रोकने में सफल रहे अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था।

सूचना पाकर अग्निशमन की मशीन पहुंची लेकिन मात्र 400 लीटर की क्षमता वाले छोटे अग्नि शमन वाहन के प्रयास से कृषि फार्म में लगी आग तो बुझ गयी लेकिन इसी बीच आग सड़क के दूसरे किनारे अनसार शाह पुत्र रसूल शाह के सटरिंग स्टोर तक पहुंच गयी जहां लकड़ी की बल्लियों, प्लाई आदि ने आग पकड़ ली और आग ने भयावह रूप ले लिया, अग्निशमन एवं नगर पालिका के टेंकरों के घंटो प्रयास के बाद ही आग पर काबू पाया जा सका, इस दौरान अग्निशमन के छोटे वाहन के कर्मचारियों की लापरवाही भी दिखाई दी जहां कर्मचारी अपने वाहन को लिए बगल के खेत में मौजूद तो दिखे लेकिन दो कर्मचारी भूसे के ढेर पर आराम करते नजर आए तो कुछ कर्मचारी वाहन पर ही बैठे नजारा देखते रहे और जब स्थानीय मीडिया ने कवरेज शुरू की तब कैमरा को देखकर कर्मचारी सक्रिय होते नजर आए और इसके बाद ही अग्निशमन की बड़ी गाड़ी के साथ छोटी गाड़ी तथा नगर पालिका के टेंकर के जरिए आग पर काबू पाया जा सका।

आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन के वाहनों एवं नगर पालिका के ट्रेक्टर को दर्जनों चक्कर पानी भरना पड़ा साथ ही लकड़ी के ढेर को तितर बितर करने के लिए नगर पालिका के वरिष्ठ लिपिक अययूब खां द्वारा जेसीबी से बल्लियों को हटवाए जाने के बाद ही रात करीब 9 बजे आग पर काबू पाया जा सका। घटना की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार चरखारी, एसएसआई मधुरेश त्रिपाठी भी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। अग्निकाण्ड में सटरिंग सेंटर के मालिक ने बताया कि उसका लगभग 50 लाख रूपया का नुकसान हुआ है।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने गुमशुदा बालक को किया बरामद

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** एसएसपी संजय कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने गुमशुदा बालक को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। वादिनी मीरा देवी द्वारा थाना चौबिया पर सूचना दी कि उसका बेटा जिसका नाम ओम पुत्र भल्ले निवासी दीग थाना ऊसराहार इटावा है वह कही चला गया है। आपरेशन मुस्कान के तहत उक्त सूचना पर थाना चौबिया पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये बालक ओम पुत्र भल्ले को बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। बालक को सकुशल पाकर परिजनों द्वारा पुलिस की प्रशंसा की गयी। इस सफलता में मंसूर अहमद थानाध्यक्ष चौबिया, उ.नि. दर्शन सिंह, का. पुष्पेन्द्र सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

### एसडीएम के आदेश के बाद पुलिस ने छेड़खानी की रिपोर्ट की दर्ज

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** छेड़खानी के मामले में एसडीएम के आदेश पर पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि बीती 19 अप्रैल की रात जब वह अपने बच्चों समेत घर में सो रही थी तभी गांव का ही एक युवक उसके घर में घुस आया और लूटपाट कर छेड़खानी की, इस घटना के बाद जब उसने अपने पति को फोन लगाया और पूरी घटना बताई तो दबंग ने पति को जान से मारने की धमकी दी, अगले दिन से महिला अपने पति के साथ बलवीर उर्फटिरू के खिलाफप्रार्थना पत्र लेकर कोतवाली पुलिस के चक्कर काटती रही लेकिन पुलिस भी मामला दर्ज करने में टालमटोल करती रही जिसके बाद दिनांक 23 अप्रैल को पीड़ित महिला ने उपरोक्त मामले का प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी मौदहा को देकर न्याय की गुहार लगाई उनके आदेश के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### प्रेमी के साथ भागी महिला को पुलिस ने किया बरामद

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र में चार बच्चों की मां अपने प्रेमी के साथ भाग गयी जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।, कोतवाली क्षेत्र के इचौली गांव निवासी प्रहलाद प्रजापति ने क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी को बताया कि उसकी बहू एक लड़का और तीन बच्चियों की मां है जो अपने प्रेमी के साथ गुरुवार को घर में रखी नगदी और जेवरात लेकर भाग गई थी। उसका लड़का बिजली विभाग में संविदा कर्मी के पद पर कार्य कर रहा था जिसका एक्सीडेंट हो जाने पर विभाग की ओर से आर्थिक क्षति पूर्ति का मुआवजा मिला हुआ था जिसका पैसा स्टेट बैंक और आर्यावर्त बैंक में बहू के नाम से जमा है जिसमें उस पैसे के संचालन पर रोक लगाते हुए और प्रेमी और बहू के साथ कड़ी कार्यवाही करने की जोरदार मांग की थी। वहीं मामले को संज्ञान में लेकर क्षेत्राधिकारी ने कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस नें महिला को मौदहा के बड़े चौराहे से बरामद कर पूंछताछ करते हुए महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए हमीरपुर भेजा है।

### कार की टक्कर से महिला की मौत

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** देवर के साथ बाइक से घर लौट रही महिला की चार पहिया गाड़ी से टक्कर होने के बाद मौत हो गई। जबकि बाइक चला देवर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जिसे डाक्टरों ने उरई रिफर कर दिया है।जनपद महोबा के चरखारी क्षेत्र के चंदौली गांव निवासी धीरेन्द्र सिंह(28) गांव से बाइक आया था तभी वह सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। धीरेंद्र की मां पार्वती(55) अपने देवर दीपू चरखारी रोड पर तेज रफ्तार कार ने बाइक मे टक्कर मार दी जिससे पार्वती की मौके पर ही मौत हो गयी। दीपू बुरी तरह घायल हो गया।डॉ दयाशंकर ने बताया कि युवक के दोनों पैर फैक्चर है और सीने में चोटें आईं हैं। जिसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

### शव मिलने से हड़कंप

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** चिकासी थाने के हरदुआ गांव के सुजगुआ तालाब किनारे मजदूर का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरदुआ गांव निवासी श्रीपत अहिरवार ने बताया कि उसका 35 वर्षीय भतीजा त्रिलोकी अहिरवार शराब पीने का लती था। बुधवार को शराब पीकर गांव के सुजगुआ तालाब पर गया था। कुछ देर बाद उसका शव तालाब के किनारे मिला। बताया कि वह मजदूरी करता था। इसका एक छोटा भाई बंटा है। मृतक अविवाहित था। चिकासी थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदि था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही घटना स्पष्ट हो सकेगी।

### सुसाइड नोट लिखकर छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**सुमेरपुर(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कस्बे के गुटखा फैक्टरी के पास रहने वाली एक बीए की छात्रा ने फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट में छात्रा ने अपनी स्वेच्छा से आत्महत्या करने की बात लिखी है।कस्बे के गुटखा फैक्टरी के पास रहने वाले शिवमंगल साहू की पुत्री सेजल साहू (18) बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। बुधवार को सूनसान घर पाकर कमरे में लगी बल्ली में रस्सी डालकर फांसी लगा ली जब मां कोटे से राशन लेकर वापस आई तो पुत्री के दरवाजा न खोलने पर दूसरे की छत से चढ़कर देखा तो उसे फंदे में लटके थी। इस पर उसने अपने पति सहित पड़ोसियों को जानकारी दी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

## योगी की जनसभा आज, अमित शाह 28 को आएंगे

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** भाजपा लोकसभा व जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य ने बताया कि 41-लोकसभा इटावा क्षेत्र में देश के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी आगामी 28 अप्रैल 2024 दिन रविवार को नुमाइश ग्राउंड में एक विशाल चुनावी सभा को संबोधित करेंगें। सभा मे पूरी लोकसभा से एक लाख की भीड़ जुटाने का लक्ष्य पार्टी पदाधिकारियों को दिया गया है। प्रत्येक मण्डल व शक्तिकेन्द्र से बसों, चार पहिया वाहन एवं बाइकों से कार्यकर्ता सभा स्थल पहुंचेंगे। इसी को लेकर सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी डॉ रामशंकर कठेरिया व भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने जिला पदाधिकारियों के सभा स्थल नुमाइश ग्राउंड का निरीक्षण किया। लोकसभा मैनपुरी में 25 अप्रैल 2024 को दोपहर 12 बजे रामलीला ग्राउंड जसवंतनगर में सीएम योगी आदित्यनाथ विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ में ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूत, जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, विधानसभा संयोजक इटावा विमल भदौरिया, जिला मंत्री रजत चौधरी, राहुल राजपूत सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# डीएम ने मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण में दिए निर्देश

महोबा, समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी ने मतदान कार्मिकों के राजकीय पोलिटेक्निक महोबा में चल रहे दोनों पालियों में लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 में मतदान संबंधी समस्त प्रक्रिया तथा ईवीएम में मतदान संबंधी विस्तृत जानकारी दिए जाने के विभिन्न प्रशिक्षण कक्षो में जाकर निरीक्षण किया। तथा प्रशिक्षण कक्ष में बैठकर मतदान संबंधी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण को बारीकी से समझा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सघन निरीक्षण करते हुए मास्टर ट्रेनर्सो से कहा कि अच्छी तरह से मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दे ताकि मतदान के दिन कोई समस्या न हो, जिलाधिकारी ने मतदान कार्मिकों से कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने में आप लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है, निर्वाचन में मतदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जरूरी है कि सभी लोग संपूर्ण मतदान प्रक्रिया को विशेष कर ईवीएम मशीन के संचालन से संबंधित समस्त तकनीकी जानकारी को प्राप्त कर ले और यदि किसी प्रकार की कोई शंका हो तो उसका भी समाधान अवश्य कर ले। मास्टर ट्रेनर्स ने मांक पोल, चेकलिस्ट, मॉडल लेआउट, ईवीएम मशीन का संचालन आदि विभिन्न प्रपत्रों के बारे में जानकारी मतदान कार्मिकों को दी गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, डिप्टी कलेक्टर मृत्युंजय नारायण मिश्रा सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# बूथ अध्यक्षों की बदौलत भाजपा यूपी में 80 की 80 सीटें जीतेगी : स्वतंत्र देव सिंह

**कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह पहुंचे महोबा, बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में हुए शामिल**



महोबा, समृद्धि न्यूज।

महोबा के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महोबा में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह बूथ अध्यक्ष के सम्मेलन में महोबा पहुंचे।

विधानसभा का भाजपा द्वारा बूथ सम्मेलन आयोजित किया गया है। जिसमें पूरे विधानसभा के सभी बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र के संयोजक शक्ति केंद्र के प्रभारी एवं सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। वही स्वतंत्र देव सिंह ने अपने संबोधन में अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का बूथ अध्यक्ष भाजपा को अपनी मां मानता है और रात दिन लगकर अपने बूथ को जीतने के लिए प्रयास करता है बूथ अध्यक्ष इसलिए जी जान से लगकर ईमानदारी के साथ भाजपा के लिए काम करता है क्योंकि जब सरकार बनेगी तो वह गरीबों के लिए काम करेगी। वह जिनके घर में छत नहीं है छत देने के लिए काम करेगी, राशन देने के लिए काम करेगी, सिलेंडर देने के लिए काम करेगी ,बिजली देने के लिए काम करेगी, इसलिए हमारा बूथ अध्यक्ष प्रत्येक बूथ को अपनी कड़ी मेहनत और लगन से विजय की ओर ले जाता है। जिस तरह से हमारे सभी बूथ अध्यक्षों ने अपना जोश और अपनी शक्ति दिखाने का काम किया है निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में 80 की 80 सीट जीतने का काम करेगी।

कार्यक्रम के दौरान सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल सदर विधायक राकेश गोस्वामी कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चौरसिया एमएलसी जितेंद्र सेंगर पूर्व अध्यक्ष पुष्पा अनुरागी ममता भदोरिया एवं मीडिया प्रभारी सत्येंद्र गुप्ता सहित भाजपा के बूथ अध्यक्षों से लेकर तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जीएसटी टीम के छापामारी से व्यापारियों में हड़कंप

कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

**दुकानों के शटर गिरा कर व्यापारी भागे**

कस्बा के पुरानी गल्ला मंडी के सामने आदि शक्ति ट्रेड्स में बांदा की जी एस टी टीम ने छापा मारकर अभिलेखों की जांच पड़ताल की। देर शाम तक फर्म के गोदाम आदि की जांच पड़ताल की। इस कार्यवाही से कस्बे के व्यापारियों में हड़कंप मचा रहा। तथा कई व्यापारी अपने प्रतिष्ठान बंद कर इधर उधर हो लिए। कस्बा कुरारा के पुरानी गल्ला मंडी के सामने आदि शक्ति ट्रेड्स की दुकान संचालित है। इस में इलैक्ट्रिक सामान इनवर्टर, फ्रिज, कूलर, बेड, सोफा, आदि सामान की बिक्री होती है। आज दोपहर में बांदा से आई जी एस टी टीम ने प्रतिष्ठान में आकर अभिलेख की जांच पड़ताल की तथा खरीद व बिक्री की जांच की। टीम प्रभारी अवध कुमार पटेल डिप्टी कमिश्नर एस आई बी ने जानकारी देते हुए बताया कि जांच की जा रही है। इस कार्यवाही से कस्बे के व्यापारियों में हड़कंप मचा रहा। तथा कई व्यापारी अपने प्रतिष्ठान बंद कर इधर उधर हो लिए। व्यापारी के दो गोदाम व मेन प्रतिष्ठान में टीम द्वारा जांच पड़ताल की गई है। इस दौरान टीम में अनिल कुमार डिप्टी कमिश्नर एस आई बी , जुबेर अहमद सहायक आयुक्त एस आई बी बांदा आदि मौजूद रहे।

# डॉ. इदरीसी के बताये रास्ते पर चल रहा इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक बोर्ड : डॉ. निगम

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

**कार्यक्रम में बोट डालने की भी की गयी अपील**




बोर्ड आफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उत्तर प्रदेश के बैनर तले सम्पन्न 49 वे स्थापना दिवस के अवसर पर बोर्ड के सदस्य डा.नरेन्द्र भूषण निगम ने कहा कि बोर्ड आफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उत्तर प्रदेश के चेयरमैन डॉ. इदरीसी साहब बहुत बधाई के पात्र हैं उनकी कृपा से यह विधा पूरे देश के कोने कोने में पहुंच चुकी है, उन्होने कहा कि जिस तरह देश के विकास में योगदान करने के लिए व्यक्ति का फिट रहना आवश्यक है उसी प्रकार से देश के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदाताओं का वोट डालना जरूरी होता है इस लिए मतदान वाले दिन यह याद रखें कि पहले मतदान फिर जलपान।

कार्यक्रम में जिला प्रभारी अधिकारी डॉ गणेश सिंह ने कहा कि सभी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक जनपदीय पंजीयन करा कर ही चिकित्सा करें जो चिकित्सक जिला पंजीयन के बिना चिकित्सा करते पाए गए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। डॉ मानसी (नोडल अधिकारी पंजीयन) ने कहा कि यदि कोई भी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा विधा से कार्य नहीं करता और अन्य चिकित्सा विधा से कार्य करते हुए पाये जाने पर होने वाली कार्य वाही के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे ईएच डॉ देवानंद सागर (कैम्प कमेटी प्रभारी) लगातार निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित कर निशुल्क इलाज प्रदान कर रहे हैं कार्यक्रम में ईएच डॉ मेहर मधुर निगम ईएच डॉ सुनीता सागर ईएच डॉ कंचन गुप्ता ईएच डॉ विपाशा ईएच डॉ सन्तोष आर्य ईएच डॉ रफीक अहमद ईएच। डॉ शफी बक्स ईएच डॉ अरसद अंसारी अंकुर निगम एडवोकेट सलाह कार अंश निगम आदि लोग उपस्थित रहे।

# मिड-डे-मील न बनने से केवल चौदह बच्चे आते हैं स्कूल

कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

**शिकायत के बाद भी जिम्मेदार नही दे रहे है ध्यान**



अभिभावकों व ग्राम प्रधान की दर्जनों शिकायत के बाबजूद हर बार केवल जांच कराने का आश्वासन देने वाले अधिकारियों द्वारा सही कार्यवाही न किये जाने के चलते प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय में करीब दो सप्ताह से मिड डे मील नही बनवाया जा रहा है जिससे विद्यालय में बच्चो की उपस्थिति घट कर 14 हो गयी है।बिकास खंड क्षेत्र के चकोठी ग्राम स्थित प्राथमिक विद्यालय में करीब दो सप्ताह से बच्चो को मिड डे मील का भोजन नही मिल रहा है। जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान हरिशंकर बेसिक शिक्षा अधिकारी से करीब आधा दर्जन से अधिक बार कर चुके है। ग्राम प्रधान हरिशंकर ने बताया कि बीएसए द्वारा हर बार केवल जांच करा कार्यवाही की जाएगी का ही आश्वासन दिया जाता है परंतु न तो आजतक कोई जांच हुई न ही कोई कार्यवाही। विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चो के अभिभावक जयदेबी, बृजमोहन, संजय, सिंदूरी, सुरेश, आरती आदि ने बताया कि बच्चो को विद्यालय में महीनों में 8 से 10 बार ही भोजन मिलता है।

बुधवार को मिलने वाला दूध तो शायद ही कभी बच्चो को नसीब हो। ग्राम प्रधान व अभिभावकों ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजीव कुमार पर इन सब अनियमितताओं के आरोप लगाए है। अभिभावकों का कहना है कि तमाम शिकायतों के बाबजूद कार्यवाही न होने से प्रधानाध्यापक के हौसले बुलंद है वो अभिभावकों से भी बत्तमीजी से बात करते है। विद्यालय में जाकर बैठ जाते है कभी बच्चो की क्लास तक नही पढ़ाते है। अभिभावकों ने जल्द कार्यवाही न होने पर जिलाधिकारी के पास जाकर शिकायत करने की बात कही है। वही इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कुमार ने बताया कि जब ग्राम प्रधान मिड डे मील का पैसा ही नही निकाल रहे है तो हम अपनी जेब से कब तक एमडीएम बनवाये। इस संबंध में हमने अपने आलाधिकारियों को भी जानकारी दे रखी है।

## पारा 43 डिग्री पार,सड़को में पसरा सन्नाटा

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** भीषण गर्मी एवं तेज़ धूप के कारण सड़कों पर पसरा सन्नाटा पसरा रहा।
क्षेत्र में बीते सप्ताह से पड़ रही तपन भरी भीषण गर्मी से जहां आमजन परेशान हैं तो वहीं जानवर भी धूप से बचने के लिए नदी नालों में डुबकी लगाते एवं पेड़ की छांव में बैठे हुए दिखाई दिए। इन दिनों भीषण गर्मी से बाजारों एवं गलियों में सन्नाटा पसरा रहा और आमजन गर्मी से निजात पाने के लिए पेड़ों के नीचे बचाव करते दिखे। वहीं मुख्य मार्गो में पीने के पानी की व्यवस्था कम होने के कारण लोग इधर-उधर भटकते हुए दिखे और दुकानों से पानी खरीदकर अपनी प्यास को बुझाने का प्रयास करते रहे। दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक भीषण तपन भरी गर्मी के कारण लोग अपनी अपनी दुकानो एवं घरों में दुबके रहे। जानकारों की माने तो आगे गर्मी अभी इस समय का दोगुना और हो जाएगी। वहीं क्षेत्र में बुधवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री रहा।

# बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



इटावा, समृद्धि न्यूज।

नगर के तिवारी ज्वाला प्रसाद आर्य कन्या इंटर कॉलेज में बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षिकाओं व छात्राओं को शपथ दिलाई गई कि कहीं भी कोई भी बाल विवाह नहीं होने देंगे तथा किसी भी बाल विवाह कार्यक्रम में शामिल भी नहीं होंगे।

जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह के निर्देशन में पहुंचे बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि बाल विवाह होने पर बड़ी बड़ी शारीरिक मानसिक व पारिवारिक समस्याएं होती हैं इसलिए निर्धारित आयु से पहले कोई भी बाल विवाह न होने पाए। उन्होंने यह भी कहा कि समय-समय पर राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग प्रदेश भर के स्कूलों से ड्रॉपआउट बच्चों की जानकारी हासिल करता है ताकि उनके कारणों का पता चल सके और किन्हीं परिस्थितियों में उनके बाल विवाह न होने पाएं। श्री गुप्ता ने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर शिकायत कैसे करें इसकी पूर्ण जानकारी दी तथा चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के सदस्यों से परिचय भी कराया। उन्होंने छात्राओं से बाल विवाह संबंधित प्रश्न भी पूछे जिनके छात्राओं ने सही उत्तर भी दिए। सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार शाक्य ने कहा कि बाल विवाह केवल एक बुराई ही नहीं बल्कि कानूनन अपराध भी है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत बाल विवाह कराने वाले सभी सेवा प्रदाताओं पर भी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। आगामी 10 मई को अक्षय तृतीया है इस दिन सभी लोग अपने आसपड़ोस में नजदीकी संबंधियों तथा रिश्तेदारों में भी यह सुनिश्चित करें कि कहीं कोई बाल विवाह तो नहीं हो रहा है यदि ऐसा है तो शीघ्र ही इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर अवश्य दें।प्रधानाचार्या मनोरमा रानी ने बाल विवाह रोकथाम हेतु स्वरचित कविता भी सुनाई। छात्राओं ने कार्यक्रम के अतिथियों का स्वागत अभिनंदन व धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन की प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर कीर्ति गुप्ता सुपरवाइजर मेघा मित्तल, काउंसलर प्रीति यादव, केसवर्कर मोहम्मद बिलाल के अलावा कॉलेज की शिक्षिकाएं अर्चना शर्मा, अवनि चौहान, पूजा गुप्ता, राखी देवी, रेनू सेठ, वर्षा गुप्ता, आकांक्षा, नेहा प्रजापति आदि मौजूद रहीं। इसी प्रकार नगर के इस्लामियां इंटर कॉलेज बॉयज में प्रधानाचार्य गुफरान अहमद के संयोजकत्व में बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सामाजिक कार्यकत्री बेबी तबस्सुम, चाइल्ड हेल्पलाइन केसवर्कर मोहित मिश्रा, इस्लामियां इंटर कॉलेज गर्ल्स की प्रधानाचार्या सायमा सिद्दीकी के संयोजकत्व में आयोजित बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम में प्रोबेशन कार्यालय से आंकड़ा विश्लेषक उमर मुर्तजा खान के अलावा सचिन जैन भी मौजूद रहे।

# थाने का निरीक्षण कर एसएसपी ने दिए निर्देश



इटावा, समृद्धि न्यूज।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा थाना वैदपुरा का वार्षिक निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा थाना वैदपुरा का वार्षिक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा सलामी ग्रहण की गई तत्पश्चात प्रभारी निरीक्षक कार्यालय, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी आवास, शस्त्रागार भोजनालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण कर संबंधित प्रभारी से समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके त्वरित निस्तारण तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं थाना परिसर की साफ सफाई व सौंदर्यीकरण/ सुदृढ़ीकरण हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा एक हे.का., एक अरक्षी, एक महिला अरक्षी एवं चौकीदारों को उनके द्वारा किये गये कार्यों की सराहना करते हुए नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

# संचारी रोगों एवं मच्छरों की रोकथाम करना हमारी जिम्मेदारी : शरद

इटावा, समृद्धि न्यूज।



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं वरिष्ठ सभासद शरद बाजपेयी ने संचारी रोगों की रोकथाम के साथ-साथ मच्छरों की रोकथाम के लिए ऐंटी लार्वा दवा के छिड़काव के साथ ही पुराना शहर के विभिन्न मोहल्लों में कल शाम से रात्रि बेला तक एक बार फिर छोटी व बड़ी दोनों फागिंग मशीन से शाहगंज, उझैदी, चौखर कुआं, वैरुन पंसारी टोला, हुई गंज, राजागंज, सी ओ चौराहा, सी ओ आफिस, राजागंज हाता, गाड़ीपुरा चूड़ी बाजार, लालपुरा आंशिक, अकालगंज, कटरा टेक चंद्र, पचराहा, छैराहा, कुंज गली, अकालगंज गौड़ा आदि मुहल्लों में दवा का छिड़काव कराया।

भाजपा नेता शरद बाजपेयी ने कहा कि गर्मी बढ़ रही है इसलिए स्वच्छता का ध्यान हम सभी को विशेष रूप से रखना होगा, इसलिए महीने में दो से तीन बार लगातार फागिंग मशीन से दवा का छिड़काव करा रहा हूं, और ऐंटी लार्वा दवा का छिड़काव भी लगातार कराया जा रहा है।बस जरूरत है हम सभी की सजगता की क्यों कि आपके सहयोग और सजगता से ही क्षेत्र साफ सुथरा होगा और संचारी रोगों से बचाव होगा।।इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के कर्मचारी व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# नामांकन प्रक्रिया की तैयारियों का निरीक्षण करते डीएम- एसपी

- 26 अप्रैल से 3 मई तक पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक हो सकेगा पर्चा दाखिल
- नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा 4 मई व नाम वापसी की 6 मई


नामांकन प्रक्रिया की तैयारियों का जायजा लेते अधिकारी।

उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज

नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से पहले जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिये संयुक्त रूप से जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में पर्चा दाखिल करने की व्यवस्था को देखते हुये परिसर में लगायी जा रही बैरिकेटिंग आदि व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिये नाम निर्देशन 26 अप्रैल 2024 से 3 मई 2024 तक (लोक अवकाशों को छोड़कर) समय पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक किया जायेगा। नाम निर्देशन हेतु अंतिम 3 मई 2024, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 4 मई 2024, नाम वापिसी हेतु अन्तिम 6 मई 2024 हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी द्वारा रिटर्निंग आफीसर को नामांकन पत्र प्रस्तुत करते समय 100 मीटर की परिधि में केवल 3 वाहन अनुमन्य हैं। नामांकन कक्ष पर उम्मीदवार सहित कुल 5 व्यक्ति ही एक साथ रिटर्निंग आफीसर के कार्यालय में उपस्थित रह सकते है। नामांकन पत्र में निर्दलीय अभ्यर्थी द्वारा 10 प्रस्थावकों के नाम दिये जाना आवश्यक है तथा निर्दलीय प्रस्तावकों के नाम संबंधित विधानसभा निर्वाचन नामावली में होना अनिवार्य हैं। जिनकी विधिवत वीडियोग्राफी व सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी द्वारा किसी भी प्रकार का जुलूस, सभा बिना अनुमति के किये जाना प्रतिबंधित हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन के लिये वोटर लिस्ट की सत्यापित कापी भी लगानी होगी। अपराधिक इतिहास के साथ सम्पति की जानकारी भी पर्चा दाखिल करते समय उम्मीदवार को देना अनिवार्य हैं। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मथुरा देवी-एसबीडीएम कालेज में प्रतिभाओं को मिला सम्मान

उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज



मथुरा देवी बालिका इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा के मेधावियों को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। एसबीडीएम इंटर कॉलेज के यूपी बोर्ड परीक्षा में अंग्रेजी माध्यम के मेधावियों को सम्मानित किया गया। नगर के मथुरा देवी बालिका इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड परीक्षा में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय परिवार की ओर से मेधावियों का सम्मान समारोह विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। इस दौरान इंटरमीडिएट की परीक्षा के मेधावी रौनक तिवारी, दृष्टि प्रजापति, रिया पांचाल सोनम पाल, अवंतिका पटेल व सेजल सहित हाईस्कूल की परीक्षा के मेधावी शिवम कुमार, महक कुशवाहा, आकांक्षा दीक्षित, निवेदिता सोनी, ऐश्वर्या पाल को विद्यालय के प्रबंधक पूर्व मंत्री श्रीराम पाल, संचालक संतोष तिवारी व प्रधानाचार्या शिल्पी गुबरेले ने फूल मालाएं पहनाकर व शील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि सुरेंद्र पाल सिंह, प्रागीलाल, संजीव पाल, करन सिंह महेश विश्वकर्मा, कुलदीप चतुर्वेदी, मलखान सेंगर, गजराज सेंगर, अर्पिता राजावत, दीक्षा वर्मा, शैली उदैनियां आदि ने सभी मेधावियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उधर, नगर के एसबीडीएम इंटर कॉलेज में भी अंग्रेजी माध्यम के मेधावियों को सम्मानित किया गया। जिसमें हाईस्कूल के मेधावी छात्र पूर्वी साहू, गोपाल बुधौलिया, अनुष्मा सिंह एवं इंटरमीडिएट के मेधावी मुस्कान साहू, आस्था दांतरे, आस्था प्रजापति को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते संरक्षक आशीष बाथम, प्रधानाचार्य जाविद सिद्दीकी ने फूल मालाएं व स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर अबू तालिब, अभिषेक, कपिल, नीरज, साधना सेंगर, रूबी, कंचन, अफ्सा आदि मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाली छात्राएं सम्मानित



उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज

इंस्पायर कोचिंग क्लासेस के बच्चों ने गणित विज्ञान आदि विषयों में सम्मान सहित अंक प्राप्त करके शिक्षकों का नाम रोशन किया है। इंस्पायर कोचिंग क्लासेस के संचालक नरसिंह यादव ने बताया कि संस्था में इंटरमीडिएट की छात्रा साहिबा सिद्दीकी ने रसायन विज्ञान में 97, भौतिक विज्ञान में 92 प्राप्त किए। कुल मिलाकर 88 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा साहिबा ने अपने शिक्षकों का नाम रोशन किया है। इसके अलावा योगेश ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। तरमिया ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कायनात ने 76 प्रतिशत तो हुमैरा ने 75 फीसदी अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। उन्होंने सभी विद्यालियों का फूल मालाएं पहनाकर सम्मान किया साथ आगे और भी अच्छे से मेहनत करने की अपील की ताकि आगे जाकर वह जिस क्षेत्र में जाएं अपने परिवार और शिक्षकों का नाम रोशन करें।

# लोकसभा चुनाव में 271 बूथों को वेवकास्ट से जोड़ा जाएगाः एसडीएम



कालपी,जालौन। समृद्धि न्यूज

बुधवार को उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में कालपी विधानसभा क्षेत्र के 467 बीएलओ तथा सुपरवाइजरों की मीटिंग संपन्न हुई। इस मौके पर उन्होंने बताया कि निर्भीक एवं निष्पक्ष तरीके से चुनाव को संपन्न करने के लिए 271 बूथों को वेव कास्ट से जोड़ा जाएगा। जिसके निगरानी सीधे भारत निर्वाचन आयोग करेगा।

तहसील सभागार में तहसीलदार अभिनव तिवारी, नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला की मौजूदगी में उप जिलाधिकारी हेमन्त पटेल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कालपी विधानसभा क्षेत्र के दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या 8771 है। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी मतदाताओं को घरों में जा-जाकर निर्वाचन आयोग के फॉर्म 12 (घ) को भरवा लें। उन्होंने बताया कि शरीर से कमजोर बुजुर्ग मतदाताओं को उनके घरों में पार्टी भेज करके पेपर बैलेट से वोट डलवाया जाए। अगर बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता ( शरीर 40 प्रतिशत से अधिक अपंग दिव्यांग) द्वारा पोलिंग बूथ में मतदान करने की इच्छा जाते जाएगी तो उनको पोलिंग बूथ में मतदान कराया जाए। शारीरिक रूप से कमजोर 85 वर्ष से अधिक बुजुर्गो तथा 40 प्रतिशत से अधिक अपंग दिव्यांग मतदाता अगर पैदल पोलिंग बूथ तक पहुंचने में असमर्थ है, तो उनके लिए व्हीलचेयर के माध्यम से पोलिंग बूथ तक पहुंचाया जाए। इसके लिए स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग व्हीलचेयर की व्यवस्था करेगा। उन्होंने सभी लोगों से कहा की लोकसभा चुनाव नजदीक हैं सभी लोग जल्द से जल्द तैयारियां पूर्ण करें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर नायब तहसीलदार हरदीप सिंह, नीलमणि सिंह, मतदाता पंजीकरण केंद्र प्रभारी शशांक कुमार के अलावा बीएलओ तथा सुपरवाइजरों की मौजूदगी रही।

## एसडीएम व सीओ ने किया बूथों का निरीक्षण, दिए निर्देश


पोलिंग बूथ का निरीक्षण करते एसडीएम अतुल कुमार व सीओ।

जालौन (उरई)। लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। पोलिंग बूथों पर मतदाताओं को मिलने वाली सुविधाओं में कोई कमी न रहे, इसके लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। एसडीएम ने सीओ व पुलिस फोर्स के साथ क्रिटिकल बूथों का निरीक्षण किया और बूथों पर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और उन्हें बेहतर करने के निर्देश दिए। चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के साथ ही मतदाता बूथ पर पहुंचें तो उन्हें किसी दिक्कत का सामना न करना पड़े इसके लिए प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है।

बुधवार को इसी प्रयास को लेकर एसडीएम अतुल कुमार सीओ रामसिंह, कोतवाल विमलेश कुमार के साथ ग्राम अकोढ़ी दुबे, रूरा मल्लू, कुठौंदा खुर्द आदि गांवों में बने पोलिंग बूथों पर पहुंचे। जहां उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि मतदाता पोलिंग बूथ तक पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। किसी की बातों में आकर नहीं बल्कि अपने विवेक से अच्छा जनप्रतिनिधि चुने। इसके अलावा उन्होंने बूथों का निरीक्षण कर वहां सफाई व्यवस्था, शौचालय में पानी की उपलब्धता, छाया, रैंप, बिजली व्यवस्था, पंखा बल्ब आदि की व्यवस्थाएं देखीं। पेयजल की उपलब्धता को भी देखा। शौचालयों में पानी उपलब्धता के साथ साफ-सफाई देखी। पोलिंग बूथ पर आने वाले दिव्यांगों के बनी रैंप का जायजा लिया। एसडीएम अतुल कुंमार ने बताया कि बूथों का निरीक्षण किया गया। अधिकांश व्यवस्थाएं दुरुस्त मिली। कमी मिलने पर बीएसए से बात करके उन्हें दुरुस्त कराने के लिए कहा गया है।

# दलालों के मकड़जाल में उलझी स्वास्थ्य सेवाएं

उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज

बेहतर निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मनसा को लेकर शासन प्रशासन स्तर से बड़े पैमाने पर कवायद की जा रही है तो वही यहां मुख्यालय स्थित जिला चिकित्सालय में इसके ठीक विपरीत ऐसा भी देखने को मिल रहा है जो न सिर्फ व्यवस्थाओं पर प्रश्न चिन्ह लगाता है बल्कि आम गरीब लोगों की सेहत के साथ-साथ उनकी जेबो पर भी खुलेआम ढाका डालने की करतूतों को अंजाम दे रहा है हैरत की बात तो यह है कि दलालों की एक लंबी चौड़ी फौज की गतिविधियों को लेकर स्वयं जिला चिकित्सालय प्रशासन इस बात को तो स्वीकार कर रहा है लेकिन इस पर अंकुश कैसे लगाए जा सके इसके लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका है जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मुख्यालय स्थित जिला चिकित्सालय नगरी क्षेत्र के साथ-साथ शमीपस्त ग्रामीण अंचलों के वसींदों के लिए लंबे समय से महत्वपूर्ण साबित रहा है बीते कुछ बरसों के दौरान तो शासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में भी तमाम संसाधन यहां जुटाए गए हैं ताकि गरीब जरूरतमंद लोगों का उपचार अच्छे तरीके से किया जा सके लेकिन हैरत की बात है कि दूसरी ओर यहां जिला चिकित्सालय में दलालों का एक ऐसा मकड़जाल भी तेजी के साथ बढ़ रहा है जो दोहरे मापदंड के साथ अपनी काली करतूत को अंजाम देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा सूत्रों की माने तो यहां के दलाल सुबह से शाम तक यहां आने वाले मरीजों को बहला फुसला कर निजी चिकित्सालयों में उपचार और शल्य चिकित्सा के लिए तैयार कर लेते हैं।

## सीएमएस बोले संज्ञान में है जल्द करेंगे कार्यवाही



उरई। जिला चिकित्सालय में दलालों की भूमिका को लेकर जब यहां के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर जेजे राम से इस संबंध में जानकारी ली गई तो यह भी काम चौंकाने वाली बात नहीं है कि वह स्वयं भी इस बात को स्वीकार करने में कोई हिचक नहीं दिखा रहे थे उन्होंने कहा कि इससे पहले भी उन्हें जिला चिकित्सालय में दलालों के आने-जाने के संबंध में जानकारियां मिलती रही हैं और वह इन लोगों की करतूत से परिचित हैं जल्दी ही वह ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्यवाही करने जा रहे हैं।

# जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने किया धन्यवाद ज्ञापित

गीडा, गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र कुमार सिंह ने केयान डिस्टलरीज के एमडी विनय कुमार सिंह की उनके सामाजिक दायित्व के निर्वहन के लिए उनकी भूरि भूरि प्रशंशा की है।

बता दे कि निर्माणाधीन केयान डिस्टलरीज ने अपने सामाजिक दायित्व को लेकर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुवावल खुर्द को अंगीकृत कर विद्यालय का कायाकल्प करके उसे और भी बेहतर बनाने के लिए निर्णय का स्वागत किया है और एम डी विनय कुमार सिंह एवं उनकी पूरी टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया है इस दौरान उन्होंने कहा कि केयान डिस्टलरीज ने निर्माणाधीन रहते हुवे जिस तरह से शिक्षा के क्षेत्र में एक अलख जलाने का कार्य किया है उससे गीडा क्षेत्र में विकसित हो रही अन्य कंपनियों को भी सीख लेनी चाहिए और प्रेरित होकर गोरखपुर को एक मॉडल के रूप में पूरे उत्तर प्रदेश में प्रदर्शित करना चाहिए इस दौरान उन्होंने कम्पनी के प्रबंधक प्रशासन आत्मानंद सिंह को केयान डिस्टीलिरी को समाजिक दायित्व के लिए प्रशंसा पत्र देते हुए विनय कुमार सिंह को धन्यवाद देते हुए आगे भी ऐसे ही समाजिक हितों के लिए तत्पर रहने की अपेक्षा करते हुए शिक्षा क्षेत्र के लिए अदभुत प्रेम और सेवा का भाव बताया है।

# आईजीएल के बिजनेस हेड ने समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

सहजनवां गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।




उत्तर प्रदेश डिस्टलरी एसोसिएशन के अध्यक्ष एस के शुक्ल, जनरल सेक्रेटरी रजनीश अग्रवाल, द्वारा इथेनॉल क्षेत्र में सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 23.04.2024 को नई दिल्ली में यूपी डिस्टिलर्स एसोसिएशन (यूपीडीए) और यूएस ग्रेन्स काउंसिल (यूएसजीसी) के बीच एक अभूतपूर्व समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह वास्तव में एक ऐतिहासिक दिन और कार्यक्रम था जिसकी अध्यक्षता उत्तर प्रदेश डिस्टलरी एसोसिएशन के अध्यक्ष एस के शुक्ल ने की और इस एमओयू की घोषणा अमेरिकी राजदूत एच.ई. एरिक गारसेटी ने किया। इस अवसर पर यूएसजीसी के चेयरमैन ने बताया की यू.एस. ग्रेन्स काउंसिल (यूएसजीसी), अमेरिकी कृषि विभाग के तहत अमेरिका की एक सर्वोच्च संस्था है।

यूएसजीसी जौ, मक्का, ज्वार और डिस्टिलर के सूखे अनाज घुलनशील (डीडीजीएस) और इथेनॉल सहित संबंधित उत्पादों के लिए निर्यात बाजार विकसित करता है। 28 स्थानों पर पूर्णकालिक उपस्थिति के साथ, काउंसिल 50 से अधिक देशों और यूरोपीय संघ में कार्यक्रम संचालित करती है और भविष्य के दृष्टिकोण को से देखते हुए उच्च उपज वाले किस्म के बीज विकसित करने के लिए भारतीय कृषि क्षेत्र और पारिस्थितिकी तंत्र में गहराई से उतरना, पारिस्थितिकी तंत्र में उच्च इथेनॉल मिश्रणों के एकीकरण के लिए नवीनतम अमेरिकी / वैश्विक प्रौद्योगिकियों से नवीन खेती और लॉजिस्टिक प्रथाओं की स्थापना करना, और किसानों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए है। मकई मूल्य इथेनॉल सह-उत्पादों को अधिकतम करना, डिजिटल प्लेटफॉर्म का लाभ उठाना आदि इस समझौता ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य है।

# प्राइवेट स्कूलों की बढ़ी फीस से अभिभावक कर रहा ठगा महसूस

उतरौला, बलरामपुर समृद्धि न्यूज।

प्राइवेट स्कूलों की हर सत्र बढ़ती फीस और कमीशनबाजी के चलते अभिभावक अपने आपको ठगा महसूस कर रहा है। निजी स्कूलों में चलने वाला कोर्स केवल चिन्हित दुकानों पर ही मिलता है। बच्चों का भविष्य बनाने का सामान ऊंचे दामों पर कापी किताब स्टेशनरी यूनिफार्म देकर अभिभावकों की जेब काटी जा रही है।बच्चों के भविष्य के लिए परेशान अभिभावक उधार, कर्ज लेने से पीछे नही हटता है।

शासन प्रशासन निजी स्कूलों में हो रही मनमानी पर अंकुश लगाने में सफल नही हो पा रहा? है।अभिभावक अपने बच्चों को ऊंची शिक्षा दिलाने के चक्कर में अपने बजट से कहीं आगे निकल जाते हैं जिसके चलते कर्जदार हो जाते हैं।और समय पर फीस नहीं दे पाते तो अपमानित भी होना पड़ता है। स्कूल प्रबंधक हर साल फीस में बढ़ोत्तरी करते हैं और आमजन का जीना मुहाल हो जाता है। कापी किताब का सेट इतना महंगा है कि उसे खरीदने में अभिभावकों के पसीने निकल जाते शिक्षा विभाग इस लूट पर चुप्पी साधे हुए है।भारी भरकम फीस के चलते कई बच्चे बड़े स्कूलों का मुंह तक नही देख पाते हैं।लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी का कहना है कि ऐसे में उन बच्चों के भविष्य के बारे में सरकार को गंभीरता से सोचने की जरूरत है और फीस की सीमा निर्धारित होना चाहिए।

# बिना मान्यता के स्कूल संचालन पर प्रबंधक से मांगा स्पष्टीकरण

- डीआईओएस के निरीक्षण में मान्यता संबंधी नहीं मिले अभिलेख

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

जिला मुख्यालय के भगवतीगंज बाजार में स्टेट बैंक के बगल संचालित एम्स कॉन्वेंट स्कूल बिना मान्यता के संचालित होने पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने विद्यालय प्रबंधन प्रिंसिपल को नोटिस देकर स्पष्टीकरण तलब किया है। इसके साथ-साथ मान्यता संबंधी अभिलेख के साथ कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

विद्या निरीक्षक गोविंदराम ने बताया कि राजधानी के इंदिरा नगर कसैला निवासी राहुल सैनी ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर बिना मान्यता के एम्स कान्वेंट स्कूल भगवतीगंज की शिकायत की है शिकायत के निस्तारण को लेकर डीआईओएस ने संबंधित स्कूल का बीते शुक्रवार को आकस्मिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान कक्षा 1 से 9वी तक कक्षाएं संचालित मिली है प्रधानाध्यापक वीरेंद्र शुक्ला से मान्यता संबंधी अभिलेख मांगने पर किसी प्रकार की कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया गया प्रधानाध्यापक ने निरीक्षण अधिकारी को बताया कि कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं का नामांकन पब्लिक सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज अगर हवा कराया जाता है निरीक्षण के दौरान यह भी पता चला कि विद्यालय का मौजूदा समय में कोई भी मानता नहीं है जिला विद्या निरीक्षक ने प्रधानाध्यापक एवं प्रबंधन को नोटिस देकर मान्यता संबंधी अभिलेख कार्यालय में लेकर उपस्थित होने का निर्देश दिया है ताकि अग्रिम कार्रवाई की जा सके प्रकरण के संबंध में डीआईओएस ने जिला अधिकारी जिला मुख्य विकास अधिकारी संयुक्त शिक्षा निदेशक देवी पाटन मंडल सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक शिक्षा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कार्यवाही सेअवगत करा दिया है। वही नगर खंड शिक्षा अधिकारी रामकुमार से इस संबंध में जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है।

जल्द ही विद्यालय के कक्षा एक से आठवीं तक की मान्यता की जांच की जाएगी बिना मान्यता संचालन मिलने पर प्रबंधक प्रधानाध्यापक के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पति की प्रताड़ना से त्रस्त पत्नी ने दर्ज करायी एफआईआर

जालौन (उरई)। पति आए दिन शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है। इतना ही नहीं मारपीट कर पत्नी को घर निकाल दिया है। पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नारोभास्कर निवासी अंजू ने पुलिस को बताया कि उसके पति पवन आए दिन उसके साथ गाली, गलौज करते रहते हैं। वह चाहती है दोनों के बीच अच्छे संबंध बने रहें लेकिन पति किसी न किसी बात को लेकर उसे तंग करता रहता है। गाली, गलौज व मारपीट रोज की बात है। कई बार परिवार के लोगों ने समझाने का प्रयास किया लेकिन वह मानने को तैयार नहीं हैं। दिन प्रतिदिन उनकी प्रताड़ना बढ़ती जा रही है।

# ट्रक 20 फिट खाई में कूदी चालक व खलासी घायल

दुद्धी / सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।



स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बीड़र गांव में 24 अपैल बुधवार को प्रातः करीब 5:30 बजे एक कोयला वाहन ट्रक अनियंत्रित होकर नाफा नाला पुलिया की रेलिंग तोड़ 20 फिट गहरी खाई में कूद गई जिससे चालक व खलासी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार झारखंड से रेणुकूट की ओर कोयला लोड करने जा रही बड़ी वाहन ट्रक बीड़र गांव में नफा नाला के पास पहुंचते ही अनियंत्रित हो गई।

जिससे पुलिया की रेलिंग को तोड़ते हुए 20 फिट गहरी खाई में कूद गई जो की पुलिया में गिरने की जोरदार आवाज सुन स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिया की तरफ दौड़े जहां मौके पर बड़ी वाहन ट्रक के साथ चालक व खलासी गंभीर अवस्था में कराहाते हुए नजर आए इन दोनों को ऐसी दशा देख ग्रामीणों ने तत्काल निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी लेगए जहां प्राथमिक उपचार के दौरान इनकी हालत गंभीर बताई गई। चालक सोहन कुमार पुत्र सुक्कर उरांव 40 वर्ष निवासी कुसम्हा गढ़वा झारखंड को गंभीर चोटें आई जो कि वहीं खलासी मनीष कुमार पुत्र राजेंद्र कुसम्हा को भी काफी गंभीर चोट लगी है इन दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने तत्काल जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# डीटीटीआई पहुंची आरटीओ, देखी आटोमेशन की व्यवस्था

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।



संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सुश्री ऋतु सिंह ने बुधवार को बेनीगंज स्थित ड्राइविंग ट्रेंनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टीट्यूट (डीटीटीआई) का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से मारुति सुजुकी कंपनी के द्वारा किए जा रहे ऑटोमेशन के कार्य का जायजा लिया गया। ऑटोमेशन के संचालन तथा कार्य प्रणाली के संबंध में संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक),लाइसेंस लिपिक तथा कंप्यूटर ऑपरेटर से जानकारी प्राप्त की गई जिसमें संबंधित प्रणाली के संबंध में ऑपरेटर द्वारा डेमो दिया गया।बताया गया कि ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक में सड़क के विभिन्न आयाम बने हुए हैं जैसे चढ़ाई,ढलान,आठ के आकार व एच के आकार आदि जिन पर मारुति सुजुकी कंपनी द्वारा सीएसआर के अंतर्गत सेंसर लगाए जा रहे हैं।

ड्राइविंग लाइसेंस आवेदनकर्ता जब टेस्टिंग ट्रैक पर वाहन चलाकर दिखाएगा तो सेंसर और कैमरों के माध्यम से इसकी जांच की जाएगी कि कहां पर नियमों का उल्लंघन किया गया है?इसका पूरा विवरण ग्राफिकल चित्र के रूप में कंप्यूटर पर प्रदर्शित होगा जिसके आधार पर लाइसेंस अथॉरिटी अभ्यर्थी के पास या फेल होने का निर्णय लेंगे। उक्त प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू होने के बाद ड्राइविंग टेस्ट की गुणवत्ता बढ़ जाएगी तथा परिवहन विभाग की पारदर्शी कार्यशैली में यह एक बड़ा कदम होगा। निरीक्षण के समय प्रेम सिंह संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) लाइसेंस लिपिक अनुराग सोनकर व कार्यदाई संस्था के कर्मचारी उपस्थित थे।

## मसूद आलम खान को राष्ट्रीय सचिव नामित किए जाने पर सपाइयों में हर्ष

बलरामपुर। दिग्गज नेता मसूद आलम खान को सपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव नामित किए जाने के बाद क्षेत्र के सपाइयों में हर्ष व्याप्त है। सपा नेता डॉ एहसान खान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को हृदय से आभार व्यक्त करते हुए, नव नामित राष्ट्रीय सचिव मसूद आलम खान को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर मुबारकबाद पेश किया। सपा नेता डॉ एहसान खान ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मसूद आलम खान पर विश्वास जताते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी है। मसूद आलम खान को राष्ट्रीय कार्यकारणी में राष्ट्रीय सचिव के पद पर नामित किए जाने के बाद देवीपाटन मंडल में पार्टी मजबूती मिलेगी।

# सबसे कम व सबसे अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्र चिन्हित

उतरौला, बलरामपुर समृद्धि न्यूज।

चुनाव आयोग ने इस बार सबसे कम मतदाता वाले मतदान केंद्र व सबसे अधिक मतदाता के मतदान केन्द्र को चिन्हित किया है। उतरौला विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम मतदाता कम्पोजिट विद्यालय बिजौरा माफी पर 398 व सबसे अधिक मतदाता प्राथमिक विद्यालय कम्मरपुर में 1382 मतदाता हैं। इसी तरह विधानसभा उतरौला क्षेत्र में पिछले चुनाव 2019 में सबसे ज्यादा मतदान ग्राम धरौहरा में 66त्न व 2022 में प्राथमिक विद्यालय पतकरपुर में 70-81 प्रतिशत मतदान हुआ था।

## युवा मतदाताओं की संख्या में 3000 का इजाफा

उतरौला। विधानसभा उतरौला में 18-19 वर्ष के आयु के युवा मतदाताओं की संख्या तीन हजार तक बढ़ी है।

पिछले चुनाव में ऐसे मतदाताओं की संख्या उतरौला विधानसभा में 762 रही लेकिन इस लोकसभा चुनाव में ऐसे युवा मतदाताओं की संख्या 3752 तक पहुंच गई है। इस तरह इस बार युवा मतदाताओं की संख्या बढ़ने से मतदान का प्रतिशत अधिक होने की सम्भावना है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद।**

पत्रांक सं0 159/सार्वजनिक सूचना/2024-25 दिनांक 24/04/2024

-: सार्वजनिक सूचना :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद में स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अन्तर्गत ठोस कचरा अधिनियम-2021 के अनुसार प्रतिदिन 100 किग्रा या इससे अधिक कचरा उत्पन्न करने वालों को स्वयं अपने स्तर पर ठोस और गीला कचरा अलग-अलग करना तथा उसका निस्तारण करना अनिवार्य है, नियमों का पालन न करने पर सम्बन्धित प्रतिष्ठान स्वामी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायत्वि सम्बन्धित का स्वयं होगा।

अधिशासी अधिकारी
न0पा0परि0 फर्रुखाबाद।

अध्यक्ष
न0पा0परि0 फर्रुखाबाद।

# एसडीएम-ईओ ने मतदान के लिये किया प्रेरित

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा चुनाव 2024 में लोकतंत्र के महापर्व पर सभी नागरिक मतदेय स्थलों पर पहुंच कर देशहित में मतदान करें। जिससे आपके द्वारा चुना गया सदस्य आपकी जन समस्याओं को सदन में उठाकर निस्तारित करानें के साथ साथ क्षेत्र का विकास करनें का कार्य करे। कहा कि मौजूद लोग मतदान के लिए अपने परिजनों सहित आसपास के लोगों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूक करें। यह बात बुधवार को नगर के वार्ड संख्या 05 लक्ष्मी बाई नगर में मतदाता जागरूकता गोष्ठी को संबोधित करते हुए छिबरामऊ उपजिलाधिकारी उमाकान्त तिवारी ने



भ्रमण कर मतदान आमत्रंण पत्र सौंपते एसडीएम व ईओ।

कही। अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित नें कहा कि देश के सशक्त लोकतंत्र के लिए मतदान करना बेहद जरूरी है।

इससे पूर्व उन्होंनें वॉड भ्रमण कर नागरिकों को मतदान आमंत्रण पत्र सौंपकर मतदान करनें की अपील भी की। इसके बाद उन्होंने मौजूद लोगों को मतदान करनें की शपथ दिलाई। इस दौरान पूर्व सभासद मो. नफीस ने कहा कि मतदान करना हम सभी का दायित्व है। इस दौरान मो. हाशिम, सभासद सुखदेव, प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अनिल प्रजापति, मनोज तिवारी, जनार्दन मिश्रा, प्रसन्नजीत मिश्रा, मोहित गुप्ता, लेखपाल कौशल पाण्डेय सहित तमाम नागरिक मौजूद रहे।

# राजकीय इं.का.में सर्वाधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाई स्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम 20 अप्रैल को जारी किया गया था समधन राजकीय इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा वर्ष 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम का किया गया।

बुधवार को समधन राजकीय इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा हाईस्कूल में महविश बानो व शिवनारायण ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया




वही मो0 साद ने द्वितीय व मो. मिनहाज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इंटरमीडिएट में निकिता यादव ने विज्ञान वर्ग में प्रथम तथा मो. अदनान ने कला वर्ग में प्रथम व मो. अकमल ने द्वितीय तथा रिचा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। सभी छात्राओं को शील्ड भेंटकर व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष कुमार शर्मा, मृदुल मिश्रा प्रवक्ता, जसवेंद्र सिंह प्रवक्ता, मनोज कुमार प्रवक्ता, श्रीमती रीना कुरील सहायक अध्यापिका आदि सभी ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य कामना करते हुए सम्मानित किया गया।

## कच्ची शराब बरामद कर दो को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर भारी मात्रा में कच्ची शराब बरामद करते हुए दो लोगों को हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है। बीती शाम हमराह सिपाहियों के साथ गस्त कर रहे कोतवाली के उपनिरीक्षक राजेश प्रताप सिंह ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम तिगड़ा में छापेमारी की जहां दो युवकों के पास से 20-20 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवकों ने अपना नाम सूरज व अवनीश पुत्रगण फेरेराम निवासी ग्राम तिगड़ा बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# मक्का सहित मोटे अनाजों की होगी सरकारी खरीद




**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ एनसीसीएफ ऑफ इंडिया (भारत सरकार) लखनऊ मक्का सहित अन्य मोटे अनाजों की भी खरीद करेगा। इस अवसर पर नवीन मंडी में खरीद केंद्र का शुभारंभ करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने कहा भारत सरकार अब मोटे अनाजों को काफी प्राथमिकता दे रही है। इसीलिए सरकारी दर एमएसपी पर इसकी खरीद के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू किया गया है। पीएसएस योजना के तहत चना मसूर मक्का व सरसों की खरीद की जाएगी। उन्होंने कहा किसानों को इन फसलों के समर्थन मूल्य का लाभ दिलाने के लिए प्रदेश की प्रमुख दलहन तिलहन व मक्का की खरीद करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत फसल आने से पहले ही किसानों का प्री पंजीकरण संस्था के पोर्टल पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा खरीद के लिए कानपुर मंडल के चार जिले कन्नौज, फर्रुखाबाद, इटावा, कानपुर नगर को चयनित किया गया है। इसकी शुरुआत यहां की नवीन मंडी से की जा रही है। तालग्राम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह गौर ने मोदी सरकार की सराहना करते हुए कहा मोटे अनाजों की सरकारी दर पर खरीद से छोटे किसानों को काफी लाभ पहुंचेगा। इस दौरान संस्था के क्षेत्राधिकारी एके शर्मा, वरिष्ठ लिपिक विशाल कुमार, युक्ता आरएमएन एग्रो प्राइवेट लिमिटेड से राजेश कुमार शर्मा सहित विनोद कुमार, हाकिम सिंह, नवरत्न सिंह, नरेंद्र कुमार, महेंद्र सिंह, दीपू व रतिभान आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग की खाऊ-कमाऊ के चलते प्रसूता चढ़ी मौत के घाट

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

शहर में बिना रजिस्टर्ड स्वास्थ्य विभाग की रहमोकरम पर चल रहे अस्पताल बने जानलेवा शहर में दर्जनों अस्पताल स्वास्थ्य विभाग की रहमोकरम पर महा बार किस्त के आधार पर बिना लाइसेंस बिना डिग्री के चल रहे हैं।

ऐसे ही एक अस्पताल पीपल वाली गली स्थित गंगा हॉस्पिटल में कुंवरपुर करनौली निवासी दीपू ने अपनी पत्नी पूनम को प्रसव के लिए भर्ती कराया जहां 13 4.2024 को पृषभ हुआ पूनम की हालत बिगड़ी गंगा हॉस्पिटल की एंबुलेंस से कानपुर के लिए उपचार के लिए भेजा गया जहां उपचार के बाद कल पूनम अपने घर वापस आ गई।

अचानक तबियत बिगड़ गई परिजन आनन-फानन में गंगा हॉस्पिटल लेकर आए जहां कथित चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया गया उसके बाद अस्पताल प्रशासन अस्पताल बंद करके फरार हो गया परिजन अस्पताल के बाहर डेड बॉडी रखकर कर रहे हैं हंगामा घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस से भारी मात्रा में घटनास्थल पर पहुंचा समाचार लिखे जाने तक परिजनों द्वारा अस्पताल के बाद हंगामा लगातार जारी है।

# पूर्व विधायक की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष फर्रूखाबाद कन्नौज पूर्व विधायक की पुण्यतिथि पर उनके पुत्र पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने समाधि स्थल पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की।

समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक फर्रूखाबाद कन्नौज संयुक्त जिला पंचायत अध्यक्ष पूर्व विधायक स्वर्गीय श्री कप्तान सिंह यादव की12 पुण्य तिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया जनपद फर्रूखाबाद कन्नौज के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विधायक रहे जननायक कप्तान सिंह यादव की 12 पुण्यतिथि पर सराय दौलत स्थित हिमालय स्टोरेज में श्रद्धांजलि अर्पित की गयी पूर्व



विधायक अरविंद सिंह यादव ने फूल चढ़ाकर नमन किया इस मौके पर राम शंकर यादव प्रधान सुग्रीव सिंह यादव जयराम सिंह शाक्य सुशील प्रधानाचार्य अंकित शर्मा सत्येंद्र सिंह सुरेश चंद्र मास्टर साहब और मोनू अंकुर सिंह यादव रामसेवक शर्मा सुमित यादव उमेश पाल आदिल परवेज अमन खान मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षकअमित कुमार आनन्द के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संसार सिंह के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना सौरिख पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान थाना सौरिख पर अभियोग से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गणेश पुत्र हुकुम सिंह निवासी ग्राम सियोडा थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद उम्र करीब 29 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह मय हमराह कां0 नीशू व कां0 अजय प्रताप सिंह एवं हे0कां0 सुरेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा चेकिग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व तलाश के दौरान, अभियोग में वांछित अभियुक्त गणेश पुत्र हुकुम सिंह निवासी ग्राम सियोडा थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

### दो वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**छिबरामऊ। कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक जनपद अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संसार सिंह के कुशल निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप के कुशल नेतृत्व में थाना छिबरामऊ पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तगण 01.हरितोष दुबे उर्फ टिल्लू 02.प्रदीप दुबे उर्फ कल्लू दोनों पुत्रगण कमलेश दत्त दोनों निवासीगण ग्राम शाहजहाँपुर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज को गिरफ्तार किया गया। ग्राम शाहजहांपुर थाना छिबरामऊ में घर में घुसकर हमलावर होकर गाली गलौज कर मारपीट करने व जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से हमला करने, जिससे शरीर में गम्भीर चोटें आने एवं कानूनी कार्यवाही करने पर जान से मारने की धमकी देने वाले अपराधियों के विरुद्ध थाना छिबरामऊ पर वांछित अभियुक्तगण 01.हरितोष दुबे 2.प्रदीप कुमार दुबे पुत्रगण कमलेश दत्त दुबे निवासीगण ग्राम शाहजहाँपुर थाना छिबरामऊ को आज दिनांक 23.04.2024 को थाना छिबरामऊ पुलिस टीम द्वारा ग्राम शाहजहांपुर के बाहर जीटी रोड से गिरफ्तार किया गया।

### हादसे में मृत ग्रामीण की पुलिस ने की शिनाख्त

**तिर्वा।** ठठिया थाना क्षेत्र के सिमुआपुर गांव के निकट ठठिया-मानीमऊ मार्ग पर सोमवार की देर रात पैदल जा रहे एक ग्रामीण की अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई मौत के मामले में ठठिया पुलिस ने अज्ञात ग्रामीण की शिनाख्त कर ली है। शिनाख्त के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। ठठिया थानाध्यक्ष किशन पाल सिंह ने बताया कि सोमवार की देर रात मिले शव की शिनाख्त हो गई है। यह शव तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के सिकरोरी गांव निवासी रामदयाल (50) पुत्र रामभरोसे का है। वह देर रात पैदल ही ठठिया से मानीमऊ की तरफ जा रहा था। तभी पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को मोर्चरी में रखवा दिया था। बुधवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत, साथी घायल

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

उमर्दा के निकट स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के निकट मंगलवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई। साथी घायल का इमरजेंसी वार्ड में उपचार चल रहा है। बुधवार को इंदरगढ़ पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तालग्राम थाना क्षेत्र के हसनापुर गांव निवासी अभिषेक कुमार (24) पुत्र रघुवीर अपने दोस्त धीरेन्द्र (22) पुत्र विजय सिंह के साथ बाइक पर बैठकर इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के हरौलपुर्वा गांव में अपनी रिस्तेदारी में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। देर रात आठ बजे के करीब शादी समारोह से वापस वह अपने घर जा रहे थे। जब उनकी बाइक उमर्दा-बढ़नपुर गांव के बीच में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के निकट पहुंची, तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान अभिषेक ने दम तोड़ दिया। बुधवार की सुबह परिजनों के आने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मामले में इंदरगढ़ थानाध्यक्ष आनन्द मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# पहले मतदान फिर जलपान के थीम वाक्य पर घर-घर पहुंचकर प्रशासन कर रहा आम मतदाता को जागरूक

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

निर्वाचन आयोग एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका परिषद छिबरामऊ मतदाताओं को जागरूक करने हेतु लगातार मुहिम छेड़ रखी है. इसी क्रम में आज वह पालिका के वार्ड नंबर एक अंबेडकर नगर के लोगों को जागरूक करने हेतु तहसीलदार अभिनव वर्मा एवं अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में राजस्व एवं पालिका की टीम घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र देते हुए लोगों को जागरूक किया. अंबेडकर नगर स्थित सीवर कुवा पर वार्ड के नागरिकों के साथ एक बैठक की गई जिसमें लोकतंत्र शासन व्यवस्था में कोर्ट के महत्व को लोगों से चर्चा की गई. तहसीलदार अभिनव वर्मा ने लोगों से वार्ता करते हुए बताया कि की हर एक वोट की कीमत होती है सही जनप्रतिनिधि का चुनाव आप अपने मतदान से ही कर सकते हैं और आपके मतदान से ही देश की सबसे बड़ी सरकार को नीतियां बनाने में मदद मिलती है।

वही आशा से अधिकारी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने एक वोट की कीमत आप उसे समय जान सकते हैं जब एक वोट के कारण सरकारी गिर जाती हैं और आपके ही कीमती टैक्स से पुनः चुनाव कराना बाध्यता बनती है जिससे आपका खून पसीनो के पैसे का कई सौ करोड रुपए केवल चुनाव कराने में खर्च हो जाता है जिस पैसे का उपयोग सरकारी अस्पताल स्कूल आदि बनाया जा सकते थे।

अतः सभी लोग बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लीजिये और इस चुनाव के पर्व को देश के सबसे बड़े पर्व के रूप में मनाए. इस जागरूकता कार्यक्रम में राजस्व निरीक्षक लेखपाल विमल मिश्रा एवं पालिका के नीरज मिश्रा प्रदीप अमरदीप प्रवेश एवं सफाई नायक उपस्थित थे।

## तमंचा व कारतूस सहित युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव से पूर्व उच्चाधिकारियों के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा अपराधियों एवं अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत छापेमारी की जहां एक युवक के पास से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद करते हुए हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है। बुधवार को प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक विनय शर्मा ने हमराह सिपाही नागेंद्र सिंह के साथ गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मझपुर्वा रोड सरकारी ट्यूबवेल के निकट स्थित तारीख के बाग के पास एक संदिग्ध युवक पुलिस बल को देखकर भाग खड़ा हुआ। जिसे आवश्यक बल प्रयोग कर दबोच लिया। पुलिस नें युवक के पास से 315 बोर का तमंचा व एक कारतूस बरामद किया है। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम जुम्मन पुत्र हकीम अली निवासी सुल्तान आलमनगर यामाहा एजेंसी के पास बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जनपद न्यायालय भेजा गया।

# कन्नौज लोकसभा सीट से 11 प्रत्याशियों ने किए अपने-अपने नामांकन

- राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी की ओर से पिता-पुत्र ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

कन्नौज लोकसभा सीट के लिए बुधवार को 11 प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। बसपा प्रत्याशी ने एक बार फिर अपना नामाकंन किया है। वहीं भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक की धर्मपत्नी ने भी बतौर निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामाकंन दाखिल किया है। इसके अलावा राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से पिता और पुत्र ने अपना-अपना नामांकन कराया है। हांलाकि नामांकन पत्र जमा करने के लिए 25 अप्रैल




नामांकन पत्र दाखिल करतीं भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक की धर्मपत्नी नेहा पाठक

अंतिम दिन है। नामाकंन के अतिंम दिवस 25 अप्रैल गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी पूरे दमखम के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए अपने प्रत्याशियों का नामांकन कराएगी। हांलाकि मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर चुके है। वहीं समाजवादी पार्टी ने विगत दो दिन पूर्व बिहार के पूर्व मुख्यमन्त्री लालू प्रसाद यादव के दामाद व सपा मुखिया अखिलेश यादव के भतीजे तेज प्रताप यादव का नाम घोषित किया था, लेकिन अब 25 अप्रैल को खुद सपा मुखिया अखिलेश यादव कन्नौज सीट से नामांकन कर सकते हैं। कन्नौज लोकसभा सीट पर भाजपा और बसपा ने अपने-अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा पहले ही कर दी थी। बहुजन समाज पार्टी ने इमरान बिन जफर को कन्नौज लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी बनाया है। उन्होने 2 अलग-अलग दिनों में अपने नामांकन पत्र जमा कर दिए। भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक ने एक पूर्व मंगलवार को शांतिपूर्ण तरीके से अपना नामांकन दाखिल कर दिया था, लेकिन भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक द्वारा 25 अप्रैल को पूरी दमखम के साथ नामांकन किया जाएगा। गुरुवार को नामांकन के अन्तिम दिवस शहर के बोर्डिंग ग्राउण्ड में जनसभा को सम्बोधित करने के लिए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य कन्नौज आ रहे हैं। बुधवार को राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी की ओर से पूर्व सांसद रामबख्श वर्मा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

# अतिरिक्त दहेज न मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला

- पीड़िता ने पति समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज

**तिर्वा समृद्धि न्यूज।**

अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजनों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। मामले में पीड़िता ने ठठिया थाने में पति समेत तीन के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के कनपुरा गांव निवासी शिवांगी पुत्री बेदराम पाल ने ठठिया थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि दो मई 2022 को उसका विवाह ठठिया थाना क्षेत्र के सरसई गांव निवासी अमित कुमार के साथ हुआ था। उसका एक बर्ष का एक बच्चा भी है। विवाह के कुछ दिनों बाद से ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट करने लगे। 21 अप्रैल को ससुरालीजनों ने उसको मारपीट कर बच्चे समेत घर से निकाल दिया। कई बार सुलह करने का प्रयास किया, लेकिन ससुरालीजन मानने को तैयार नहीं हो रहे हैं। पीड़िता की तहरीर पर ठठिया पुलिस ने सरसई गांव निवासी पति अमित कुमार, सास इंद्राणी व ससुर गणेश पाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले में ठठिया थानाध्यक्ष किशन पाल सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# अखिलेश के कन्नौज से चुनाव लड़ने पर युवा सपाईयों में आया जोश

- सपा मुखिया अखिलेश यादव नामांकन के आखिरी दिन गुरूवार को कन्नौज में करेगें अपना नामांकन
- तिर्वा विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ो युवा कार्यकर्ता नामांकन जुलूस में होगें शामिल

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कन्नौज से चुनाव लड़ने व गुरूवार को नामाकंन दाखिल करने के ऐलान से सपाईयों में नया उत्साह आ गया है। बुधवार की शाम तिर्वा विधानसभा कार्यालय पर सपाईयों ने एक बैठक कर सपा मुखिया के ऐलान पर खुशी जताई।

साथ ही गुरूवार को होने वाले नामांकन के लिए भी विचार विमर्श किया। सपा मुखिया अखिलेश यादव गुरूवार को कन्नौज संसदीय सीट से अपना नामांकन दाखिल करेगें। इसका ऐलान उन्होने बुधवार को कर दिया है। एक दिन पहले ही समाजवादी पार्टी ने कन्नौज सीट पर सपा मुखिया के भतीजे तेज प्रताप यादव को प्रत्याशी घोषित किया था। बाद में कन्नौज क्षेत्र के सपा नेताओं ने लखनऊ जाकर सपा मुखिया से खुद ही कन्नौज सीट पर चुनाव लड़ने का अनुरोध किया था।

इसपर सपा मुखिया ने मंगलवार को मीडिया के समक्ष कन्नौज से चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। इसके जानकारी मिलते ही तिर्वा क्षेत्र के सपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। सबसे अधिक उत्साह क्षेत्र के युवाओं में है। सपा के विधानसभा अध्यक्ष शरद यादव ने बताया कि नामांकन में तिर्वा क्षेत्र में युवा कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ कन्नौज पहुंचेगी।



## विधि विधान से हुआ शिवमंदिर का भूमि पूजन

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला रामकिशन नगर सर्विस रोड पर अमाया रेजीडेंसी में भाजपा नेताओं ने विधि विधान से शिव मंदिर की भूमि का पूजन किया। इस दौरान उन्होनें कहा कि भगवान शिव की आराधना करनें से जीवन में खुशहाली आती है। बुधवार को अमाया रेजीडेंसी रामकिशन नगर मे शिव मंदिर का महंत पंडित दीनबन्धु पाठक द्वारा भाजपा नेता अमरदीप मिश्रा एवं भाजपा पिछडा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह वर्मा को विधि विधान से भूमि पूजन कराया गया। इसके बाद शिव मंदिर के निर्माण के लिये नींब खुदबाकर पहली ईट रखी गई। इस दौरान उन्होनें कहा कि भगवान शिव की सच्चे मन से पूजा करनें पर कष्टों का निवारण होता है। इस दौरान संजीव गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# स्व. कप्तान सिंह यादव की पुण्यतिथि पर अर्पित किये श्रद्धा सुमन

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के पूर्व विद्यायक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष रहे स्वर्गीय कप्तान सिंह यादव ने सदैव ही गरीबों, किसानों, मजदूरों, व्यापारियों के हितों के लिये कार्य करते हुये क्षेत्र में विकास की गंगा बहानें के साथ साथ जन कल्याण के कार्यो को अंजाम देकर गरीबों के कष्टों को दूर करनें का कार्य किया था।

यह बात बुधवार को क्षेत्र के ग्राम सराय प्रयाग स्थित कप्तान सिंह महाविद्यालय में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विधायक रहे जननायक कप्तान सिंह यादव की 12 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन करनें के उपरान्त पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने कही। कहा



स्वर्गीय कप्तान सिंह यादव की पुण्यतिथि पर नमन करते पूर्व विद्यायक।

कि उन्होनें क्षेत्र में समाजवाद की अलख जगानें का कार्य किया था। इस मौके पर राम शंकर यादव, प्रधान सुग्रीव सिंह यादव, जयराम सिंह शाक्य, सुशील प्रधानाचार्य, अंकित शर्मा, सत्येंद्र सिंह, सुरेश चंद्र मास्टर, मोनू, अंकुर सिंह यादव, रामसेवक शर्मा, सुमित यादव, उमेश पाल, आदिल परवेज, अमन खान मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर-ट्राला व बाइक में भिड़ंत, एक की मौत, दो घायल

▸ ट्रैक्टर चालक दुर्घटना के बाद से फरार, पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लिया

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**


मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस


पुलिस हिरासत में दुर्घटना करने वाला ट्रैक्टर ट्राला

ट्रैक्टर ट्राला तथा बाइक की आमने सामने भिड़ंत में बाइक सवार दो लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी ले जाया गया।

जहां हालत गम्भीर होने पर दोनों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां एक की उपचार के दौरान मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर व ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार राजवीर पुत्र रघुनाथ सिंह निवासी ग्राम बनियानी थाना गुरसहायगंज जनपद कन्नौज अपनी बुआ के पुत्र उपेंद्र सिंह पुत्र रामप्रकाश निवासी पसियापुर थाना शमसाबाद के साथ बुधवार को बाइक संख्या यूपी 74वाई3301 द्वारा आवश्यक कार्य से फरुखाबाद की ओर जा रहा था। बताते हैं रोशनाबाद फरुखाबाद मार्ग पर रोशनाबाद स्थित एक इंटर कॉलेज के निकट गुजरते समय फरुखाबाद से रोशनाबाद की ओर आ रहे सीमेंट से भरे एक ट्रैक्टर ट्राला संख्या यूपी 84एई9771 बाइक में आमने सामने भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार दोनों युवक गिर गए। जिस पर ट्रैक्टर का पहिया बाइक सवार के पैर के ऊपर से गुजर गया। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। बताते हैं राजवीर के पैर की हड्डी टूट गई, जबकि उपेंद्र भी गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर शराबा सुन मौके पर तमाम लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। भीड़ में कुछ संभ्रांत लोगों ने सूचना पुलिस को दी। वहीं कुछ लोगों ने 108 नंबर पर कॉल कर एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था में लोहिया अस्पताल के लिए दोनों को रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उपेंद्र पुत्र रामप्रकाश की मौत हो गई। बताते हैं दुर्घटना के बाद भीड़ ने ट्राला चालक को पकड़ने की कोशिश की। मगर चालक सभी को चकमा देकर भाग जाने में सफल रहा। फैजबाग चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया ट्रैक्टर ट्राला कब्जे में ले लिया गया। उन्होंने बताया दुर्घटना के संबंध में तहरीर नहीं दी गई। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। ग्राम पसियापुर के प्रधान नरसिंह ने जानकारी में बताया दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल उपेंद्र को लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उधर मौत की सूचना के बाद घर परिवार में कोहराम मच गया।

## पेड़ की डाल टूटकर बिजली के तारों पर गिरी, डेढ़ सैकड़ा गांव अंधेर में डूबे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा नवाबगंज के बाईपास तिराहे पर पेट्रोल पंप चौराहे के निकट एक पेड़ टूटकर बिजली के तारों पर गिर पड़ा। जिससे डेढ़ सैकड़ा से अधिक गांव की विद्युत व्यवस्था चरमरा गयी। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज के बाईपास पर विद्युत तारों के ऊपर भारी पेड़ की डाल टूटकर गिरने से आधा दर्जन से अधिक पोल टूटकर गिर गये। जिससे कस्बे की विद्युत व्यवस्था चरमरा गई। वहीं कस्बे के 3311 के.वी. बिजली घर पर अधिक लोड होने के कारण आए दिन विद्युत व्यवस्था गड़बड़ा जाती थी। जिसे अधिकारियों ने 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर हटाकर आज 10 एमवीए ट्रांसफार्मर रखा जा रहा है। जिससे सुबह से ही विद्युत व्यवस्था चरमराई हुई है। कस्बे में तो लोग गर्मी के कारण घरों से बाहर निकल आये। वहीं गांव में लोग पानी को तरस गये।

# आईपीएल सट्टा में दो को पुलिस ने दबोचा, लाखों की नकदी बरामद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


घटना का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक व पीछे खड़े आरोपी

बीती रात पुलिस ने लाखों रूपये की नकदी सहित दो आईपीएल सट्टा माफियाओं को दबोच लिया। उनके पास पुलिस ने बड़ी मात्रा में नकदी बरामद की है।

जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली पुलिस ने मोहल्ला नुनहाई निवासी गौरव वाजपेयी पुत्र अजय वाजपेयी के घर पुलिस ने दविश दी। पुलिस ने गौरव के साथ ही उसके साथी प्रदीप गुप्ता पुत्र रमेश चन्द्र गुप्ता निवासी बीबीगंज मऊदरवाजा को गिरफ्तार किया है। गौरव के पास से पुलिस को सट्टा पर्ची के साथ, 500 के 2078 नोट, 200 रूपये के 158 नोट, 100 रूपये के 265 नोट, 50 रूपये के 423 नोट, 10 रूपये के 81 नोट, 5 रूपये के चार नोट कुल फड़ से 11,19080 रूपये नकद बरामद हुए। कुल नकदी 12,03080 लाख रूपये की बरामद हुई है। कोतवाली प्रभारी जेपी शर्मा ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। कोतवाल ने अभी कोई जानकारी देने से मना किया है। उन्होंने बताया अभी जाँच की जा रही है। वहीं पुलिस को एक नीली डायरी भी मौके पर मिली है। जिसमें 22 मार्च 2024 से लेकर 20 अप्रैल 2024 तक आईपीएल क्रिकेट से संबंधित लेनदेन का हिसाब लिखा हुआ है। पुलिस को दो रजिस्टर भी मिले। जिसमे सट्टे की खाईबाड़ी का लेखा.जोखा अंकित है।

## बड़ी भावज के कहने पर पत्नी को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बड़ी भावज के कहने पर पति ने पत्नी को बाल पकड़कर जमकर पीटा। पीड़िता ने पति के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला हीरा सिंह निवासी साधना देवी पत्नी वेदपाल ने थाने में दी तहरीर में बताया उनके पति वेदपाल ने अपनी बड़ी भावज के कहने पर पीड़ित के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान पीड़िता के काफी चोटें आयी। जब पीड़िता चीखी चिल्लाई, तो पति ने पीड़िता के बताए अनुसार उसको बाल पड़कर घर में पटक दिया और डंडों से भी मारा तथा पीड़िता को घर से बाहर निकाल दिया। तब पीड़िता थाने आई और थाना पुलिस को अपने साथ घटी घटना के बारे में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने आरोपी पति को पकड़कर थाने में बैठाया और पीड़िता को मेडिकल परीक्षण हेतु सीएचसी नवाबगंज भेज दिया।

# बीडीओ ने सचिवों की बैठक लेकर की साप्ताहिक समीक्षा

▸ पोलिंग बूथ पर व्यवस्थायें दुरुस्त करने पर रहा फोकस

▸ करोली गौशाला में न तो चारा और न ही भूसा मिला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


सचिवों की बैठक लेते विकास खण्ड अधिकारी व मौजूद सचिव

विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने ग्राम सचिवों की बैठक कर साप्ताहिक समीक्षा की। वहीं पोलिंग बूथ सही करने के निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने ग्राम सचिवों की बैठक बुलाई। जिसमें क्षेत्र में उन्होंने पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। जिसमें कई ग्राम पंचायत के पोलिंग बूथ पर व्यवस्थाएं सही करने के निर्देश दिये।

जिसमें अभी तक दर्जनों पोलिंग बूथ पर व्हीलचेयर नहीं पहुंची हैं। यह सुनकर विकास खण्ड अधिकारी का पारा चढ़ गया। विकास खंड अधिकारी ने सफाई कर्मचारियों के जिला अध्यक्ष तथा एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह को क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में सुधार करवाने की बात कही। वहीं उन्होंने बुधवार को करोली गौशाला का निरीक्षण किया।

जिसमें विकास खंड अधिकारी को गोवंशों के चारा खाने वाली जगह टूटी मिली और ना ही हरा चारा मिला और ना ही भूसा आदि की व्यवस्था कोई मिली। जिस पर विकास खंड अधिकारी ने ग्राम सचिव मोतीलाल को बताया कि वह जल्द से जल्द गौशाला की व्यवस्था सही करवा लें और ग्राम प्रधान को भी बता दें कि गौशाला की व्यवस्था सही कर दें नहीं तो इतना अधिक धन गौशाला को दिया जा रहा है और उससे भी व्यवस्था सही नहीं हो रही है, तो संबंधित के विरुद्ध रिकवरी करने के उच्च अधिकारियों से रिपोर्ट की जाएगी और ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान आदि संबंधित लोगों से गौशाला पर खर्च हुए धन की रिकवरी कराई जाएगी।

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों के कसे पेंच

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत अध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों की बैठक बुलायी। जिसमें सफाई के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार नवाबगंज नगर पंचायत कार्यालय पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने सफाई कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने बताया की हर सफाई कर्मचारी सुबह जल्द से जल्द आकर काम पर लगे और 8.00 बजे तक कस्बे तथा गांव का कूड़ा साफ कर दिया जाए। जो लोग सफाई व्यवस्था में हीला हवाली करते हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी। वहीं सफाई नायकों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सफाई कर्मचारियों ने अपने वेतन/मानदेय संबंधित कई समस्याएं नगर पंचायत के समक्ष रखीं। जिस पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कार्यालय के बाबू विकास गंगवार को समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये। नगर पंचायत अध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों को झाड़ू उपलब्ध कराने के लिए कार्यालय के बाबू विकास गंगवार को निर्देश दिये। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष तथा क्षेत्र के सभी सफाई कर्मचारी, बाबू विकास गंगवार तथा नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।


गेहूं की क्रॉप कटिंग करवाते सीडीओ

## सीडीओ ने करायी गेहूं की क्रॉप कटिंग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गेहूं उत्पादन की हकीकत परखने के लिए बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खण्ड नवाबगंज पहुंचकर गेहूं की क्रॉप कटिंग करायी। इसके बाद गेहूं की नापतौल करायी। जानकारी के अनुसार बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी अरविंद मिश्रा ग्राम पंचायत अचरा तकीपुर विकास खण्ड नवाबगंज पहुंच कर गाटा संख्या 210 पर दिलीप कुमार के खेत में क्रॉप कटिंग कराई। 43.3 वर्ग मीटर खेत की नाप कराकर गेहूं की कटिंग कराने के उपरांत गेहूं की तौल कराने पर 22.260 किग्रा गेहूं निकला। सीडीओ ने बताया कि फसलों में होने वाली कृषि उपज का आंकलन करने के लिए कृषि विभाग की ओर से किसानों के खेतों में क्रॉप कटिंग कराई जाती। इसके तहत विभाग पूरे प्रखंड व जिला की कृषि उपज का आंकलन करता है। क्रॉप कटिंग के समय मौके पर धीरेन्द्र सिंह कानून गो, राहुल मिश्रा लेखपाल एवं बीमा प्रतिनिधि महिमा चंद्र उपस्थित रहे।

## पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सहित आठ ने किया नामांकन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव के लिए चल रही नामांकन प्रक्रिया के सातवें दिन सपा और बसपा सहित 8 प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन दाखिल किये। नामांकन कक्ष के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। जिससे किसी प्रकार से आचार संहिता का कोई उल्लंघन न कर सकें। बुधवार को समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य पुत्र सूरज पाल सिंह निवासी श्याम नगर मझोला कायमगंज, बहुजन समाज पार्टी के क्रांति पाण्डेय पुत्र बृजेश चन्द्र निवासी नई बस्ती, मान सिंह यादव पुत्र सौदान सिंह यादव निवासी खलवारा फर्रुखाबाद निर्दलीय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व सांसद पत्नी सौभाग्यवती राजपूत पत्नी मुकेश राजपूत निवासी रेटगंज ठंडी सड़क निर्दलीय, विक्रांत सिंह पुत्र स्व0 राजेन्द्र सिंह निवासी भगुआ नगला पांचाल घाट स्वतंत्र इंडियन लेवर पार्टी, विद्या प्रकाश पुत्र नत्थूलाल निवासी मार्फत 123 सर्वोदय नगर फर्रुखाबाद भारतीय जवान किसान पार्टी से नामांकन किया है।

# फूड सेफ्टी वाहन ने लिये 34 नमूने, जिसमें 32 विशुद्ध तथा दो नमूने पाये गये अशुद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



फूड सेफ्टी वाहन द्वारा खाद्य पदार्थों की मौके पर जांच की गयी। उक्त वाहन द्वारा कादरीगेट व बस स्टैण्ड पर नमूनों की जांच की गयी। साथ ही 38 खाद्य कारोबारकर्ताओं एवं आम जनमानस को स्थान कादरीगेट व बस स्टैण्ड में नमूना जांच कार्य का प्रशिक्षण प्रदान करते हुए जागरुक किया गया तथा मिलावट की जांच, स्वच्छता व सेफ फूड के बारे में बताया गया। फूड सेफ्टी वाहन के साथ आये गुलाब सिंह द्वारा नमूनों की जांच की गयी तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेंद्र रावत मौजूद रहे। जांच का विवरण निम्नवत है। प्रदीप किराना के यहां से तीन नमूने भरे गये, तीनों विशुद्ध पाये गये। सुशील राठौर के यहां से तीन नमूने भरे गये। जो तीनों विशुद्ध पाये गये। जयशंकर गुप्ता के यहां से तीन नमूने मिठाई के लिये गये। तीनों नमूने विशुद्ध पाये गये। अनुज के यहां से परचून के चार नमूने भरे गये। जो चारों विशुद्ध पाये गये। अशोक के यहां से परचून के दो नमूने भरे गये। दोनों नमूने विशुद्ध पाये गये। मनोज के यहां से परचून के चार नमूने भरे गये। चारों नमूने विशुद्ध पाये गये। दीपक कुशवाहा के यहां से दो नमूने भरे गये। दोनों नमूने विशुद्ध पाये गये। मुकेश पापड़ी वालों के यहां से दो नमूने भरे गये। दोनों नमूने विशुद्ध पाये गये। अतुल परचून की दुकान से को नमूना लिया गया। जो विशुद्ध पाया गया। अभिषेक के यहां से एक नमूना भरा गया। जो विशुद्ध पाया गया। अपना भोजनालय से तीन नमूने भरे गये। जिसमें एक अशुद्ध तथा दो विशुद्ध पाये गये। कृष्णा नमकीन के यहां से एक नमूना भरा गया। जो विशुद्ध पाया गया। दिवाकर परचून के यहां से दो नमूने भरे गयो। दोनों नमूने विशुद्ध पाये गये। राधेश्याम के यहां से दो नमूने भरे गये। जिसमें एक नमूना अशुद्ध तथा एक नमूना विशुद्ध पाया गया। जबकि अवधेश के यहां से एक नमूना भरा गया। जो विशुद्ध पाया गया। कुल 34 नमूनों में 32 विशुद्ध (पास) व 02 अशुद्ध (फेल) पाये गये।

# जनता ने दिया मौका तो बाढ़ की समस्या से दिलाऊंगा निजातः क्रांति पाण्डेय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


नामांकन करने जाते बसपा प्रत्याशी क्रांति पाण्डेय

बसपा लोकसभा प्रत्याशी क्रांति पाण्डेय ने पार्टी के पदाधिकारियों के साथ पहुंचकर अपना नामांकन किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि जनता ने यदि मुझे सेवा करने का मौका दिया तो सबसे पहले किसानों की समस्याओं का समाधान कराने के लिए काम करूंगा और साथ ही जिले का चौमुखी विकास कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में जनता ही नहीं उनके पार्टी के कार्यकर्ता ही दुखी है। जब उनकी ही कोई बात सुनने वाला नहीं तो आम जनता की पीड़ा कौन सुनेगा। गंगापार क्षेत्र में सबसे बड़ी बाढ़ की समस्या है। पूरे वर्ष किसान मेहनत करता है और बाढ़ आने पर उसका सबकुछ तबाह हो जाता है। बाढ़ से गंगापार क्षेत्र के किसानों को कैसे बचाया जाये, सबसे पहले उस पर काम किया जायेगा। अभी तक किसी ने भी फर्रुखाबाद की मुख्य समस्या पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कई समस्यायें गिनाई और बोले कि मैं अगर सांसद बनता हूं तो इन सभी समस्याओं का निराकरण करवाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष वीर सिंह अम्बेडकर, कानपुर मण्डल कोआर्डिनेटर नगेन्द्र सिंह जाटव, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय भारती, अमित गौतम, विजय कटियार, रामरतन गौतम, रामसरन रमन आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भीगा राशन लेने से कोटेदारों ने किया इन्कार

▸ सुबह से शाम तक खड़ा रहा ट्रक, दूसरे दिन तौल कराकर लिया राशन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


राशन उतारते पल्लेदार

भीगा राशन देख कोटेदारों ने लेने से इन्कार कर दिया। जिससे राशन से भरा ट्रक सुबह से शाम 4 बजे तक खड़ा रहा। दूसरे दिन सुबह धर्मकांटे पर वजन कराकर कोटेदारों ने राशन लिया। जिस पर ट्रक में एक कुंटल राशन कम हो गया।

कस्बा नवाबगंज के कई कोटेदारों ने बुधवार को सरकारी राशन से भरकर आए ट्रक में राशन भीगा देख राशन लेने से इन्कार कर दिया। कई घंटे खड़े करने के बाद चालक ने राशन उतरवाया। कस्बा निवासी कोटेदार सुनीता देवी के यहां सरकारी राशन उतारने के लिए मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम निसाई से ट्रक में भरकर सरकारी राशन लाया गया। जो कोटेदारों के यहां उतरवाया जा रहा था। जिस पर राशन में पानी मिला होने पर कोटेदारों ने राशन लेने से मना कर दिया। सुबह आए हुए ट्रक को शाम 4.00 बजे तक खड़ा किया गया और सुबह उसका वजन करवाया गया। जिस पर धर्म कांटे पर शाम को जब कोटेदारों ने राशन लेने की बात कही और वजन करवाया तो ट्रक में एक कुंटल राशन काम हो गया। जिस पर कोटेदारों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। वहीं भाजपा नेता योगेंद्र सिंह राठौर, स्वदेश तथा अन्य क्षेत्र के कोटेदारों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। जिस पर ट्रक चालक के हाथ पैर फूल गए। जब यह जानकारी ट्रक चालक से की गई, तो ट्रक चालक ने अपना नाम कौशलेंद्र और शालू निवासी सातनपुर बताया। ट्रक संख्या यूपी 76 के8586 में सरकारी राशन भरा हुआ था और कोटेदार भीगा राशन लेने से इन्कार कर रहे थे। वहीं सुनीता देवी के परिजन योगेंद्र सिंह राठौर, स्वदेश ने बताया कि एमडीएम का राशन 27.02.2024 को आया था। तब से अभी तक राशन नहीं आया है। वहीं एमडीएम के बारे में जब शिक्षकों से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया की दो महीना हो गए हैं राशन नहीं मिला है। अब विद्यालयों में राशन की समस्या खड़ी हो गई है। राशन समय से ना मिला तो मध्यान्ह भोजन योजना बंद हो जाएगी।

## भाजपा बूथ अध्यक्ष के घर के ताले तोड़कर लाखों की चोरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीते दिनों भाजपा बूथ अध्यक्ष के घर ताले तोड़कर तकरीबन 10 लाख के जेवरात चोरी कर लिये गये। पुलिस ने मौके पर जाकर तफ्तीश की। जानकारी के अनुसार थाना कादरी गेट के मोहल्ला श्याम नगर घारमपुर रोड निवासी नानक चंद दुबे भाजपा के बूथ अध्यक्ष हैं। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी राजकुमारी दुबे व पुत्री प्रियवंदना दुबे दिल्ली में बेटे प्रियओम के पास गये थे। बीते 20 व 21 अप्रैल की रात चोर उनके मकान के ऊपरी मंजिल पर चढ़े और कमरे का ताला तोड़कर लगभग 10 लाख के जेवरात चोरी कर गये। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने सूचना डायल 112 को दी। चौकी इंचार्ज आईटीआई सुरजीत कुमार ने मौके पर जाकर जाँच पड़ताल की। नानकराम दुबे ने चोरी के मामले में तहरीर थाना पुलिस को दी है। चौकी इंचार्ज आईटीआई सुरजीत कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। जाँच की जा रही है। वहीं फतेहगढ़ के मोहल्ला ग्रानगंज स्थित मनोज मित्तल पुत्र महेंद्र कुमार पुलमंडी में परचून की दुकान है। अज्ञात चोरों ने मंगलवार रात्रि दुकान के पीछे से नकब लगाकर नकदी चोरी कर ली। घटना की जानकारी सुबह उस समय हुई जब सुबह दुकान खोलने आये। उन्होंने बताया कि चोर 10 हजार की नकदी व 50 हजार रुपये का सामान चोरी कर ले गये।

## नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने का मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पीड़िता अपने नाती की दवाई लेने राजेश त्रिपाठी के पास गयी हुई थी। लौटते समय शरीफ पुत्र शकील निवासी मोहल्ला करिया नीम थाना कोतवाली भोगांव जनपद मैनपुरी मेरी नाबालिग पुत्री को मैंने राजीव गांधी नगर कालोनी के पास टैंपो से शरीफ के साथ जाते हुए देखा। मैंने रोकने का काफी प्रयास किया। वहीं वह लोग नहीं रुके। जब मैं अपने घर आयी, तो घर पर रखे जेवर व 50 हजार की नकदी अलमारी से निकालकर अपने साथ ले गये। मैंने सारी घटना अपने पुत्र को बतायी। काफी ढूंढने का प्रयास किया, किन्तु उपरोक्त लोगों का पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मंदिर में माथा टेककर डॉ. नवल किशोर शाक्य ने किया नामांकन


नामांकन करते जाते डॉ. नवल किशोर शाक्य मौजूद संगठन के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. किशोर शाक्य ने गठबंधन दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पूर्व डॉ. नवल किशोर शाक्य ने गुरुगांव देवी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना करने के बाद वह पार्टी के नेताओं व गठबंधन दलों के नेताओं के साथ केंद्रीय चुनाव कार्यालय पहुंचे। जहां समर्थकों ने फूल मालाओं से लाद दिया। इसके पश्चात वह अपने काफिले के साथ नामांकन करने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे। नामांकन कक्ष के बाहर कुछ समय रुककर कार्यकर्ताओं व समर्थकों से मिले। इस दौरान समर्थकों ने माला पहनाई और फिर प्रस्तावकों के साथ पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

इस दौरान उनकी धर्मपत्नी प्रियंका शाक्य के अलावा जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक अजीत कठेरिया, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव अहमद अंसारी, पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राशिद जमाल सिद्दीकी, अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, सिराजुल आफाक उर्फ मुन्ना, ओम प्रकाश शर्मा, अजय श्रीवास्तव उर्फ बिल्लू, जनाधिकार पार्टी के जिलाध्यक्ष, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष, शशांक सक्सेना, छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा, रजतक्रांतिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जनता ने दिया साथ तो जनपद की तस्वीर बदल दूंगा : डॉ. नवल किशोर शाक्य

**फर्रुखाबाद।** नामांकन के बाद समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य ने वार्ता के दौरान कहा कि चिकित्सक हमेशा ही सेवा करता है, लेकिन राजनीति में आकर जनता की सेवा करना यह सबसे बड़ी सेवा है। फर्रुखाबाद की जनता ने सबको मौका दिया है, लेकिन इस बार हमें अपना बेटा समझकर फर्रुखाबाद से अपना प्रतिनिधि बनाकर लोकसभा भेजने का काम करती है तो मैं विश्वास दिलाता हूं कि जो भी मुझे वेतन मिलेगा, पूरा गरीब बच्चों की शिक्षा पर खर्च करूंगा। यही नहीं मिलने वाली निधि विकास कार्यों पर खर्च होने वाली धनराशि जनता तय करेगी। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों से कम्पिल कताई मिल बदहाली के आंसू बहा रहा है। उसे चालू कराने का पूरा प्रयास करेंगे। साथ ही चीनी मिल का आधुनिकरण करायेंगे और किसानों को आलू का अच्छा मूल्य मिल सकें, इसके लिए आलू आधारित उद्योग लगवाया जायेगा। लोहिया अस्पताल में हार्टअटैक जैसी गंभीर बीमारी के लिए चिकित्सक न होने पर अफसोस जताते हुए कहा कि ऐसे में मरीज की उपचार के अभाव में जान चली जाती है। उसके लिए प्रयास करूंगा। चुनाव मैं नहीं जनता लड़ रही है। किसान दिन में खेतों में काम करता है और वह रात को अपनी फसल रखाता है, ऐसे में कई बार छुट्टा जानवर हमलावर हो जाते है। भाजपा सरकार ने किसानों के लिए कुछ भी नहीं किया। इस सरकार में महंगाई बेरोजगारी चरम सीमा पर है। सपा सरकार में जो भी जन कल्याणकारी योजनायें चलायी गई उसका जनता को सीधा लाभ मिला।

## पिकअप-बस से टकराई, पांच घायल


अस्पताल में भर्ती घायल

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** इटावा-बरेली हाईवे पर बेवर की तरफ से आ रही पिकअप अलावलपुर मोड़ पर अनियंत्रित होकर बस से टकरा गई। जिसमें करीब 5 लोग घायल हो गये। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद लाया गया। जहां से डाक्टर मोहित यादव ने प्राथमिक उपचार के बाद अभिषेक, छोटू व अश्वनी को लोहिया रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बुधवार को इटावा-बरेली हाईवे पर बेवर की तरफ से आ रही पिकअप अलावलपुर मोड़ पर अनियंत्रित होकर बस से टकरा गई। जिसमें बेवर निवासी संजय पुत्र ओमप्रकाश 55 वर्ष, अभिषेक पुत्र मुकेश 24 वर्ष, अनूप पुत्र उदय वीर 25 वर्ष, छोटू पुत्र हरद सिंह 30 वर्ष, अश्वनी पुत्र गुड्डू 32 वर्ष घायल हो गए। जो कि फर्रुखाबाद में केशव प्रसाद मौर्य की जनसभा मे लगे टेंट का सामान लेने वापस लेने जा रहे थे। जिनको प्राइवेट वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद लाया गया। जहां डॉक्टर मोहित यादव ने प्राथमिक उपचार देकर अभिषेक, छोटू व अश्वनी को लोहिया रेफर कर दिया।

## मासूम की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल नगर निवासी देवेंद्र की डेढ़ वर्षीय पुत्री बिटिया की अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजन अस्पताल लाये। जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की खबर सुनते ही कोहराम मच गया। अस्पताल परिसर में परिजनों ने बताया कि बिटिया को कुछ दिन से बुखार आ रहा था। गांव के ही एक डॉक्टर से उसका इलाज चल रहा था, लेकिन उसकी आज बुधवार को हालत जादा बिगड़ गयी। उसको अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# हाजी अख्तर हुसैन रहमानी गर्ल्स इं.का. के मेधावी बच्चों का हुआ सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हाजी अख्तर हुसैन रहमानी गर्ल्स इंटर कालेज में यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रबंधक मुजफ्फर हुसैन रहमानी व प्रधानाचार्या इरम खान ने मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया।

मुजफ्फर हुसैन रहमानी ने कहा कि हमें बच्चों पर नाज है, जिन्होंने विद्यालय का नाम रोशन किया है और अच्छे अंक लाकर परिवार का भी नाम रोशन किया है। विद्यालय स्तर पर उन्हें सम्मानित किया गया। आकिल खां ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इंटर मीडिएट में हारिस ने 81.40 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में प्रथम रहे। अशहद अली ने 80.20 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय रहे। मोहम्मद साकिब को 76.40 प्रतिशत अंक मिले। वहीं चौथे नम्बर पर 69.80 प्रतिशत अंक के साथ तूबा मुजाहिद, फरहान रहे। अक्सा अजहर 66.40 प्रतिशत अंक के साथ पंचम स्थान पर रही। फरीजा अंसारी को 64 प्रतिशत अंक मिले। नासिरा वासी 63.40 प्रतिशत अंक पर रही। आसरा खान को 63.20 प्रतिशत अंक मिले। सान्या खान को 63.20 प्रतिशत अंक मिले। फलक खान को 63 प्रतिशत अंक मिले। अजरा राइन को 61.80 प्रतिशत अंक मिले। मोहम्मद समीर अंसारी को 61.20 प्रतिशत अंक मिले। अमन अली खान को 60.40 प्रतिशत अंक मिले। नोसहीन मंसूरी को 60 प्रतिशत अंक मिले। अंश को 59.40 प्रतिशत अंक मिले।

अक्सा को 59.40 प्रतिशत अंक, सान्य मिर्जा को 57.20 प्रतिशत, इरम अंसारी को 56.40 प्रतिशत अंक, मसूद सिद्दीकी को 55.80 प्रतिशत अंक, मोहम्मद जुनैद खान को 55.60 प्रतिशत अंक, मोहम्मद अनस को 55.40 प्रतिशत, फरीद अहमद को 53.20 प्रतिशत अंक, हबीबा खान को 51 प्रतिशत अंक, आमना अली को 49.60 प्रतिशत अंक मिले। **हाईस्कूल में** वासिल अहमद सिद्दीकी 89.50 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में प्रथम रहे। असर अली 89.33 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। हुमा सिद्दीकी 80.67 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही। मोहम्मद जाहिद खान 80.17 प्रतिशत अंक के साथ चतुर्थ स्थान पर रहे। जाहन्वी सिद्दीकी 78.83 प्रतिशत अंक के साथ पंचम स्थान पर रही।

वहीं लाइबा जोरा सिद्दीकी, उमन खान, जोरा अंसारी, अनिया, अरमान, आदिल, अलीना फातीमा, आसी अंसारी, इकरा, नोमन खान, ताहिबा, मोहम्मद उवैद अंसारी, कयानत नूर, आरिस अली, मोहम्मद जाहिद खान, असद, अलसफा, अलबीरा, आरीबा खान, फलक फातिमा, शाहीन, अमीरा, माहिरा, सुहैल सहित 70 विद्यार्थी हाईस्कूल में उत्तीर्ण हुए।


मेधावी बच्चों को सम्मानित करते प्रबंधक व प्रधानाचार्या


प्रधानाध्यापकों की बैठक लेते बीईओ

## चुनाव को लेकर बीडीओ व बीईओ ने प्रधानाध्यापकों की ली बैठक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज स्थित खण्ड शिक्षा कार्यालय पर बीईओ व विकास खण्ड अधिकारी ने प्रधानाध्यापकों की बैठक बुलाकर पोलिंग बूथ की व्यवस्था सुधारण करने के निर्देश दिये। खंड शिक्षा कार्यालय पर खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा तथा विकास खण्ड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने क्षेत्र के समस्त प्रधानाध्यापकों की बैठक ली। उन्होंने पोलिंग बूथ की व्यवस्था सुदृढरण करने के निर्देश दिए। शिक्षकों को बताया कि पोलिंग बूथ पर शौचालय, लाइट, व्हीलचेयर, पेयजल, कायाकल्प तथा विद्यालय के रंगाई-पुताई आदि को चुनाव से से पहले व्यवस्था कर ली जाये। इस मौके खण्ड शिक्षाधिकारी अमर सिंह राणा, विकासखंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, प्रधानाध्यापक शालिग्राम गंगवार, रोहित द्विवेदी सहित क्षेत्र के समस्त प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

# निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष ने केशव प्रसाद मौर्य को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को महर्षि कश्यप का चित्र देकर सम्मानित किया। गुरुगांव देवी मंदिर स्थित प्रांगण में बीते दिन आये प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नामांकन सभा को सम्बोधित करते हुए सांसद मुकेश राजपूत को जिताने की अपील की। वहीं स्वागत के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष को मंच पर जगह दी। अनिल कश्यप ने मंच पर पहुंचकर केशव प्रसाद मौर्य को सम्मानित किया। केशव प्रसाद मौर्य की सभा में निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में पहुंचकर भाग लिया।



केशव प्रसाद मौर्य को सम्मानित करते अनिल कश्यप

# जीजीआईसी में दिलाथी गई मतदाता जागरुकता की शपथ

## महिला मतदाता जागरूकता प्रभारी भारती मिश्रा ने कहा लड़कियां जिस कार्य का संकल्प करती है उसे दृढ़ता से पूरा करती हैं

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीके सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के निर्देशन में तथा सहायक अधिकारी नोडल स्वीप जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद के आदेशानुसार बुधवार को महीयसी महादेवी राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज फतेहगढ़ में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय की स्वीप प्रभारी गुलशन जहां के निर्देशन में तैयार नुक्कड़ नाटक से हुआ। विद्यालय स्तर पर मतदान से संबंधित पोस्टर, स्लोगन व पतंग सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नितिका, आकांक्षा, सलोनी प्रथम, सेजल, रुचि, अदीबा द्वितीय, नैंसी, नाजरीन बानो तृतीय स्थान पर रहीं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि हम सबको राष्ट्रहित में मतदान हेतु अथक परिश्रम करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे आसपास रहने वालों में से कोई मतदाता मत देने से छूटने ना पाए। अधिक मतदान से ही अच्छा प्रत्याशी चुना जा सकता है। महिला मतदाता जागरूकता प्रभारी भारती मिश्रा ने कहा लड़कियां जिस कार्य का संकल्प करती है उसे दृढ़ता से पूरा करती हैं। स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा ने कहा कि हम सब लोग 13 में तक नित्य संकल्प लेंगे कि हमें मतदान के कार्य में आगे बढ़कर अपनी भूमिका तय करनी है।

प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने कहा कि कि हमारी बेटियां टोलियां बनाकर मतदान दिवस पर अपनी महती भूमिका निभाएंगी वे हर प्रकार से सजग हैं। इस अवसर पर सर्वेश शाक्य, निर्मला सिंह, दीप्ति सिंह, गरिमा पांडे, सरिता त्रिवेदी, शैलजा, अर्चना, ज्योति, शिल्पी, रिचा तिवारी, तान्या, सलोनी, कनिका, जाह्नवी, चित्रांश, सेजल राजपूत, लक्ष्मी प्रजापति, इबरीना बानो, जासमीन, गुनगुन, काजल, नाजरीन, प्रिया आदि ने शपथ ग्रहण कर हस्ताक्षर किए कि वे कम से कम 10-10 लोगों से मतदान अवश्य कराएंगी।


मतदाता जागरुकता की शपथ लेती शिक्षिकायें व छात्रायें

# नगर पंचायत संकिसा के पांच सभासद भाजपा में शामिल


भाजपा में शामिल होते नगर पंचायत संकिसा के सभासद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संकिसा नगर पंचायत के पांच सभासदों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बुधवार को पार्टी कार्यालय आवास विकास पर जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने संकिसा नगर पंचायत अध्यक्ष पति राहुल राजपूत, पूर्व प्रधान अतुल दीक्षित की उपस्थिति में पांचो सभासदों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।

भाजपा जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने सभी को माला व पटुका पहनाकर भाजपा में शामिल होने पर बधाई दी।

जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया नगर पंचायत संकिसा के सभासद अनुत कुमार, सभासद अजीत कुमार दिवाकर, सभासद मीना पाल, सभासद सीमा बाथम, सभासद सुमन कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व योगी आदित्यनाथ की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। इस मौके पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बबिता पाठक, डॉ. रजनी सरीन, श्वेता दुबे, रमला राठौर, चेयरमैन पति राहुल राजपूत, दिनेश कटियार आदि लोग मौजूद रहे।

## मारपीट का मुकदमा दर्ज


**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव गदनपुर देवराजपुर निवासी रिंकी पत्नी राहुल उर्फ सुरजीत ने लिखाए गए मुकदमे में बताया कि गांव में मेरे ससुर कश्मीर की परचून की दुकान है। दुकान से गांव के ही शिवाजी पुत्र देव पाल ने पहले दुकान से 950 रुपये का घरेलू सामान उधार सामान लिया था। जिसका तगादा मेरे ससुर ने किया, तो इसी बात से नाराज होकर शाम 9.00 बजे के लगभग दुकान पर आकर गाली-गलौज करने लगा तथा अपने घर से उसकी मां हंसमुखी भी निकली और अपने बेटे के समर्थन में गाली-गलौज करने लगी। जिसका मेरे ससुर ने विरोध किया, तो इन लोगों ने मेरे ससुर के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। जिससे मेरे ससुर के गंभीर चोटें आई हैं। चीख पुकार सुनकर जब हम लोग घर से बाहर आए, तो यह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

# डीएन कॉलेज में कल्चरल क्लब ने की प्रतियोगिता आयोजित

## एआरटीओ ने सड़क सुरक्षा की विस्तार से दी जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दुर्गा नारायण महाविद्यालय फतेहगढ़ में कल्चरल क्लब के तत्वाधान में निबंध, पोस्टर, भाषण, वाद-विवाद, मेहंदी एवं वाल पेंटिंग प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज गर्ग ने की। मुख्य अतिथि एआरटीओ विजेन्द्र चौधरी रहे। मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराया गया तथा जागरुता बढ़ाने के लिए सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों का एक वीडियो दिखाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की संख्या 200 से अधिक रही। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को गुरुवार को होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में पुरुस्कृत किया जायेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण डॉ. विनोद कुमार तिवारी, डॉ. विनीता वर्मा, डॉ. एचएसएन गुप्ता, डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, डॉ. सतेन्द्र कुमार, डॉ. पंचम कुमार, डॉ. अजहर जुनैद आलम, डॉ. रामनरेश सिंह, डॉ. मोहम्मद अमीन, डॉ. अशोक कुमार शर्मा, विनय कुमार बाथम, सरस पाठक, वीरभान सिंह, प्रियांशु सिन्हा, अनामिका मिश्रा, शिवेन्द्र, शीतल त्रिवेदी, रामभान सिंह सेंगर, योगेन्द्र कुमार, विनोद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।


सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक करते एआरटीओ व प्राचार्य

# शिक्षक प्रकोष्ठ की बैठक में भाजपा को समर्थन की अपील

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा कार्यालय पर भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ द्वारा प्रधानाचार्ययों एवं प्रबंधकों की बैठक सम्पन्न हुई।

मुख्य अतिथि जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानाचार्ययों एवं प्रबंधकों से भाजपा के समर्थन की अपील की।

शिव महेश दुबे ने कहा केंद्र की मोदी सरकार की नई शिक्षा नीति से देश एक नई दिशा की ओर आगे बढ़ेगा। भारतीय जनता पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में जारी किए गए घोषणा पत्र में शिक्षा और छात्रों के लिए अनेकों वादे किए हैं। संकल्प पत्र में पार्टी ने एक राष्ट्र एक छात्र आईडी लागू करने का वादा किया है। घोषणा पत्र में लिखा है कि सरकार प्रत्येक छात्र को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का अवसर सुनिश्चित करेगी। डॉ. रजनी सरीन ने कहा कांग्रेस के 70 वर्षो के शासनकाल के मुकाबले भाजपा ने 10 वर्षों में देश को उन्नति के रास्ते पर पहुंचा है। आज भारत में पिछले दशकों की तुलना में सबसे अधिक 7 आईआईटी, 16 आईआईआईटी, 7 आईआईएम, 15 एम्स, 315 मेडिकल कॉलेज और 390 विश्वविद्यालय स्थापित हुए। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के माध्यम से शिक्षकों की आवाज को प्रखर करने का कार्य करती है। भाजपा के शासन में बेहतर शिक्षा का माहौल बना है सरकार शिक्षा के प्रति जागरुक है, आगे आने वाले 5 वर्षों में नरेंद्र मोदी सरकार शिक्षा के क्षेत्र को और मजबूत करेगी।

जिसके कारण भारत का भविष्य बेहतर होगा। संचालन प्रधानाचार्य अनिल सिंह ने किया।

इस अवसर पर दिनेश कटियार, सुनील रावत, कुनेंद्र गंगवार, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे, नरेंद्र सिंह सोलंकी, रामसेवक राजपूत, विजय गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी, कृष्ण मुरारी राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।


बैठक को सम्बोधित करते शिवमहेश दुबे

## अभियुक्त गिरफ्तार जेवर बरामद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अमृतपुर पुलिस ने 23 अप्रैल को समय 17:50 बजे वादी की सूचना पर मु0अ0सं0 69/2023 धारा-457/380 भा0द0वि0 से संबंधित वांछित अभियुक्त श्यामू पुत्र मुन्नालाल को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित 01 जोड़ी तोड़ियां व 01 अदद बिछुआ बरामद कर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। अभियुक्त पर इस मुकदमे के अतिरिक्त एक अन्य मु0अ0स0 26/2020 थाना अमृतपुर धारा-60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत है। अभियुक्त को थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी, उ0नि0 जगभान सिंह, का0 नीरज कुमार मौजूद रहे।

# सपा प्रत्याशी को जिताने की बनायी रणनीति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह यादव ने अपने साथियों के साथ सपा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य को जिताने की रणनीति बनायी। अधिवक्ता साथियों के साथ अपने-अपने क्षेत्र व बूथ स्तर पर चुनाव प्रचार करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जब हमारा बूथ मजबूत होगा तब पार्टी का प्रत्याशी जितेगा। इसलिए हर कार्यकर्ता बूथ लेबिल पर गांव-गांव जाकर जन सम्पर्क करें।

बीते दिनों देवेन्द्र सिंह यादव ने चारों विधानसभा के प्रभारी व सह प्रभारी बनाये थे। सभी से उन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार प्रसार के लिए निर्देशित किया है। बुधवार को कचहरी प्रांगण में अधिवक्ता साथियों के साथ उन्होंने बूथ स्तर पर सभी कार्यकर्ताओं की फोन पर मॉनिटरिंग करते हुए क्षेत्र के हालचाल लिये और कचहरी प्रांगण में जन सम्पर्क किया। इस मौके पर उनके अधिवक्ता साथी मौजूद रहे।


अधिवक्ताओं के साथ जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह यादव

## अनाधिकृत व्यक्ति से राशन दुकान का संचालन कराने पर कोटेदार पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अनाधिकृत व्यक्ति से राशन दुकान का संचालन कराने के मामले में कोटेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर के ग्राम पंचायत महमदपुर गढ़िया के कोटेदार रघुवीर अपनी उचित दर दुकान पर राहुल सिंह पुत्र कुंवरपाल सिंह निवासी ग्राम महमदपुर गढ़िया से संचालन करा रहे थे। जिसकी शिकायत मिलने पर पूर्ति निरीक्षक अमृतपुर अमित चौधरी ने थाना राजेपुर में कोटेदार के खिलाफ धारा 3/7 ईसी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

# पति की बगैर मर्जी के देवर की शादी में शामिल हुई पत्नी को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

पति के बगैर मर्जी के देवर की शादी में शामिल हुई पत्नी को पति ने मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आये पिता को भी मारापीटा। घायल पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला हीरा सिंह निवासी शशि देवी पत्नी जितेंद्र सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया बीते दिन उनके देवरा अनुराग की शादी थी। जिसमें पति शामिल होना नहीं चाह रहे थे। उनके ना चाहते हुए भी घर में शादी होने के कारण पीड़िता शशि देवी शामिल हो गई। इस बात से नाराज पति ने पीड़िता के साथ जमकर लाठी-डंडों से मारपीट की। जिसको बचाने आए पिता को भी लाठ-डंडों से मारा पीटा। जिसमें पिता भी घायल हो गये। तब घायलावस्था में दोनों लोग थाने आए और थाना पुलिस को अपने साथ घटी घटना की तहरीर दी। वहीं थाने आने के बाद घर में मौजूद पति ने अपने बहनोई तथा बहनों को भी लाठी-डंडों से पीटा। वह लोग भी लोग घायल अवस्था में थाने पहुंचे और थाना पुलिस को आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस तुरंत मौके पर रवाना हो गई। खबर लिखे जाने तक पुलिस गांव से वापस नहीं लौटी थी। वहीं पीड़िता न्याय की आस लगाए थाने में बैठी थी।

## बाइक विद्युत पोल से टकराई, चालक घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** अनियंत्रित बाइक विद्युत पोल से टकरा गयी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने सीएचसी में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के बबना रोड पर मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नगला मन निवासी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य घनश्याम सिंह पुत्र अतर सिंह किसी काम से कस्बा नवाबगंज जा रहे थे, तभी गांव पतेउरा के निकट उनकी बाइक अनियंत्रित होकर एक विद्युत पोल से टकरा गई। जिससे बाइक चालक घनश्याम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल अवस्था में घनश्याम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

# अलग-अलग घटना में दो वृद्धों की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

अस्पताल में तबियत खराब होने पर दवा लेने गये वृद्ध की बाथरुम में अचानक मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला पटवन गली निवासी सोने लाल (60) को सांस लेने में दिक्कत व सीने पर दर्द हो रहा था। वह अपने पुत्र सुबोध कुमार के साथ अस्पताल दिखाने आये थे। जहाँ डॉक्टर ने उनका बी0पी0 चेक कर बढ़ा हुआ बताया व ऑक्सीजन लगा दिया। कुछ समय बाद उन्हें पेसाब लगी और वह खुद चलकर अस्पताल के बाथरूम में गए। जब कुछ समय तक वह बाहर नहीं निकले, तो उनके पुत्र ने देखा कि वह बाथरूम में ही गिरे पड़े थे। उसने तुरंत डॉक्टर को बुलाया। जब डॉक्टर ने उन्हें देखा तो उन्हें मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। **दूसरी घटना में** नगर के मोहल्ला पटवन गली निवासी प्रेम नारायण (70) की अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजन अस्पताल लाये। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## तीन लोगों का शांतिभंग में चालान

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनका शांतिभंग में चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना अमृतपुर पुलिस द्वारा तीन नफर अभियुक्त राम रईस पुत्र गंगाराम निवासी कुबेरपुर, शिवम पुत्र अरविंद निवासी ग्राम छपरा व आकाश पुत्र देवेंद्र सिंह निवासी हुसैनपुर हारी थाना अमृतपुर को धारा 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

## मार्ग दुर्घटना में तीन घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव गंधिया निवासी हरिश्चंद्र (45), ममापुर निवासी अंकित कुमार (35) व कम्पिल क्षेत्र के गांव लोधीपुर निवासी शमा परवीन मार्ग दुर्घटना मे घायल हो गए। घायलों को लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद शमा परवीन को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# गली में पानी निकलने को लेकर खूनी संघर्ष, छह घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गली में नाली का पानी फैलने को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान चले लाठी-डंडों व ईंट पत्थर में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गये।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम भाऊपुर निवासी 60 वर्षीय श्रीकृष्ण ने बताया कि उनके घर के सामने गली में नाली का पानी फैल रहा था। जिसको लेकर विवाद हुआ। गांव के ही पप्पू पुत्र रामदास, रोहित, मोहित, ओमकार, राजवीर व ध्रुव ने लाठी-डंडा, ईंट पत्थरों से हमला कर दिया। जिसमें सोनी पत्नी श्रीकृष्ण, वंदना पत्नी हरिनंदन, सोनी पत्नी विश्वनाथ, रागिनी पत्नी चेतराम, कुसुमा पत्नी श्रीकृष्णा व श्रीकृष्ण घायल हो गये। घटना के बाद घायल थाने पहुंचे। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराया। अपराध निरीक्षक कामिल खान ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।


थाने में मौजूद घायल

# मोदी को पीएम बनाएंगे तो भारत होगा तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड में आयोजित चुनावी सभा को किया संबोधित

एजेंसी

**भागलपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड में आयोजित चुनावी सभा में कहा कि दुनिया की अर्थव्यवस्था पिछड़ती जा रही है। भारत की अर्थ व्यवस्था लगातार आगे बढ़ रही है। आज हमारे देश की अर्थव्यवस्था पांचवें नंबर की बन गई है। जिस ब्रिटेन ने हम पर 200 साल राज किया। हमने उसको पछाड़कर भारत को पांचवें नंबर पर खड़ा कर दिया है।



अगर आपने यहां के उम्मीदवार को जीता कर मोदी को प्रधानमंत्री बनायेंगे तो भारत तीसरे नंबर के अर्थव्यवस्था बन जाएगा। जेपी नड्डा ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में चाहे देश की राजनीति हो या प्रदेश की 10 सालों में बहुत परिवर्तन आया है। पीएम मोदी ने 10 सालों में आम आदमी की मानसिकता को बदल दिया है।

▸ **मोदी ने 10 सालों में आम आदमी की मानसिकता को बदल दिया**

मेरे बचपन के 20 साल बिहार में ही बीते हैं। पहले की स्थिति से हम अच्छी तरह वाकिफ हैं लेकिन आज बदलते बिहार, बदलता भागलपुर को अपनी आंखों से देख रहा हूं। यह बदलाव राजनीतिक सोच की वजह से हो पाया है। आज विकास की राजनीति हो रही है। बिहार राजनीतिक दृष्टि से बहुत ही सजग है। यहां के लोग देश और प्रदेश के प्रति अपने दायित्व से पीछे नहीं हटते हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि गांव, गरीब, वंचित, शोषित, पीड़ित, किसान, मजदूर, महिला को नरेंद्र मोदी की नीतियों ने ताकत दिया है। सभा को उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, विधायक पवन यादव, इंजीनियर ललन पासवान, गोपाल मंडल, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने संबोधित किया। मंच पर एनडीए प्रत्याशी अजय मंडल के अलावा एनडीए गठबंधन के नेतागण मौजूद थे। भाजपा अध्यक्ष ने आईएनडीआईए गठबंधन पर जमकर हमला बोला। जेपी नड्डा ने कहा कि हमारे विरोधियों में दो बातों का गठबंधन है।

### कभी नहीं कहा संपत्ति बांटेंगे, हम देश में जातीय जनगणना कराएंगे : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से लगातार आलोचना की शिकार कांग्रेस पार्टी और उनके नेता राहुल गांधी संपत्ति पुनर्वितरण पर पीछे हटते दिखाई दे रहे हैं। सैम पित्रोदा के बयान के बाद कांग्रेस पार्टी लगातार स्पष्टीकरण दे रही है। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज कहा कि उन्होंने कभी नहीं कहा कि हम संपत्ति बंटवारे पर कार्रवाई करेंगे लेकिन हम देश में जातीय जनगणना का काम कराएंगे। नई दिल्ली के जवाहर भवन में आयोजित सामाजिक न्याय सम्मेलन में राहुल गांधी ने यह बात कही। राहुल गांधी ने कहा कि



उन्हें जाति में नहीं, बल्कि न्याय में दिलचस्पी है लेकिन जानकारी के लिए जातीय जनगणना जरूरी है ताकि पता चल सके कि कितना अन्याय हुआ है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना मेरे लिए राजनीति का मुद्दा नहीं है, ये मेरे जीवन का मिशन है। राहुल गांधी ने कहा कि जातिगत जनगणना एक सर्वेक्षण नहीं है। इसमें आर्थिक और संस्थागत घटक भी शामिल किए जाएंगे। जिससे पता चल सके कि कौन सा समुदाय सबसे ज्यादा लाभांवित है और आर्थिक सामाजिक न्याय के लिए क्या करने की जरूरत है। इनका कहना है कि हिंदुस्तान के 90 प्रतिशत लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 साल से कह रहे थे कि वे ओबीसी हैं लेकिन जैसे ही मैंने जातिगत जनगणना की बात की वे कहते हैं हिंदुस्तान में सिर्फ दो ही जाति हैं, अमीर और गरीब।

# 60 वर्षों से कांग्रेस जाति व धर्म के नाम पर फैला रही है नफरत

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज कहा कि पिछले 60 वर्षों से कांग्रेस जाति और धर्म के नाम पर नफरत फैलाने में लगी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं किया और सबका साथ, सबका विकास के हमारे दृष्टिकोण के तहत सभी को कल्याण प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा का कहना है कि आपकी मौत के बाद आपकी मेहनत की कमाई का 55 फीसदी हिस्सा सरकार को ले लेना चाहिए। क्या आप चाहते हैं कि ऐसा हो? कांग्रेस आपका पैसा छीनकर घुसपैठियों को देना चाहती है। अनुराग ठाकुर ने हैदराबाद की उम्मीदवार माधवी लता द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने के मौके पर मीडिया से बात करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि सैम पित्रोदा ने अच्छा किया कि उन्होंने देश की जनता को राहुल गांधी की सोच के बारे में बताया। दरअसल, राहुल गांधी के मार्गदर्शक सैम पित्रोदा हैं। वह उनके पिता के भी मार्गदर्शक रहे हैं, और दार्शनिक और मित्र भी रहे हैं। अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह चाहती है कि किसी की मेहनत की कमाई उनके बच्चों के पास नहीं जाएगी, यह पूरे लोगों से वसूली टैक्स के रूप में लिया जाएगा और उन लोगों को दिया जाएगा, जो कांग्रेस के वोट बैंक हैं, घुसपैठिए हैं, और जिनके पास बड़े परिवार हैं।

# जनता की सेवा ही हमारा धर्म व पूरा बिहार है हमारा परिवार : नीतीश

एजेंसी

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार की सेवा को ही अपना धर्म और पूरे बिहार को अपना परिवार बताया और वर्ष 2005 से पहले लालू-राबड़ी राज में प्रदेश की बदहाली को याद दिलाते हुए राज्य की जनता से चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) प्रत्याशी को वोट देने की अपील की है।मुख्यमंत्री श्री कुमार ने दूसरे चरण के चुनाव प्रचार की समाप्ति से पहले सोशल नेटवर्किंग साइट पर बिहारवासियों को पत्र लिखकर याद दिलाई कि 2005 से पहले की सरकार ने बिहार को किस हाल में पहुंचा दिया था। बिहार का खजाना खाली था ।

सड़क, बिजली, स्कूल, अस्पताल जैसी बुनियादी सुविधाओं पर कोई बात करने वाला नहीं था। घोटाले, अपराध, अपहरण, हत्या, डकैती, नरसंहार, माफिया राज इत्यादि बिहार की पहचान बन चुके थे। उद्योग-धंधे बंद हो गए थे।



अपराधियों के डर से व्यापारी कारोबारी बिहार से पलायन कर गए थे। और तो और चिकित्सकों तक का फिरौती के लिए अपहरण हो जाया करता था। श्री कुमार ने आगे कहा, यह कहना ठीक नहीं होगा कि बिहार में व्यवस्था चौपट हो चुकी थी, सच तो यह है कि उस समय बिहार में कोई व्यवस्था ही नहीं थी। बिहारवासियों को देश-दुनिया में अपमान झेलना पड़ता था। लेकिन, वर्ष 2005 में घना अंधेरा छंटा, उम्मीदों का नया सूरज उगा। बिहार की देवतुल्य जनता ने राज्य में एनडीए की सरकार को मौका दिया और हमने बिहार को अराजकता और अव्यवस्था से बाहर निकालकर, उसे विकास की राह पर ले जाने का संकल्प लिया।

### डीआरआई ने 10.48 करोड़ का सोना किया जब्त, दो विदेशी सहित चार गिरफ्तार

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय की टीम ने दक्षिण मुंबई में स्थित झवेरी बाजार में सोना पिघलाने वाली एक फैक्टरी में छापा मारकर 10.48 करोड़ रुपये का सोना और 1.90 लाख अमेरिकी डॉलर जब्त किए हैं। डीआरआई ने यहां दो अफ्रीकी नागरिकों सहित चार लोगों को गिरफ्तार भी किया है। डीआरआई के एक अधिकारी ने बुधवार को मीडिया को बताया कि डीआरआई को एक इनपुट मिला था कि मुंबई एयरपोर्ट के माध्यम से अफ्रीका से तस्करी कर लाए गए सोने को विदेशी चिह्नों को हटाने के लिए यहां झवेरी बाजार में स्थित एक फैक्टरी में सोने को पिघलाया जाता है। विदेशी चिन्ह हटने के बाद सोने को स्थानीय बाजार में बेच दिया जाता है। इसी जानकारी के आधार पर सोमवार को डीआरआई की टीम ने झवेरी बाजार स्थित फैक्टरी में छापा मारकर दो लोगों को गिरफ्तार किया और वहां पिघलाने के लिए लाया गया 9.31 किलोग्राम सोना, जिसकी कीमत 10.48 करोड़ रुपये आंकी गई जब्त किया गया।

# विश्व स्तर पर फैली है 'मोदी की गारंटी'

एजेंसी

**हैदराबाद।** केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने दावा किया है कि 'मोदी की गारंटी' भारत की सीमाओं से परे है और इसका वैश्विक स्तर पर महत्व है। डॉ जयशंकर मंगलवार की शाम यहां फोरम फॉर नेशनलिस्ट थिंकर्स, हैदराबाद चैप्टर की ओर से आयोजित 'भारत की विदेश नीति : संदेह से विश्वास तक' विषय पर एक वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर भगवान हनुमान की तुलना एक कूटनीतिक आदर्श के रूप में की तथा अपने नागरिकों के कल्याण और सुरक्षा के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए विदेश नीति निर्णयों में राष्ट्रीय हित को सबसे आगे रखने के महत्व को रेखांकित किया। वैश्विक मामलों में डॉ. जयशंकर ने उन उदाहरणों का उल्लेख किया जहां भारत ने संकट के समय देशों को समर्थन दिया, जिसमें प्रशांत और कैरेबियाई क्षेत्र भी शामिल थे। उन्होंने चुनौतियों का सामना कर रहे देशों के साथ



समावेशिता और एकजुटता की वकालत करते हुए भारत की विदेश नीति के नैतिक आयाम पर जोर दिया तथा ऐतिहासिक चुनौतियों के परिप्रेक्ष्य में चीन को दीर्घकालिक चिंता के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने रणनीतिक स्पष्टता की आवश्यकता के साथ ही राजनयिक व्यस्तताओं में राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने के महत्व पर जोर दिया। डॉ. जयशंकर ने वैश्विक समुदाय के साथ जुड़ते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा और हितों की रक्षा की अनिवार्यता पर बल देते हुए विदेश नीति में 'भारत पहले' दृष्टिकोण की वकालत की। उन्होंने सरदार पटेल जैसे नेताओं के व्यावहारिक रुख को ध्यान में रखते हुए, कश्मीर मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र के साथ भारत की भागीदारी पर चर्चा की। उन्होंने बाहरी निर्णयों के अनुचित प्रभाव के बिना राष्ट्रीय हितों की रक्षा के महत्व पर जोर दिया। अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण पर उन्होंने कहा कि भारत ने 1947 की एक ऐतिहासिक गलती को सुधार लिया है। विदेश मंत्री ने विशेष रूप से कश्मीर और पाकिस्तान के संबंध में अंतरराष्ट्रीय दबावों पर राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता, राष्ट्रीय विकास और आर्थिक वृद्धि के लिए मजबूत संबंधों को बढ़ावा देने के साथ ही महत्व पर जोर दिया। डॉ. जयशंकर ने 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहल में आत्म-विश्वास की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि ये सिर्फ आर्थिक रणनीतियाँ नहीं हैं बल्कि आत्मविश्वास की अभिव्यक्ति हैं। कार्यक्रम में तेलंगाना प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं और केंद्रीय पर्यटन, संस्कृति और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जी किशन रेड्डी, लोकसत्ता के संस्थापक सदस्य डॉ. जयप्रकाश नारायण, पूर्व एमएलसी एन रामचंदर राव और अन्य गणमान्य हस्तियां मौजूद रहीं।

## खबरें एक नजर में

### सत्य भारती स्कूलों में मनाया गया पृथ्वी दिवस




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारती एयरटेल फॉउंडेशन के सत्य भारती स्कूलों में अर्थ डे उत्साहपूर्वक मनाया गया, जहाँ छात्र और शिक्षक जागरूकता बढ़ाने और पर्यावरण चेतना को बढ़ावा देने के लिए गतिविधियों में शामिल हुए। स्कूलों ने पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के बारे में ज्ञान विकसित करने और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने के लिए 'प्लेनेट वर्सेस प्लास्टिक' विषय पर नुक्कड़ नाटक, सामुदायिक पहल, विशेष स्कूल असेंबली और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया था। इसके अतिरिक्त, छात्र वृक्षारोपण गतिविधियों में शामिल हुए और कला के माध्यम से हरित भविष्य के सपने दर्शाए। सत्य भारती स्कूलों की इन पहलों का उद्देश्य पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए बच्चों और समुदाय दोनों में पर्यावरण प्रबंधन के प्रति स्थायी प्रतिबद्धता पैदा करना है।

### मुझे चारों ओर से फंसाने की साजिश : तेजस्वी

**पूर्णिया।** राजद नेता एवं पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव कहा कि यहां दो ही गठबंधन चुनाव लड़ रहे हैं। एक आईएनडीआईए गठबंधन और दूसरा एनडीए गठबंधन तीसरा यहां कोई नहीं है। मुझे चारों ओर से फंसाने की कोशिश की जा रही है। मेरे सभी भाई बहन पर केस है। हर दो-तीन महीने में मेरे यहां रेड की जाती है। बिहार में अकेले सबसे लड़ रहा हूं। आईएनडीआईए गठबंधन को मजबूत करने के लिए मैं लगातार नीतीश कुमार के साथ हर जगह घूमता रहा और गठबंधन को मजबूत करने का प्रयास किया। तेजस्वी यादव ने एनडीए गठबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि 40 में से 39 सांसद इन लोगों के पास ही थे फिर भी विकास क्यों नहीं हुआ। तेजस्वी ने कहा कि हमारा गठबंधन बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, चिकित्सा की बात करता है। सीमांचल सबसे गरीब इलाका है बिहार का लेकिन सीमांचल का ही विकास नहीं हुआ हमें सीमांचल का विकास करना है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन अपने ताकत के बल पर विपक्षी गठबंधन को आगे नहीं आने देगा।

### कतर व नेपाल के बीच आठ समझौते पर हस्ताक्षर

**काठमांडू।** नेपाल के दौरे पर आये कतर के अमीर शेख तामिम बिन हमाद अल थानी और प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' के बीच द्विपक्षीय वार्ता के बाद आठ समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। दो दिनों के भ्रमण के दौरान कतर के अमीर बुधवार को स्वदेश लौट चुके हैं। काठमांडू के सोल्टी होटल में द्विपक्षीय वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री 'प्रचंड' ने कतर में रहे लाखों नेपाली मजदूरों के हित का ख्याल रखने का आग्रह किया। प्रचंड ने नेपाल कृषि, उद्योग, पर्यटन और पूर्वाधार क्षेत्र में निवेश का अच्छा माहौल होने के कारण निवेश करने का आग्रह किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री प्रचंड ने नेपाल और कतर के बीच द्विपक्षीय संबंध को और अधिक मजबूत करने के लिए आपसी समझदारी सहित काम करने का प्रस्ताव किया है। उन्होंने कहा कि दो देश के बीच का संबंध सौहार्दपूर्ण मित्रता, आपसी सम्मान, विश्वास और सहयोग पर मा आधारित है।

### तृणमूल विधायक को चुनाव आयोग का नोटिस

**कोलकाता।** मतदाताओं को डराने-धमकाने के आरोप में भारतीय चुनाव आयोग ने बुधवार को चोपड़ा विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस विधायक हमीदुल रहमान को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। चोपड़ा दार्जिलिंग लोकसभा के अंतर्गत आने वाले सात विधानसभा क्षेत्रों में से एक है, जहां 26 अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान होना है। आयोग ने रहमान को 25 अप्रैल तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी पश्चिम बंगाल के कार्यालय में नोटिस का जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। सीईओ कार्यालय के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि हाल ही में आयोग के संज्ञान में यह लाया गया था कि रहमान को एक सार्वजनिक सभा में मतदाताओं को डराते हुए देखा गया। उन्होंने कथित तौर पर सीएपीएफ कर्मियों के राज्य छोड़ने के बाद उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। विधायक हमीदुल को यह कहते हुए सुना गया, अपना बहुमूल्य वोट बर्बाद मत करो। कोई भी गलत खेल मत खेलो, चुनाव खत्म होने के बाद केंद्रीय बल राज्य छोड़ देंगे, फिर तुम्हें हमारी फोर्स से ही निपटना होगा,

### कांग्रेस के घोषणापत्र से परेशान बीजेपी फैला रही तनाव

**जम्मू।** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र जन-समर्थक है और इससे भाजपा घबरा गई है और सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश करके अपनी हताशा दिखा रही है। यहां एक चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 'इंडिया गठबंधन का घोषणापत्र कहता है कि महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा, किसानों को एमएसपी दिया जाएगा, जिससे राजग घबरा गया है। (इंडिया) गठबंधन अच्छा काम कर रहा है। अनंतनाग-राजौरी निर्वाचन क्षेत्र से आम चुनाव लड़ रही मुफ्ती ने कहा कि यह 70 साल में पहली बार है कि इतना अच्छा, जन-समर्थक घोषणापत्र जारी किया गया है।

# यात्रा के शौकीनों के लिए एसबीआई कार्ड माइल्स लॉन्च

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** भारत के सबसे बड़े प्योर-प्ले क्रेडिट कार्ड इश्यूअर माइल्स कार्ड ने ट्रैवेल पर आधारित अपने पहले ट्रैवेल-फ़ोकस कोर क्रेडिट कार्ड, एसबीआई कार्ड माइल्स के तीन वैरिएंट मुंबई में लॉन्च किए हैं। इस कार्ड का उद्देश्य हर तरह के यात्री के लिए भरपूर यात्रा लाभ मुहैया करवाना है, फिर चाहे वे सफ़र करने की चाह रखने वाले हों, लगातार उड़ान भरने वाले हों या फिर यात्रा करने के शौकीन हों।

माइल्स कार्ड माइल्स आकर्षक फ़ीचर्स का ऑफ़र देता है जिनमें ट्रैवल क्रेडिट को एयर माइल्स और होटल पॉइंट्स में बदलने के साथ-साथ हर ट्रैवेल बुकिंग पर ऐक्सेलरेटेड रिवॉर्ड और एयरपोर्ट लाउंज ऐक्सेस शामिल हैं। यह कार्ड रीडेम्पशन के पूर्ण विकल्प के साथ कार्डहोल्डर्स को सशक्त बनाते हुए एयर विस्तारा, एयर इंडिया, स्पाइसजेट, एयर फ्रांस-KLM, एतिहाद एयरवेज़, एयर कनाडा, थाई एयरवेज़, क्वांटास एयरवेज़, ITC होटल, IHG होटल और रिज़ॉर्ट्स सहित 20 से ज़्यादा एयरलाइन और होटल ब्रैंड्स के साथ पार्टनर हैं, जिनमें ऐकॉर भी शामिल है। भारतीय स्टेट बैंक




के चेयरमैन श्री दिनेश कुमार खारा के अनुसार, ÷मज़बूत आर्थिक विकास और मज़बूत खपत परिदृश्य ने दुनिया में भारत की स्थिति में इज़ाफ़ा किया है। यहाँ तक कि ट्रैवेल सेक्टर में, आज भारत को एशिया और यूरोप सहित कई देशों में आउटबाउंड ट्रैवेल के लिए प्रमुख स्रोत बाज़ारों में से एक माना जाता है। मैं एसबीआई कार्ड माइल्स के लॉन्च पर SBI कार्ड को बधाई देता हूँ, जो एक मज़बूत प्रोडक्ट है और जो भारतीय कंज़्यूमर्स के लिए यात्रा के अनुभवों को फिर से परिभाषित करेगा।

यह साफ़ है कि भारतीय ज़्यादा से ज़्यादा और अलग-अलग यात्रा/ ट्रैवेल अनुभवों के लिए खुलकर सामने आते जा रहे हैं। इस कार्ड के तीन वैरिएंट्स - 'SBI कार्ड MILES ELITE', 'SBI कार्ड MILES PRIME' और 'SBI कार्ड MILES' - को क्यूरेट किए गए यात्रा लाभों के ज़रिए कार्डहोल्डर्स के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। कार्डहोल्डर्स प्रत्येक 200 रुपये के यात्रा खर्च पर 6 ट्रैवेल क्रेडिट्स और अन्य ट्रैवेल श्रेणियों पर 200 रुपये खर्च करने पर 2 ट्रैवेल क्रेडिट्स तक हासिल कर सकते हैं। 'SBI कार्ड MILES' के अंतर्गत प्रस्तुत विकल्प कार्डधारकों को कई मशहूर एयरलाइंस और होटल पार्टनर्स के बीच एक आसान और बिना किसी रुकावट के ट्रैवेल क्रेडिट रिडीम करने की सुविधा देती है। कोई भी SBI कार्ड मोबाइल ऐप या वेबसाइट https://www.sbicard.com पर जाकर इन ट्रैवेल क्रेडिट को संबंधित पार्टनर्स के एयर माइल्स/होटल पॉइंट्स में बदल सकता है या सीधे एयर टिकट और होटल आवास बुक करने के लिए उनका इस्तेमाल कर सकता है।

### आईआईडी विस्फोट से पुल को उड़ाने की कोशिश के बाद बढ़ी सुरक्षा

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार की देर रात राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या दो पर एक शक्तिशाली आईडी विस्फोट के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा और अधिक बढ़ा दी गई है। मणिपुर पुलिस ने बुधवार को बताया कि विस्फोट के जरिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक पुल को उड़ाने की कोशिश की गई। हालांकि, विस्फोट बहुत अधिक शक्तिशाली नहीं होने की वजह से पुल आंशिक रूप से ही क्षतिग्रस्त हुआ। पुल पर कई जगह गड्ढे हो गए और पुल पर दरारें पड़ गई। विस्फोट के बाद बुधवार को आधे दिन तक राजमार्ग को बंद रखा गया। बाद में सुरक्षा बलों ने बगल से आवश्यक वस्तुओं को ले जा रही छोटी गाड़ियों को पार कराया। हालांकि, भारी वाहन को इधर से गुजरने नहीं दिया जा रहा है। दरअसल, मणिपुर के कांगपोकपी जिले के सपरमीना कुब्रूलीखा इलाके में रात्रि के करीब 12.50 बजे हुई। हालांकि, इस विस्फोट में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# वाडीलाल एंटरप्राइज ने की नए समर कैम्पेन को लॉन्च करने की घोषणा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारत के अग्रणी आइसक्रीम ब्राण्ड, वाडीलाल एंटरप्राइज लिमिटेड, ने अपने नये समर कैम्पेन को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह कैम्पेन हर जश्न के मजे को दोगुना करने के लिए तैयार है। किसी भी जश्न के साथ वाडीलाल को मिलाने की अहमियत बताने वालीं तीन फिल्मों की सीरीज के साथ यह ब्राण्ड अनोखे ढंग से कहता है, ''हर मोमेंट को बनाये कमाल! वाह वाडीलाल!'' इस कैम्पेन की मुख्य थीम है 'वाह', जो वाडीलाल आइसक्रीम खाने से उपभोक्ताओं को मिलने वाली खुशी पर आधारित है।

वाडीलाल तीन अनूठी फिल्मों के जरिये जश्न के उत्साह को संजोता है। हर फिल्म में जिन्दगी की उन उपलब्धियों को दिखाया गया है, जो वाडीलाल आइसक्रीम की गैर-मौजूदगी में पूरी नहीं हो पाती हैं। अस?पताल में एक नये बच?चे के जन?म की उमंग से लेकर भारत में लंबे वक्त से खोये बेटे के दोबारा



मिलने और न्यूजरूम में मार्स लैंडिंग की नई खबर मिलने तक, वाडीलाल की मौजूदगी में यह पल यादगार जश्नों में बदल जाते हैं। फिल्में देशी अंदाज में मुख्य थीमों के अनुसार वाडीलाल से मिलने वाली खुशी दिखाती हैं और कलाकार वाडीलाल आइसक्रीम मिलने पर ही खुशखबरी पाने की प्रतिक्रिया देते हैं। एक ही पखवाड़े में कैम्पेन की तीन में से दो फिल्म में स्क्रीन पर आ चुकी हैं और अपनी मासूमियत तथा संदेश से दर्शकों का दिल जीत चुकी हैं। मार्केटिंग और ब्रांडिंग के जनरल मैनेजर नीरज आर. प्रेसवाला ने कहा, ''वाडीलाल आइसक्रीम के पास तीन पीढ़ियों के उपभोक्ता हैं और हम इस साल सबसे शानदार तरीके से हर आयु वर्ग के साथ जुड़कर उत्साहित हैं। हम हर साल इस तरह के कैम्पेन लाते रहेंगे।

# कोटक महिंद्रा बैंक के नए क्रेडिट कार्ड व ऑनलाइन अकाउंट खोलने पर रोक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बुधवार को निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक पर सख्त कार्रवाई की है। आरबीआई ने तत्काल प्रभाव से कोटक महिंद्रा बैंक को नए क्रेडिट कार्ड जारी करने पर रोकने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने पर बैन लगा दिया है।

आरबीआई ने जारी एक बयान में बताया कि बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35ए के तहत कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड तत्काल प्रभाव से काम बंद करने का निर्देश दिया गया है। रिजर्व बैंक के मुताबिक इसमें ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों और नए क्रेडिट कार्ड जारी करना भी शामिल है। हालांकि, बैंक अपने क्रेडिट कार्ड ग्राहकों सहित अपने मौजूदा ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करना जारी रखेगा। बैंक नियामक ने बैंक पर ये प्रतिबंध लगाने का कारण बताते हुए बताया कि वर्ष 2022 और 2023 के लिए आरबीआई की आईटी परीक्षा से उत्पन्न महत्वपूर्ण चिंताओं और इन चिंताओं को व्यापक और समय पर ढंग से संबोधित करने में कोटक महिंद्रा बैंक की ओर से लगातार विफलता के आधार पर आवश्यक हो गई थी।

उल्लेखनीय है कि कोटक महिंद्रा बैंक की वेबसाइट के अनुसार उसकी देशभर में 1,780 से ज्यादा ब्रांच और 4.12 करोड़ ग्राहक हैं। इस बैंक के क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल 49 लाख से ज्यादा लोग कर रहे है। इसके 28 लाख से ज्यादा डेबिट कार्ड एक्टिव है। एक लाख से ज्यादा कर्मचारी बैंक में काम करते हैं, जबकि 3.61 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा राशि बैंक में जमा हैं।

### मंच पर बेहोश होकर गिरे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी

**मुंबई।** यवतमाल जिले के पुसद में बुधवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को अचानक चक्कर आ गया। वे भाषण देते समय मंच पर बेहोश होकर गिर पड़े लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने गडकरी को संभाल लिया। कुछ देर तक उनका प्राथमिक इलाज किया गया और इसके बाद उन्होंने फिर से अपना भाषण पूरा किया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी आज पुसद में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की उम्मीदवार राजश्री पाटिल के समर्थन में आयोजित प्रचार सभा को संबोधित कर रहे थे। गडकरी कहा कि देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लगातार प्रगति कर रहा है। संबोधन के दौरान अचानक वह बेसुध होकर गिर पड़े, जिसके बाद उनके आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें संभाला और तत्काल इलाज के लिए ले गए। चुनावी सभा समाप्त होने पर गडकरी की मेडिकल जांच की गई है और उनकी तबीयत में सुधार हुआ है। बाद में गडकरी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर पोस्ट किया।

# औद्योगिक क्रांति की वजह से लकड़ी व वन उत्पादों की बढ़ी मांग

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि 18वीं और 19वीं शताब्दी में औद्योगिक क्रांति की वजह से लकड़ी और अन्य वन उत्पादों की मांग बढ़ी। इस बढ़ती मांग के कारण वनों के उपयोग के नए नियम-कानून और तरीके अपनाए गए। ऐसे नियम-कानूनों को लागू करने के लिए भारतीय वन सेवा की पूर्ववर्ती सेवा शाही वन सेवा का गठन किया गया था। उस सेवा के लोगों का शासनादेश जनजातीय समाज और वन संपदा की रक्षा करना नहीं था। उनका शासनादेश भारत के वन संसाधन का अधिक से अधिक दोहन करके ब्रिटिश राज के उद्देश्यों को बढ़ावा देना और जंगलों पर साम्राज्यवादी नियंत्रण स्थापित करना था। राष्ट्रपति इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून में बुधवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह दुखदायी तथ्य है कि वर्ष 1875



से 1925 तक की 50 वर्ष की अवधि में 80 हजार से अधिक बाघों, डेढ़ लाख से अधिक तेंदुओं और दो लाख से अधिक भेड़ियों का शिकार लोगों को प्रलोभन देकर कराया गया, जो मानव सभ्यता के पतन की कहानी है।

राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय वन अकादमी की पर्यावरण के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पर्यावरण एवं जंगलों की महत्ता के बारे में पिछले सप्ताह उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण बात कही है कि जब जंगलों के महत्व को समझने की बात आती है तो मनुष्य स्वयं को चयनात्मक भूलने की बीमारी में शामिल कर लेता है। यह जंगल की भावना है, जो पृथ्वी को चलाती है। जंगलों के महत्व को जान-बूझ कर भुलाने की गलती मानव समाज कर रहा है। हम यह भूलते जा रहे हैं कि वन हमारे लिए जीवनदाता हैं। यथार्थ यह है कि जंगलों ने ही धरती पर जीवन को बचा रखा है। उन्होंने कहा कि आज हम एंथ्रोपोसीन युग की बात करते हैं जो मानव केंद्रित विकास का कालखंड है। इस कालखंड में विकास के साथ विनाशकारी परिणाम सामने आए हैं। संसाधनों के दोहन ने मानवता को ऐसे मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां विकास के मानकों का पुनः मूल्यांकन करना होगा। आज यह समझना बहुत जरूरी है कि हम पृथ्वी के संसाधनों के मालिक नहीं, ट्रस्टी हैं।

### उच्चतम न्यायालय ने दिया मौलिक अधिकार का दर्जा

राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौती विश्व समुदाय के सामने हैं। मुश्किल यह कि मौसम की स्थिति की अनेक घटनाएं हो रही हैं। अभी हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से मुक्त होने के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के तहत मौलिक अधिकार का दर्जा दिया है। सर्वविदित है कि पृथ्वी की जैव-विविधता एवं प्राकृतिक सुंदरता का संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य हैं, जिसे हमें अतिशीघ्र करना है। वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण और संवर्धन के जरिए मानव जीवन को संकट से बचाया जा सकता है।

### जनजातीय समाज की भी विकास यात्रा में बराबर की भागीदारी

उन्होंने कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि सदियों से जनजातीय समाज द्वारा संचित ज्ञान के महत्व को समझा जाए और पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए उसका उपयोग किया जाए। उनकी सामूहिक बुद्धि हमें पारिस्थितिक रूप से टिकाऊ, नैतिक रूप से वांछनीय और सामाजिक रूप से न्यायसंगत मार्ग पर आगे बढ़ने में मदद कर सकती है। इसलिए अनेक भ्रामक धारणाओं को अनलर्न करके जनजातीय समाज की संतुलित जीवन शैली के आदर्शों से रि-लर्न करना होगा। हमें जलवायु न्याय की भावना के साथ आगे बढ़ना होगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि जनजातीय समाज की भी विकास यात्रा में बराबर की भागीदारी हो।

### विकास रथ के दो पहिए हैं परंपरा और आधुनिकता

दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि परंपरा और आधुनिकता विकास रथ के दो पहिए होते हैं। आज मानव समाज पर्यावरण संबंधी कई समस्याओं का दंश झेल रहा है। इसके प्रमुख कारणों में एक है आधुनिकता, जिसके मूल में है प्रकृति का शोषण। इस प्रक्रिया में पारंपरिक ज्ञान को उपेक्षित किया जाता है। जनजातीय समाज ने प्रकृति के शाश्वत नियमों को अपने जीवन का आधार बनाया है। जनजातीय जीवन शैली मुख्यत: प्रकृति पर आधारित होती है। इस समाज के लोग प्रकृति का संरक्षण भी करते हैं। असंतुलित आधुनिकता के आवेग में कुछ लोगों ने जनजातीय समुदाय और उनके ज्ञान-भंडार को रूढ़ीवादी मान लिया है। जलवायु परिवर्तन में जनजातीय समाज की भूमिका नहीं है, लेकिन उन पर इसके दुष्प्रभाव का बोझ कुछ अधिक ही है।